माघ मास, शुक्ल पक्ष 13, वर्ष 11, अंक 284, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, शुक्रवार, 3 फरवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - अडानी को क्यों रद्द करना पड़ा एफपीओ ?



अन्दर : ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धमाल मचाने को तैयार रवींद्र जडेजा

# अडानी मामले को लेकर संसद में हंगामा

## लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अगले दिन तक के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर गुरुवार को संसद में जमकर हंगामा हुआ। पूरे विपक्ष ने अडाणी ग्रुप के वित्तीय लेनदेन की जांच संसदीय पैनल या सुप्रीम कोर्ट की कमेटी से कराने की मांग की। इस मुद्दे पर हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा को कार्यवाही शुरू होते ही पहले दोपहर 2 बजे तक और फिर अगले दिन तक के लिए स्थगित करना पड़ा।

इधर, आरबीआई ने सभी बैंकों से अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को दिए कर्ज की जानकारी मांगी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने बताया कि आरबीआई के अफसरों ने नाम न बताने की शर्त पर यह जानकारी दी है। वहीं, शेयर मार्केट में भी अडाणी ग्रुप के शेयर्स में 10% तक की गिरावट देखी गई। बुधवार देर रात अडाणी ग्रुप ने 20 हजार करोड़ रुपए के फुली सबस्क्राइब्ड एफपीओ को रद्द कर इन्वेस्टर्स का पैसा लौटाने की बात कही थी। बुधवार को अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 26.70% गिरकर 2179.75 पर बंद हुआ था। इस गिरावट को ही एफपीओ वापस लेने की वजह माना जा रहा है।

**नोकझोंक**

**खड़गे बोले-लोगों का विश्वास बैंक और एलआईसी से उठ जाएगा, अडाणी खुद सामने आए, वीडियो मैसेज में एफपीओ रद्द करने की बात कही**

**आरबीआई ने बैंकों से पूछा-अडाणी ग्रुप को कितना कर्ज दिया, विपक्ष ने कहा- संसद या सुप्रीम कोर्ट की कमेटी जांच करे**

अडाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को लेकर कांग्रेस, टीएमसी, आम आदमी पार्टी, सपा, डीएमके, जनता दल और लेफ्ट समेत 13 विपक्षी पार्टियों ने मीटिंग की। यह बैठक राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चैंबर में हुई। इनमें से 9 पार्टियों ने राज्यसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लोगों की मेहनत का पैसा बर्बाद हो रहा है। लोगों का विश्वास बैंक और एलआईसी से उठ जाएगा। कुछ कंपनियों के शेयर लगातार गिरते जा रहे हैं। सभी पार्टियों के नेताओं ने मिलकर एक फैसला लिया है कि आर्थिक दृष्टि से देश में जो घटनाएं हो रही हैं उसे सदन में उठाना है, इसलिए हमने एक नोटिस दिया था। हम इस नोटिस पर चर्चा चाहते थे, लेकिन जब भी हम नोटिस देते हैं तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाता है। आप सांसद संजय सिंह ने बताया कि उन्होंने गौतम अडाणी का पासपोर्ट जब्त करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, ईडी और सीबीआई को एक लेटर लिखा है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं किया तो वह भी कई बिजनेसमैन की तरह देश से भाग जाएंगे और देश के करोड़ों लोगों के पास कुछ भी नहीं बचेगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा- अपने कुछ नेताओं को फायदा पहुंचाने के लिए भाजपा बैंक और एलआईसी के पैसे का इस्तेमाल कर रही है। शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा- पूरा विपक्ष दोनों सदनों में हिंडनबर्ग रिपोर्ट और अडाणी के स्टॉक क्रैश होने का मुद्दा उठाएगा।



## स्कूल में डंप मिला एक करोड़ का पान मसाला

**कानपुर।** कानपुर देहात में गजनेर के नहोली गांव स्थित एक स्कूल में गुरुवार को नामचीन कंपनी का करीब दो सौ बोरी पान मसाला बरामद हुआ। इससे पूर्व स्कूल संचालक ने बच्चों को ये कहकर लौटा दिया कि उसकी मौसी खत्म हो गई हैं। अब पांच दिन स्कूल नहीं खुलेगा। वह पुलिस के पहुंचने से पहले फरार हो गया। पुलिस ने स्कूल का कमरा खुलवाया, तो पान मसाला मिला। जीएसटी टीम के अनुसार बरामद पान मसाला की कीमत करीब एक करोड़ है। फिलहाल पुलिस व जीएसटी टीम छानबीन कर रही है।

नहोली स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को बच्चे पढ़ने पहुंचे, तो स्कूल संचालक धीरेंद्र सिंह ने उन्हें यह कहकर वापस कर दिया कि उसकी मौसी खत्म हो गई हैं। अब पांच दिन स्कूल नहीं खुलेगा। वहीं, स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप में भी यही सूचना डाली गई। इससे टीचर भी स्कूल नहीं गए। उधर, एक व्यक्ति की सूचना पर स्कूल पहुंची पुलिस ने नायब तहसीलदार व जीएसटी के अधिकारियों के साथ मिलकर स्कूल का मुख्य गेट व कमरा खुलवाया। तो एक बड़े हाल में करीब दो सौ बोरी पान मसाला डंप मिला।

**खुलासा**

**संचालक ताला बंद कर फरार, जांच में जुटी पुलिस और जीएसटी टीम**

प्रारंभिक जांच में पान मसाला एक नामचीन कंपनी का मिला। जीएसटी टीम मामले में छानबीन कर रही है। गजनेर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरजीत कुमार ने बताया कि मामले में कई बिंदुओं पर जांच चल रही है। जीएसटी टीम की जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्कूल में बड़ी मात्रा में पान मसाला बरामद होने की जानकारी होते ही गांव के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। स्कूल संचालक मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम को संचालक के घर में भी ताला लगा मिला। स्कूल को संस्कृत बोर्ड से कक्षा पांच तक मान्यता होने की बात शिक्षा विभाग के अधिकारी बता रहे हैं। पुलिस अधिकारी आशंका जता रहे हैं कि टैक्स चोरी करके पान मसाला ले जाया जा रहा था।




## ईडी का दावा-दिल्ली सरकार ने शराब घोटाले का पैसा गोवा चुनाव में लगाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में कथित शराब घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सनसनीखेज दावा किया है। गुरुवार को ईडी की ओर से कोर्ट में चार्जशीट पेश की गई, जिसमें दावा किया गया है कि आप की सरकार ने आबकारी नीति से अर्जित धन का कुछ हिस्सा गोवा के चुनाव में खर्च किया। वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी की चार्जशीट को काल्पनिक और फर्जी बताया है। सीएम केजरीवाल ने कहा है कि ईडी ने इस सरकार के कार्यकाल में करीब 5000 चार्जशीट फाइल की होंगी। उसमें से कितने लोगों को सजा हुई? ईडी के सारे केस फर्जी हैं। ईडी का इस्तेमाल केवल सरकारें गिराने और सरकारें बनाने में होता है। ईडी भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए नहीं बल्कि इन लोगों की सरकारों के लिए एमएलए खरीदने और एमएलए तोड़ने के लिए प्रयोग में आती है। बता दें कि बीते साल गोवा में विधानसभा चुनाव हुए थे, जिसमें आम आदमी पार्टी ने महज दो सीटों पर ही जीत दर्ज की थी। इससे पहले छह जनवरी को शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने दूसरी चार्जशीट दायर की थी। ईडी ने ये चार्जशीट राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की थी।

**सीएम केजरीवाल बोले- सारे केस फर्जी**

## याजदान बिल्डर ने क्रिकेटर से ठगे 71 लाख, जान से मारने की दी धमकी

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर रविकांत उर्फ रविकांत शुक्ला से याजदान बिल्डर ने 71 लाख रुपये ठग लिये। बिल्डर ने पीड़ित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर से यह ठगी एलडीए के मानक के अनुसार अपार्टमेंट बनवाकर फ्लैट देने के वादा कर किया था। लेकिन इस अपार्टमेंट को अवैध बताते हुए एलडीए ने दिसंबर में ध्वस्त कर दिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने धमकी दी। इस मामले में पीड़ित ने याजदान इंफ्राक न प्रा. लि. के चार निदेशक सहित सात लोगों को बनाया है। पीड़ित ने सभी आरोपियों के खिलाफ हजरतगंज थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज अखिलेश मिश्रा के मुताबिक मूलरुप से रायबरेली के रहने वाले रविकांत उर्फ रविकांत शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर हैं। रविकांत ने भारत की अंडर-19 टीम से 2006 में आयोजित विश्वकप में प्रतिनिधित्व किया था। इस टीम में वनडे के कप्तान रोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा व पीयूष चावला जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल थे।

**धोखाधड़ी**

**हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज**

## विदेश मंत्रालय बोला 'उपयुक्त समय पर करेंगे घोषणा', पीएम की यूएस की संभावित यात्रा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की संभावित यात्रा की मीडिया रिपोर्टों को स्पष्ट करते हुए, विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि भारत सही समय पर उच्च स्तरीय यात्रा की घोषणा करेगा। मीडिया ब्रीफिंग के दौरान, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि इस समय, किसी विशेष तारीख या यात्रा के बारे में बात नहीं की जा सकती है, क्योंकि वहां पहले से ही कई दौरे हो रहे हैं। अरिंदम बागची ने कहा, 'हम इस तरह की मीडिया रिपोर्टों पर टिप्पणी नहीं कर सकते। हम उचित समय पर हाई लेवल यात्रा की घोषणा करेंगे। इस समय, मुझे किसी विशेष तारीख या यात्रा की जानकारी नहीं है। जैसा कि आप जानते हैं कि वहां यात्राएं चल रही हैं।' बागची ने कहा, 'इसलिए मुझे कुछ भी पहले से नहीं बताना चाहिए।

# राम जन्मभूमि को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** अयोध्या में राम जन्मभूमि को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का काम तेजी से चल रहा है और इस मंदिर पर देश और दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। इस बीच राम जन्मभूमि को लेकर धमकी से खलबली मच गई है।

बताया जा रहा है कि राम जन्म भूमि के यलो जोन क्षेत्र में स्थित रामलला सदन में निवास कर रहे मनोज कुमार के मोबाइल पर धमकी भरा फोन आया था। हालांकि फोन किसने किया अभी तक इसकी जानकारी नहीं मिली है। अज्ञात शख्स ने रामलला सदन में निवास कर रहे मनोज कुमार गुरुवार सुबह 5:30 बजे फोन करके धमकी दी। राम जन्मभूमि को उड़ाने की धमकी के बाद मनोज कुमार ने फौरन पुलिस को सूचना दी जिसके बाद थाना राम जन्मभूमि के प्रभारी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है और पुलिस जांच में जुट गई है। जिन मनोज कुमार को धमकी भरा फोन आया है वह अभी कुछ समय के लिए प्रयागराज में हैं।

**सतर्कता बढ़ी**

**थाना राम जन्मभूमि में दर्ज हुई एफआईआर**

**फोन किसने किया और कहां से आया? जांच में जुटी पुलिस**

**फोन करने वाले ने दिल्ली बताई लोकेशन, नेपाल से पवित्र शिलायें अयोध्या पहुंची**

बताया जा रहा है कि जब मनोज ने फोन उठाया तो अज्ञात शख्स ने खुद की लोकेशन दिल्ली बताई और धमकी दी कि आज सुबह 10 बजे तक वह राम जन्मभूमि को बम से उड़ा देगा। जैसे ही धमकी भरे फोन की खबर मनोज ने पुलिस को दी तो राम जन्मभूमि के आस पास सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई। पुलिस ने पूरे इलाके की सघन जांच की लेकिन कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली। हालांकि इसके बाद भी पुलिस हाई अलर्ट पर है।



इस बीच अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर में स्थापित होने वाली भगवान राम की मूर्ति को तराशने में इस्तेमाल होने वाली नेपाल की गंडकी नदी से विशेष पवित्र शिलायें (चट्टान) अयोध्या पहुंच चुकी हैं। पवित्र शिलाएं बुधवार देर रात अयोध्या पहुंचीं और उन्हें बृहस्पतिवार दोपहर विशेष पूजा अर्चना के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भेंट की गईं। यहां 51 वैदिक शिक्षकों ने शालिग्राम पवित्र शिलाओं की पूजा की और उसके बाद उन्हें मंदिर ट्रस्ट को सौंप दिया गया।

# बजट का सबसे अधिक फायदा यूपी को मिलेगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को 5 कालीदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुधवार को संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2023-24 का बजट प्रस्तुत किया। उससे यूपी की जनता लाभान्वित होने जा रही है। अमृतकाल के पहले बजट में पहले वर्ष से आजादी के शताब्दी वर्ष तक कैसा भारत चाहते हैं। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला सर्वस्पर्शी समावेशी बजट है। समाज के प्रत्येक तबके को बजट में अवसर देने का काम किया है।

इन अवसर को सप्तऋषि के रूप में लिया है। योगी ने कहा कि सप्तऋषि के रूप में सात प्राथमिकता तय की है। समावेशी विकास, अंत्योदय की परिकल्पना, इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट, रेलवे का बजट पहले से अधिक है, 50 नए एयरपोर्ट बनाने जा रहे हैं। इसका सबसे अधिक फायदा यूपी को मिलेगा। यूपी ने सबसे ज्यादा हाइवे का प्रस्ताव भेजा है। सक्षमता को सामने लाना भी प्राथमिकता है। यूपी के लिए बड़ी संभावना है। ग्रीन ग्रोथ भी प्राथमिकता है। यूपी में ग्रीन एनर्जी, हाइड्रोजन एनर्जी पर यूपी में काम हो रहा है।

**बातचीत**

**पत्रकार वार्ता में बोले सीएम योगी-समाज के सभी वर्ग के लिए बजट में अवसर, इसमें छिपा है 25 साल का विजन**

युवा शक्ति की प्राथमिकता का लाभ यूपी को मिलेगा। यूपी में सबसे अधिक युवा हैं। केंद्रीय बजट विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करता है। 2047 में हर भारतवासी कह सकेगा कि वह सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति का निवासी है। 25 साल का विजन बजट में छिपा है। आर्थिक विकास दर 7 फीसदी पहुंचाने का लक्ष्य है। भारत की प्रति व्यक्ति आय दोगुना हुई है। अंत्योदय के तहत 15 करोड़ यूपी की जनता मुफ्त अनाज ले रही है। पीएम आवास का लाभ पात्रता सूची के हर व्यक्ति को मिल जाएगा। 25 करोड़ आबादी यूपी में निवास करती है। 35 मेडिकल कॉलेज पर काम कर रहे हैं। हेल्थ सेंटर का बैक बुन में 28 नए नर्सिंग कॉलेज मिल जाएंगे। नर्सिंग के छात्रों को प्लेसमेंट की गारंटी मिलेगी। कृषि विकास दर को 5 से बढ़ाकर 8.5 फीसदी करने में सफल रहे। बहुत अच्छा गुंजाइश है। सबसे अधिक उर्वरक भूमि और जल उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में संभावना को आगे बढ़ाने का काम किया गया है। प्रदेश के आठ आकांशी जिले में विकास में बहुत काम हुआ है। देश के 112 आकांशी जिले में टॉप 5में सभी पांच जिले यूपी के है। टॉप 20 में सभी 8 जिले है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सीवर सफाई का काम मशीन से होगा। पर्यटन विकास को मिशन मोड पर करेंगे।



## मुरादाबाद में नहीं मिली अखिलेश यादव के प्लेन को लैंडिंग की अनुमति

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के लिए गुरुवार को मुरादाबाद में प्लेन लैंड करने की अनुमति नहीं मिली। इससे नाराज समाजवादी पार्टी ने दावा किया है कि भाजपा के अहंकार का जल्द अंत होगा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 4 फरवरी 2023 को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को मुरादाबाद में एक समारोह में सम्मिलित होना था लेकिन योगी सरकार प्लेन को लैंड होने की अनुमति नहीं दे रही है। यह बेहद निंदनीय कृत्य है। जानकारी के अनुसार अखिलेश यादव पूर्व विधायक दीप कुमार से मुलाकात करने जा रहे थे लेकिन प्लेन लैंडिग की अनुमति नहीं मिलने के कारण कार्यक्रम को निरस्त कर दिया गया है। समाजवादी पार्टी ने इस पर ट्वीट करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है।

# एलआईसी मुद्दे पर 6 को कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एलआईसी तथा सरकारी बैंकों के शेयरों में हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद आई गिरावट को गंभीर बताते हुए कहा है कि यह गरीबों के पैसे लुटवाए गये हैं और पार्टी छह फरवरी को इसके विरोध में देशव्यापी आंदोलन करेगी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि जनता के पैसे लुटवाने और इसको लेकर उभरे लोगों के आक्रोश को देखते हुए पार्टी ने सोमवार 06 फरवरी को जीवन बीमा निगम कार्यालयों और भारतीय स्टेट बैंक के कार्यालयों के सामने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि अडानी समूह में एलआईसी ने कुल 36,474.78 करोड़ रुपये का और राष्ट्रीय बैंकों ने इसमें लगभग 80,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। मामला सामने आने के बाद से समूह को 100 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेश कार्यालयों और जिला कांग्रेस समितियों से प्रदर्शन करने का अनुरोध किया गया है और इन प्रदर्शनों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बूथ स्तर पर इसमें शामिल होना सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

**तैयारी**

**सभी प्रदेश कार्यालयों और जिला कांग्रेस समितियों से प्रदर्शन करने का अनुरोध**

## समान नागरिक संहिता लागू करने पर कोई फैसला नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को संसद को बताया कि 22वां विधि आयोग समान नागरिक संहिता से संबंधित मामले पर विचार कर सकता है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह भी बताया कि समान नागरिक संहिता लागू करने पर कभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने भारत के 21वें विधि आयोग से अनुरोध किया था कि समान नागरिक संहिता से संबंधित विभिन्न विषयों का परीक्षण करें और उस पर अपना सुझाव दें। रीजीजू ने कहा कि लेकिन 21वें विधि आयोग की अवधि 31 अगस्त 2018 को समाप्त हो गई।

**निर्णय**

**कानून मंत्री किरण रिजिजू ने संसद को बताया**



उन्होंने कहा कि विधि आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार समान नागरिक संहिता से संबंधित मामला 22वें विधि आयोग द्वारा अपने विचार के लिए लिया जा सकेगा। अतः समान नागरिक संहिता लागू करने पर कभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।" ज्ञात हो कि समान नागरिक संहिता भारतीय जनता पार्टी का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा रहा है। उत्तराखंड और गुजरात जैसे भाजपा शासित कुछ राज्यों ने इस लागू करने की दिशा में कदम उठाया है।

# बेल बॉन्ड के बगैर भी कैदी को मिलेगी रिहाई

**नई दिल्ली।** जमानत मिलने के बाद भी कैदी जेल में ही बंद रह जाते हैं। बेल बॉन्ड या फिर दूसरे झमेलों में वो ऐसे फंसते हैं कि उनकी जेल से रिहाई मुमकिन नहीं हो पाती। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 7 अहम आदेश जारी करके कैदियों की रिहाई को मुमकिन बनाने की कोशिश की है।

सात सूत्रीय प्रोग्राम के जरिए शीर्ष अदालत ने कैदियों को उम्मीद की एक किरण दिखाई है। जिस कोर्ट से कैदी को जमानत मिली है उसे हर हाल में आदेश की सॉफ्ट कॉपी जेल सुपरिटेंडेंट को ई-मेल के जरिये भेजनी होगी। ये कॉपी आदेश जारी करने वाले या उससे अगले दिन तक भेजनी जरूरी है। जेल अधीक्षक को ई प्रिजंस सॉफ्टवेयर में जमानत की तारीख की एंट्री करनी होगी। जमानत दिए जाने के सात दिनों के बाद भी कैदी की रिहाई नहीं हो पाती है तो जेल अधीक्षक की ड्यूटी होगी कि वो ऊछरअ के सचिव को इत्तला दे। सचिव किसी एडवोकेट या फिर वालंटियर की ड्यूटी लगाएगा।


**राहत**

**जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट ने दिए 7 अहम निर्देश**

**जेल अधीक्षक देंगे डीएलएसए को इत्तला**

**टेंपरेरी बेल दे सकती है कोर्ट, लोकल श्योरिटी को कर सकते हैं नजरंदाज**

ये लोग कैदी की रिहाई को सुनिश्चित करने के लिए हर मुमकिन मदद करेंगे। नेशनल इनफोर्मियोटिक सेंटर ई प्रिजंस के सॉफ्टवेयर में इस तरह के प्रावधान करेगा जिससे जमानत की तिथि के साथ कैदी की रिहाई की तारीख जेल के सॉफ्टवेयर में दर्ज हो जाएगी। 7 दिनों बाद अगर कैदी रिहा नहीं होता है तो अपने आप ई मेल ऊछरअ को चली जाएगी। डीएलएसए कैदी की आर्थिक स्थिति को देखेगा। अगर वो जरूरी शर्तें पूरी करने की स्थिति में नहीं है तो कैदी की सोशियो इकोनॉमिक कंडीशन की एक रिपोर्ट अपने लोगों से तैयार कराएगा। इस रिपोर्ट को कोर्ट के समक्ष रखेगा। उसकी कोशिश होगी कि कैदी को रियायतें दिलाई जा सकें। अगर कैदी दरखास्त करता है कि वो रिहाई के बाद बेल बॉन्ड और श्योरिटी जमा करा देगा तो कोर्ट उसकी स्थिति पर विचार कर-के उसे टेंपरेरी बेल दे सकती है। ये जमानत एक तय समयावधि के लिए होगी। इसके भीतर कैदी को बॉन्ड के साथ श्योरिटी कोर्ट में जमा करानी ही होगी। अगर रिहाई के एक माह बाद भी कैदी बेल बॉन्ड या फिर श्योरिटी जमा नहीं कर पाता है तो संबंधित कोर्ट मामले का स्वतः संज्ञान ले सकती है। वो या तो आदेश को मॉडीफाई कर सकती है या फिर कैदी को राहत देने के लिए जरूरी चीजें जमा करने की मियाद में इजाफा कर सकती है। कई बार देखा गया है कि लोकल श्योरिटी न दे पाने की वजह से कैदी की रिहाई नहीं हो पाती। ऐसे मामले में कोर्ट फिर से विचार कर-के इस शर्त को हटा भी सकती है। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस एएस ओका की बेंच ने कहा है कि ऐसे मामले में लोकल श्योरिटी को हटा दिया जाए तो ही ठीक है।





## संक्षेप

### मार पीट में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दो अलग अलग गांवों में मामूली बात को लेकर मार पीट कई घायल हुए हैं पुलिस ने दोंनों मामलों में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सरायजीतराय निवासी संजय कुमार यादव पुत्र सूरज प्रसाद यादव का आरोप है कि पडोसी उसे मार पीट कर जख्मी कर दिए तथा जान से मारे की धमकी भी दिए।संजय कुमार ने मऊआइमा थाने में तीरथराज, उसकी पत्नी शिवकुमारी एंव पुत्री रेनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर ग्राम सरायजाजा क्षलिया छाता निवासी सोनेलाल पुत्र राम देव का आरोप है कि उसकी गैर मौजूदगी में गांव के कतिपय लोग शराब पीकर आज और उनकी पत्नी निर्मला को गालियां दी और जान से मारने की धमकी भी दिए। सोनेलाल ने मऊआइमा थाने में नोखे लाल तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### विद्यालय से चोरों ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटरादयाराम स्थित संविलियन विद्यालय का ताला तोड़कर कर चोरों ने विद्यालय के अन्दर रखा कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एंव अन्य सामान चोरी कर ले गए। प्रधानाध्यापक पंकज यादव ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### किशोरी को अज्ञात युवक ने किया अपहरण, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक किशोरी को अज्ञात यूवक बहला फुसला कर भगा कर ले गया।किशोरी के पिता ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को अज्ञात युवक बहला फुसला कर अपहरण कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है : स्वतंत्र देव

**सहसों।** गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। गरीबों का कल्याण नर सेवा नारायण सेवा है। उक्त बातें उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सहसों स्थित शिवा शीतगृह में स्वर्गीय शिवपूजन केसरवानी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर आयोजित विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर के उद्घाटन के अवसर पर कहा। उन्होंने कहा मोदी योगी की सरकार ने गरीब माताओं को रहने के लिए पक्का मकान, भोजन, गैस कनेक्शन, बिजली का कनेक्शन, मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड सहित कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है जिसका लाभ गरीबों को मिल रहा है। उन्होंने कहा देश का बहुत नुकसान हुआ नेहरू से शुरू हुआ जो राहुल गांधी तक चला। जहां वंशवाद है वहां जातिवाद है और वहां पर भ्रष्टाचार भी है। देश व प्रदेश में तपस्वी व संत राज नहीं लोगों की सेवा कर रहे हैं।


कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का स्वागत करते हुए

उन्होंने कहा शुद्ध पानी एवं स्वच्छता के कारण मृत्यु दर मैं 98 फीसदी की कमी आई है। इसलिए सरकार हर घर में शुद्ध पेयजल व स्वच्छता के लिए कारगर उपाय कर रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों से मां बाप की सेवा के साथ बच्चों से नशे वाली वस्तुएं न भगाने का संकल्प दिलाया। अंत में उन्होंने पुण्यतिथि पर कार्यक्रम के आयोजक आशीष केसरवानी की सराहना करते हुए समाज सेवा की लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि देश का दीन हमारा आराध्य है यह मानकर उसकी सेवा करें इससे बड़ा कोई धर्म नहीं है। महामंडलेश्वर संतोष दास सतुआ बाबा ने अपने आशीर्वचन में इस पुनीत कार्य के लिए राम लली देवी तथा आशीष केसरवानी सहित पूरे परिवार की आस्था के साथ सेवा करने पर खुशी जाहिर करते हुए आशीर्वाद दिया।फूलपुर के विधायक प्रवीण पटेल ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कैबिनेट मंत्री से कहा की कि तीन ब्लाक डेंजर जोन में है तथा कछारी इलाके के किसान बाढ़ से बहुत प्रभावित हो जाते हैं जिसके लिए कारगर उपाय की मांग की। कार्यक्रम में विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, पूर्व विधायक दीपक पटेल, ब्लॉक प्रमुख विपेंद्र सिंह पटेल, ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह, ब्लॉक प्रमुख अरुण यादव दब्बू एवं ब्लाक प्रमुख शैलेष जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल वीरेंद्र बहादुर सिंह ब्लाक प्रमुख शशांक मिश्रा,ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र सिंह ने स्वर्गीय लालचंद केसरवानी एवं स्वर्गीय शिवपूजन केसरवानी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजक आशीष केसरवानी ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह के रूप में भगवान श्री राम दरबार की दिव्य मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रमेश अग्रहरि ने किया। इस अवसर पर सतीश केसरवानी, मनीष केसरवानी, सुशील केसरवानी, सुनील केसरवानी, सत्यम केसरवानी, शिव नारायण सिंह, गप्पू, राजभर द्विवेदी, पटीएन सिंह, संदीप द्विवेदी, अनिल सरोज, नवीन पटेल, वीडियो, मनोज कुमार सिंह, गिरजा शंकर यादव, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### 1025 मरीजों का हुआ परीक्षण दी गई दवाएं

**सहसों।** स्वर्गीय सेठ शिवपूजन केसरवानी की पुण्यतिथि पर आयोजित विशाल ने नेत्र चिकित्सा शिविर में क्षेत्र से आए हुए 1025 मरीजों का हरि नेत्रालय के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ आर एन मिश्र एवं उनकी टीम द्वारा नेत्र परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाएं दी गई। इसके अतिरिक्त चश्मा तथा मोतियाबिंद के लिए भी मरीजों को चिन्हित किया गया। इस मौके पर 200 मरीजों को मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी मरीजों को आयोजक आशीष केसरवानी की तरफ से ठंड से राहत प्रदान करने के लिए कंबल प्रदान किया गया।

# बजट को कुछ लोगों ने सराहा तो कुछ ने कहा लोक लुभावना




**सहसों।** भारत के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को बजट पेश किया। जिस पर क्षेत्र के लोगों की मिली जुली प्रतिक्रिया रही।कुछ लोगों ने बजट को सराहा तो कुछ लोगों ने कहा यह बजट चुनाव को देखते हुए लोक लुभावना है। बजट पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट देवराज उपाध्याय ने कहा कि यह बजट सिर्फ लोकलुभावन और चुनावी हैं। इसे 2023 में होने वाले चुनाव और 2024 में होने वाले लोकसभा के चुनाव को दृष्टिगत प्रस्तुत किया गया है। इसमें दैनिक जीवन में काम आने वाली खाद्य वस्तुएं जैसे आटा, चावल, दाल ,तेल, मसाले ,डीजल ,पेट्रोल एवं अन्य जीवन रक्षक दवाइयों उर्वरक आदि मूल्यों पर कोई कमी नहीं की गई है। बजट में नौजवानों को कैसे नौकरिया मिले कैसे महंगाई पर नियंत्रण हो इस पर कोई बात नहीं की गई है।

"भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल का कहना है कि इस बजट में मध्यम वर्ग जनजातीय वर्ग तथा रोजगार सृजन की चिंता की गई है।यह बजट भारत के गरीब लोगों को समर्पित है।"

"राकेश बहादुर सिंह का कहना है कि इस बार नौकरी पेशा लोगों को सरकार ने बहुत बड़ी राहत दिया है।पहली बार सरकारी कर्मचारियों को टैक्स पर छूट सीमा बढ़ायी गयी है।सात लाख तक इनकम पर टैक्स शून्य रखा गया है। वहीं तीन से छह लाख आय पर पांच प्रतिशत टैक्स देना होगा।यह बहुत बड़ी राहत मिली है।टीवी, मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक सामान को भी सस्ता किया जाना जनहित का फैसला है।"

"साधन सहकारी समिति पैगंबरपुर के अध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी आजाद का कहना है कि यह बजट जनविरोधी एवं हवा हवाई है।"


विदाई समारोह में उपस्थित लोग

## सेवानिवृत्त एडीओ पंचायत की भावभीनी विदाई

**होलागढ़।** ब्लाक में कार्यरत एडीओ पंचायत श्याम किशोर मिश्र के सेवानिवृत्त होने पर सहयोगी कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दिया। ब्लाक सभागार में समारोह का आयोजन कर उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया गया। इस दौरान एडीओ पंचायत समेत उपस्थित कर्मचारियों की आंखें नम रही। श्याम किशोर मिश्र विकास खंड होलागढ़ में एडीओ पंचायत के पद पर कार्यरत थे। पूर्व में भी होलागढ़ ब्लाक में लगभग 10 वर्ष तक ग्राम पंचायत अधिकारी रह चुके हैं। विगत 14 माह तक होलागढ़ ब्लाक में बतौर एडीओ पंचायत के पद पर कार्यरत रहे। 31 जनवरी को वह सेवामुक्त हो गए। सेवानिवृत्त होने के बाद बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लाक कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया। श्याम किशोर मिश्र को कर्मचारियों ने फूल मालाओं से लाद दिया गया। वहीं खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ने अंगवस्त्र भेंटकर उनके कार्यों की सराहना किया।सफाई कर्मचारी ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव की अगुवाई में सफाईकर्मियों ने भगवान सीताराम की स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन एडीओ कोआपरेटिव बृजेंद्र मिश्रा ने किया। इस मौके पर तिभुवन सिंह, राकेश पांडेय, विनोद कुमार गुप्ता, लव मिश्रा, द्वारिका प्रसाद पटेल, अरविंद कुमार, अवधेश पटेल, सुशील द्विवेदी, रचना श्रीवास्तव, नन्दकिशोर द्विवेदी, संतलाल यादव, हरिनंद, जगतपाल पटेल, सोमेश त्रिपाठी, नीरज कुमार, सुभाष यादव, बंशीलाल राजेश प्रजापति, विशाल धुरिया, संदीप कुमार आदि कर्मचारी एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद थे।

# महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में वार्षिक खेल दिवस समारोह का आयोजन

**नैनी।** गुरूवार को महर्षि विद्या मन्दिर दूरवाणी नगर, नैनी के प्रांगण में वार्षिक क्रीड़ा दिवस का भव्य आयोजन हुआ। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि शशिकान्त सिंह, वरिष्ठ जेल अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार नैनी, प्रयागराज ने गुब्बारें एवं कबूतर छोड़कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीगुरूपूजन से हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का तिलक, नारियल-सॉल एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण आगन्तुक महानुभावों से खचाखच भरा हुआ था।

विद्यालय की छात्राओं ने स्वागीत के माध्यम से उपस्थित सभी महानुभाओं का स्वागत किया। इस शुभ अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती कृष्णा मिश्रा, प्रोफेसर भारतीय सूचना प्रौधोगिकी संस्थान, प्रयागराज एवं डॉ संजय कुमार लाल सहायक श्रम आयुक्त प्रयागराज तथा जय प्रकाश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा संघ, उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा सभी आगन्तु गणमान्य जनो का अपने मुखार बिन्दुओं से हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत किया । इस अवसर को सुशोभित करने वाले अन्य अतिथियों में उत्साही माता झपिता, पूर्व छात्र एवं मीडिया कर्मी शामिल थे । कार्यक्रम में गति प्रदान करने के लिए माननीय मुख्य अतिथि जी ने मशाल जला कर दिखाया। रंग-विरंगे परिधानों में सजे-धजे बच्चों ने आमंत्रित गणमान्य लोगों का खुशी-खुशी स्वागत किया तथा निर्विघ्न कार्यक्रम की आशा से छात्र -छात्राओं ने भगवान गणेश की वन्दना प्रस्तुत की। गुंजायमान समारोह को गुञ्जित करते हुए रंग-बिरंगे परिधानों एवं वाद्य यन्त्रों से सुसज्जित छात्र झ छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चाँद ला दिया। योगा, फ्लावर ड्रिल, फ्लैग ड्रिल, सेक रेस की शानदार प्रस्तुतियों ने अनोखा समां बांध दिया। विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया । फिर शुरू होता है आध्यात्मिक आकर्षित कृष्णा नृत्य, दुर्गा नृत्य एवं गर्बा नृत्य जिसने सभी लोगों को आनन्द सिन्धु में डुबों दिया। डम्बल ड्रिल, हूपला, थ्रीलेग रेस, पिरामिड एवं भाँगरा की भव्य प्रस्तुतियों से पूरा विद्यालय प्रांगण रोमांचित सा हो गया और करतल/वनियों से गूँज उठा।


समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे मुन्ने



मुख्य अतिथि का स्वागत करतीं विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला जी ने महर्षि परम्परा की दिव्य आभा को प्रकाशित करते हुए कहा कि महर्षि विद्या मन्दिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष ब्रह्मचारी डॉ. गिरीश चन्द्र वर्मा जी के दिशा निर्देशन में प्रतिवर्ष सांस्कृतिक समारोह एवं खेल समारोह का आयोजन होता है । पूरा महर्षि विद्यालय परिवार पूज्य महर्षि महेश योगी जी द्वारा निर्देशित कार्यो को साकार करने में सतत प्रयासरत है मुख्य अतिथि ने पूरे कार्यक्रम की भूरि-भूरि सराहना किया। उन्होंने कहा कि खेल, योगासन एवं दौड़ से हमारी शरीर स्वस्थ रहती है तथा मानसिक क्षमता का उत्तरोत्तर विकास होता है। विशिष्ट अतिथि श्रीमती कृष्णा मिश्रा ने कार्यक्रम की दिव्यता पर विशेष प्रकाश डाला। डॉ. संजय कुमार लाल एवं जय प्रकाश शर्मा जी ने महर्षि परम्पराओं को ध्यानाकर्षित किया और भव्य आयोजन की भव्यता को सविस्तार व्यक्त किया। समारोह के अन्त में प्रधानाचार्या जी ने आगन्तुक सभी अतिथियों का साधुवाद आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बच्चों के हाथ में सरकारी शराब की दुकान पर बेची जा रही शीशी

**भविष्य से खिलवाड़**

**जिनकी उम्र किताब पढ़ने की उनके हाथ मे ठेके की शराब भरी शीशी**

**लालापुर।** क्षेत्र के बसहरा तरहार गांव में सरकारी शराब के दुकान पर बिना रोक टोक के कम उम्र के बच्चों के हाथ बेची जा रही शराब की शीशी। सरकार ने ठेका देते समय सभी नियम के तहत दुकानदारों को अमल करते हुए बिक्री करने का निर्देश दिया है।

लेकिन यहाँ बिल्कुल नियम को दर किनार करते हुए सेल्समैन को चाहे जो भी आए सिर्फ बेचने से मतलब होता है। ऐसा लगता है इस दुकान पर कोई नियम लागू होता है।

आखिर इसकी जांच करने आबकारी विभाग क्यो नही करता अगर करता भी है तो सिर्फ खाना पूर्ति करके चला जाता है। बसहरा तरहार गांव में सड़क के बगल बस्ती के नजदीक सरकारी शराब की दुकान है। इस दुकान पर अगर इसी तरह बिना सरकारी लगाम कसे शराब बेची जाएगी तो ओ दिन दूर नही जब इन जैसे को देखकर कितने घर के बच्चे शराब के लत में फस जायेगे और घर बर्बाद के कगार से कोई नही रोक पायेगा। शराब के दुकानदार नही मानते नियम चाहे चुनाव हो या होली त्यौहार इनको बेचने से लेकर बन्द करने का समय निर्धारित कर रखी है। लेकिन आदेश आने से पहले अपने चहेतों के यहाँ रखकर औने पौने दाम पर जोरो से बिक्री करते है।


शराब की शीशी खरीदकर जेब में डालता नाबालिग

## प्रयागराज के महाविद्यालय में सुविधा शुल्क मांगने का आरोप

**प्रयागराज ।** प्रयागराज के हंडिया थाना क्षेत्र के सैदाबाद आसेपुर स्थित श्याम कुमारी महाविद्यालय का एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है। जिसमें नकल के लिए सुविधा शुल्क न देने पर छात्र ने आरोप लगाया है, कि समय से पहले कॉपी छीनकर विद्यालय से भगा दिया गया। बता दें कि छात्र अखिलेश सिंह पुत्र माता बरन निवासी ग्राम दुगुना पोस्ट कटरा भदोही का रहने वाला है। जिसकी एमए की परीक्षा श्याम कुमारी महाविद्यालय में हो रही है?। छात्र ने बताया कि उसका एमए प्रथम वर्ष हिंदी की परीक्षा श्याम कुमारी महाविद्यालय आसेपुर में चल रहा है। पीड़ित ने बताया कि सभी छात्रों से नकल कराने के लिए सुविधा शुल्क के नाम पर 1000 रुपए लिया गया था। जिन छात्रों ने सुविधा शुल्क नहीं दिया। उन्हें परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक के द्वारा अलग कमरे में बैठाया जाता था। हद तो तब हो गई जब छात्र अपना पेपर दे रहा था। उस दौरान आधे घंटे पहले कक्ष निरीक्षक ने कॉपी छीनते हुए छात्र की पिटाई करके विद्यालय से भगा दिया गया। जिसके बाद पीड़ित छात्र ने थाने पहुंचकर लिखित तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई।छात्र के तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई हैं।

# डग्गामार वाहन लगा रहे हैं सरकार को लाखों का चूना

**डग्गामारी**

**प्राइवेट बसों को परिवहन निगम की तरह रंग कर यात्रियों दे रहे धोखा, पुलिसकर्मियों के रहमे करम पर हो रहा है संचालन**

**मऊआइमा।** डग्गामार वाहनों द्वारा रोज सरकार को लगा रहे हैं लाखों का चूना।दूसरी ओर बसों को परिवहन निगम की तरह रंग का यात्रियों को धोखा दे रहे हैं। बसों पर बैठने के बाद यात्रियों को मालूम होता है कि यह नकली रोडवेज बस है।

प्रतापगढ़ और प्रयागराज तक चलने वाली डग्गामार बसों द्वारा रोज सरकार को लाखों का चूना लगा रहे हैं। बताते हैं कि अब डग्गामार बसों द्वारा यात्रियों को धोखा देने के लिए परिवहन निगम की भांति बसों को कलर कर अपने बसों के आगे प्रयागराज प्रतापगढ़ तथा केवल परि? लिख कर यात्रियों के आंख में धूल झोंक कर धोखा दे रहे हैं। बसों पर बैठने के बाद यात्रियों को बसों का ज्ञान होता है। उक्त डग्गामार बसों द्वारा यात्रियों से मन माना भाडा एंव यात्रियों के साथ अभद्रता करते हैं। यही नहीं प्रायः देखा गया है कि परिवार निगम की सरकारी बसों के आगे आगे यह नकली बसें चलती हैं। ताकि कोई परिवहन निगम की बसों में बैठ न सके। डग्गामार बसों के पास नकली टिकट भी रहता है। यह यात्रियों को धोखा देकर प्रायः फोरलेन के बीचों बीच बसों को खडी करते हैं। ताकि परिवहन निगम की सरकारी बसें अथवा अनुबंधित बसें आगे न जा सके।जिससे अमूमन मऊआइमा थाना चौराहे पर डग्गामार वाहनों के कारण जाम लगता है। पुलिसकर्मी यह सब देख कर भी चुप्पी साधे रहते है। आरोप है कि इन डग्गामार वाहनों का संचालन पुलिस की मिली भगत से चलती है। हर थानों में इनका महीना बंधा रहता है। डग्गामार वाहनों के चालक परिचालक आधा दर्जन सवारी बैठाने वाले उठाईगिर हर समय आमादा फसाद रहते हैं। स्थानीय लोगों ने इन नकली रोडवेज बसों पर शिकंजा कसने की मांग की है।



## फाइनल मुकाबला जीतकर बनी चैंपियन टीम मंडौर

**उतरांव।** जनपद प्रयागराज उतरांव थाना क्षेत्र के जलालपुर कस्बा में आयोजित मुलायम सिंह यादव की स्मृति में जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता मे फाइनल मुकाबला मंडौर टीम जीत कर प्रतियोगिता में चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। चैंपियन टीम मंडौर आयोजक द्वारा शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। जलालपुर कस्बा में रविवार को मुलायम सिंह यादव की स्मृति में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन सपा नेता प्रमोद सिंह पटेल के द्वारा किया गया था। प्रतियोगिता में कुल 28 टीमे भाग लिया देर रात तक फाइनल मुकाबला मंडौर और अनमोल ढाबा के बीच खेला गया।और तीन सेट के मैच मे दो एक से जलालपुर की टीम को हराकर मंडौर की टीम प्रतियोगिता में चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता के आयोजक सपा नेता अवधेश नारायण सिंह यादव ने विजेता को शील्ड देकर पुरस्कृत किया।इस अवसर पर खुर्शीद भाई, इस्तेखार ग्राम प्रधान, इश्तियाक भाई, मोहम्मद अफजल, गुलशेर, समीर भाई आदि लोगों का सहयोग रहा।

# विद्युत उपभोक्ताओं को दी गयी योजनाओं की जानकारी

**सहसों।** अधीक्षण अभियंता इंजीनियर नजम अहमद तथा अधिशासी अभियंता इंजीनियर मनोज यादव के नेतृत्व में बुधवार को सहसों चौराहा से लेकर सहसों बाजार तक विद्युत उपभोक्ता को जागरूक करने के लिए पैदल मार्च कर योजनाओं की जानकारी दी। विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ अवर अभियंता एवं अन्य कर्मचारी सहसों चौराहे से पैदल मार्च करते हुए प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश पर विद्युत उपभोक्ता पहचान एवं समाधान पकवाड़ा के तहत चलाई जा रही एक फरवरी से लेकर 15 फरवरी तक सभी उपभोक्ताओं को लाउडस्पीकर तथा बैनर के माध्यम से जागरूक करते हुए बताया कि विद्युत सेवाओं को सरल बनाने के लिए तत्काल सभी उपभोक्ता 15 फरवरी तक केवाईसी अवश्य करा लें।जिससे विद्युत बिल का भुगतान एवं खराबी होने पर तत्काल दूर की जा सके।

अधीक्षण अभियंता इंजीनियर नजल अहमद ने बताया कि केवाईसी कराने पर सभी विद्युत उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर तथा ईमेल विभाग में पंजीकृत हो जाएंगे। जिससे समय पर विद्युत बिल की जानकारी के साथ उपभोक्ता अपनी शिकायत भी दर्ज करा सकेंगे। अधिशासी अभियंता इंजीनियर मनोज यादव ने बताया कि भविष्य में सभी उपभोक्ता की शिकायत से लेकर अन्य जानकारी के अतिरिक्त सभी योजनाओं की जानकारी पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ही उपलब्ध कराया जाएगा।बिना मोबाइल नंबर पंजीकृत किए हुए शिकायत दर्ज कराना मुश्किल होगा। विद्युत विभाग के कर्मचारी पैदल मार्च के दौरान उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए अपने मोबाइल नंबर व ईमेल को पंजीकृत कराने की सलाह दी। जागरूकता अभियान में उपखंड अधिकारी पवन कुमार सिंह, अवर अभियंता इंद्रेश यादव, अवर अभियंता इंद्रसेन यादव, अवर अभियंता भानु प्रताप यादव एवं अवधेश सहित बिजली विभाग के कर्मचारी शामिल है।


विद्युत उपभोक्ताओं को जागरूक करते अधीक्षण अभियंता व अन्य

### अप्रैल से मलावा न्यू पावर का होगा शुभारम्भ

**सहसों।** अवर अभियंता इंद्रेश यादव ने बताया कि मलावा में 9 करोड़ की लागत से मलावा न्यू पावर हाउस के नाम से बन रहा है जो संभवत अप्रैल 2023 से कार्य करना शुरू कर देगा। उन्होंने बताया कि सांसों में कुल 22 उपभोक्ता हैं यदि 50 सीसी बिल का भुगतान समय से होने लगेगा तो नए पावर हाउस से इसे जोड़कर 24 घंटे आपूर्ति की जा सकती है। नया पावर हाउस बनने से उपभोक्ताओं को 24 घंटे के अतिरिक्त अन्य सेवाएं भी सुविधाजनक रूप से मिलने लगेगी।


तानशाही रवैए के खिलाफ आवाज बुलंद करती आशा वर्कर

## उत्पीड़न के खिलाफ आशा वर्कर करेंगी वृहद आंदोलन

**01 मार्च से 17 मार्च तक होने वाले आंदोलन की बनाई रणनीति**

**फूलपुर।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की एक बैठक गुरुवार को फूलपुर ब्लाक में संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए ऐक्टू के प्रदेश सचिव अनिल वर्मा ने कहा कि प्रदेश भर में आशा व आशा संगिनी का मानदेय महीनों लंबित रहता है। नतीजतन अल्प प्रोत्साहन राशि में भी दिन रात काम करने वाली आशा व आशा संगिनी भुखमरी की शिकार होती हैं। सरकार पर आशाओं का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि सरकार आशा वर्कर की समस्याओं का निराकरण न कर सिर्फ जुमलेबाजी करती है। संचालन करते हुए एक्टू के जिला संयोजक देवानंद ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की बात करने वाली सरकार आशा वर्करों का जमकर शोषण कर रही है। आंदोलन की चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार अगर न्यूनतम वेतनमान के साथ ही अन्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराती है तो 1 मार्च से वृहद आंदोलन शुरू होगा। इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के राज्य सचिव सुनील मौर्य व इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ के अध्यक्ष जय प्रकाश ने भी बैठक को संबोधित किया। इस दौरान 27 सदस्यीय कमेटी का भी गठन हुआ। जिसमें बसंती मौर्य को अध्यक्ष, मीरा उपाध्यक्ष ,मंजू देवी सचिव, पुष्पा यादव उप सचिव तथा अर्चना मौर्य को कोषाध्यक्ष चुना गया।

## आवारा पशुओं से किसान परेशान, खेती बचाना चुनौती

**नवाबगंज।** क्षेत्र में जहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है वहीं किसानों कि फसल गेहूं,मटर, आलू, सरसों,कि फसलों कि रखवाली के लिए रात दिन किसान खेतों का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन सैकड़ों कि संख्या में आवारा पशु खेतों में घूस कर पूरी फसलों को बर्बाद कर रहे है। जहां आज भी 70% प्रतिशत लोग खेती पर परिवार का जीवकोपार्जन कर रहे हैं ,लेकिन इस समस्या को किसके सामने किसान रखें और कौन जिम्मेदार होगा किसान के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी है जिसको देखने वाला कोई नहीं है।आनापुर क्षेत्र में एक भी गौशाला न होने के कारण सैकड़ों कि संख्या में आवारा पशु अपना आसियान बना लिया है कितने मारुक शांड लोगों को घायल कर दिया।जिसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी श्रृंगवेरपुर से ग्रामीणों ने किया लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई समस्या बनी हुई है।

**प्रयागराज विकास प्राधिकरण, प्रयागराज**

**आवश्यक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रयागराज विकास प्राधिकरण की शान्तीपुरम आवास योजना आश्रय-। के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या-A-193 (क्षेत्रफल 59.50 वर्गमीटर) के मूल आवंटी श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव पुत्र स्व0 आत्मा नन्द लाल के पक्ष आवंटित है। अब श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 20.10.2015 व श्रीमती दुर्गावती देवी पत्नी स्व0 ओम प्रकाश श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 02.04.2022 को हो जाने के पश्चात उनके पारिवारिक सदस्यों में वारिस श्री राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 ओम प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा नामान्तरण हेतु ऑन लाइन आवेदन दिनांक 19.01.2023 को किया गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं वारिसान द्वारा नोटरी शपथ पत्र फोटो युक्त संलग्न कर प्राधिकरण अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने हेतु प्रस्तुत किया गया है। जो विचाराधीन है। अतः उपरोक्त के सम्बंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित आपत्ति दाखिल करें, अन्यथा निर्धारित तिथि के पश्चात नामान्तरण की कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी।

जोनल अधिकारी
प्रयागराज विकास प्राधिकरण
प्रयागराज।

पत्रांक-289/ज0स0अ0/वि0प्रा0/2022-23
दिनांक-2/2/2023



बाबा बागेश्वर दरबार में उमड़ी महिलाओं की भीड़

# प्रयागराज माघ

## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 24.00 |
| न्यूनतम : | 12.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

# मैं कोई चमत्कारी नहीं हूँ बालाजी का सेवक हूँ : धीरेंद्र शास्त्री

● बाबा बागेश्वर दरबार में लाखों भक्तों में लिया हिस्सा, लगाई अर्जी ● पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रहा मुस्तैद

### महोत्सव

**बाबा बागेश्वर ने अपने भक्तों को हिन्दू राष्ट्र बनाने में सहयोग करने का दिलाया संकल्प**

**कुअँर पट्टी में सजा बाबा बागेश्वर का भव्य और दिव्य दरबार**

**मेजा।** कुअँर पट्टी में 29 जनवरी से आयोजित पाँच दिवसीय माँ कृपा शीतला महोत्सव गुरूवार को पाँचवे दिन धीरेंद्र शास्त्री बाबा बागेश्वर धाम सरकार का भव्य दरबार लगा । दरबार मे हजारों की संख्या में भक्त अर्जी लगाने पहुँचे। बाबा बागेश्वर का मंच पर डीजीएस परिवार के इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने जोरदार स्वागत कर आशीर्वाद लिया।

बाबा बागेश्वर ने कहा बागेश्वर धाम के प्रिय राजू भैया है और पूरा डीजीएस परिवार बाला जी के चरणों से जुड़े हैं और उन्होंने सबको जुड़ने का अवसर दिया है जिसके लिए मैं उन्हें आशीर्वाद देता हूँ । बालाजी को प्रणाम करते हैं मेरे पागलों याद रखना हमने समस्या का समाधान दिया है लेकिन कर्म और कृपा दोनों आवश्यक है उन्होंने कहा दरबार हमारा नहीं महिमा बालाजी की है उन्हीं के चरणों की कृपा है जो आज तक कहते थे कि कोई दिव्य शक्तियां नहीं होती यह उनके मुंह पर तमाचा है उन्होंने कहा जो बाला जी से जुड़ जाता है उसका सब कार्य होता है। कवन सो काज कठिन जग माहीं, जो तुम होत तात तुम पाहीं। हम कोई चमत्कारी नहीं है हम बाला जी के सेवक हैं।

बाबा बागेश्वर ने सभी को भक्तों को सनातन धर्म की ध्वजा के नीचे आने का संकल्प दिलाया और हिन्दू राष्ट्र बनाने का कृतसंकल्पित भाव को प्रकट किया। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य तब तक पूरा नहीं होगा जब तक भारत हिन्दू राष्ट्र घोषित नहीं हो जाता। इस अवसर पर सूर्यदेव शुक्ल ब्रह्मदेव शुक्ल, ईश्वरदेव शुक्ल ने बाबा बागेश्वर का माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया । दरबार मे कुल आठ लोगों की अर्जी बाबा ने स्वीकार किया और उनको आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही सुरक्षा व्यवस्था की कमान एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र व इंस्पेकर मेजा ने सम्हाल रखी थी जिसको वह पूरी तन्मयता से निभाया । सुरक्षा व्यवस्था में कई गाड़ी पीएसी बल व सैकड़ों की संख्या में पुलिस फोर्स व एलआईयू की टीम मौजूद रही । राजू भैया ने बताया कि आज विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



बागेश्वर धाम सरकार के दरबार मे जुटी लाखों भक्तों की भीड़




बाबा बागेश्वर का स्वागत करते राजू भैया

### एक दिन पहले ही पहुँचे थे कार्यक्रम स्थल पर हजारों भक्त

बाबा बागेश्वर धाम सरकार के दरबार में अर्जी लगाने व बाबा धीरेंद्र शास्त्री का दर्शन करने कई जिलों और नेपाल, काठमांडू भक्त एक दिन पहले ही कार्यक्रम स्थल पर आ गए थे । एक दिन पहले ही हजारों की संख्या में आये भक्तों को रहने और खाने की व्यवस्था डीजीएस परिवार ने बड़े ही उत्साह से किया था।

### पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी करेंगे रामकथा

**प्रयागराज।** धीरेंद्र शास्त्री ने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में भी रामकथा वाचन की बात कही। धीरेंद्र शास्त्री बोले, हमने बहुत पहले ही पाकिस्तान में रामकथा की घोषणा की थी। अगर वहां लोग तैयारी कर रहे हैं और हमें बुलाते हैं तो हम तो वहां राम कथा करेंगे। उन्होंने अपने हास-परिहास के अंदाज में आगे कहा, बहुत जोरदार कथा करेंगे, जिसके बाद बहुत से पाकिस्तानी भारत में आ जाएंगे, चिंता मत करो। रामचरितमानस को लेकर चल रहे विवाद पर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर ने कहा, यह घोर निंदनीय कृत्य है। इस पर हमारा यही कहना है, इसके पीछे लंबी साजिश है, जो तथा कथित लोगों के द्वारा की गई है। आपके वैचारिक भेद हैं तो ठीक हैं। अपनी बात बोल सकते हैं, पर किसी की भावना को ठेस नहीं पहुंचा सकते।

# धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने संगम में किया स्नान, कड़ी सुरक्षा के बीच साधु-संतों से की मुलाकात



**प्रयागराज।** गुरुवार को संगम क्षेत्र में बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पहुंचकर संगम स्नान किए इसके पश्चात माघ मेला क्षेत्र के साधु-संतों से मिलने के लिए चले गए । बागेश्वर धाम के धीरे शास्त्री जी ने हिंदू राष्ट्र को लेकर एक और बयान देते हुए कहा कि अगर हम सब साथ हों तो भारत हिंदू राष्ट्र होगा। उन्होंने ये भी कहा कि अब हिंदू राष्ट्र का बिगुल बजा दो,आओ जातिवाद को तोड़कर हम सब हिंदू एक हों।धीरेंद्र शास्त्री ने सपा के एक नेता का नाम लिए बगैर ही कहा कि देश को कायरों, कपटियों और क्रूर लोगों से बड़ा खतरा है। ऐसे लोग धर्म और देश दोनों का नुकसान करते हैं। वहीं, हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर सफाई देते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, 'मैं ना तो राजनेता हूं ना राजनीति करता हूं और ना ही मीडिया में जगह पाने के लिए हिंदू राष्ट्र की बात कर रहा हूं...मैं यहां से सिर्फ और सिर्फ एक ही प्रार्थना कर रहा हूं। यह प्रार्थना हिंदू राष्ट्र के लिए है.' धीरेंद्र शास्त्री ने संगम में स्नान किया और उसके बाद माघ मेले में संतों से मुलाकात की।

### कई बार कह चुके हिंदू राष्ट्र बनाने की बात

हिंदू राष्ट्र को लेकर धीरेंद्र शास्त्री ने पहली बार बयान नहीं दिया है। धीरेंद्र शास्त्री कई बार मंचों से भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात कर चुके हैं। कुछ दिन पहले ही नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा था, 'नेताजी ने नारा दिया था तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। आज मैं एक नारा दे रहा हूं, तुम मेरा साथ दो, मैं तुम्हें हिंदू राष्ट्र दूंगा.' ।इसके पहले बागेश्वर धाम के पहुंचने पर संगम पर भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई उनकी एक झलक पाने के लिए बेकरार दिखा। लोगों को काबू करने में पुलिस के पसीने छूट गए। काफी धक्कामुक्की के बाद उन्हें वाहन में बैठाकर सतुआ बाबा के आश्रम ले जाया गया। माना जा रहा है कि सीएम योगी 3 फरवरी को प्रयागराज पहुंचेंगे तब धीरेंद्र शास्त्री उनसे भी मुलाकात कर सकते हैं। धीरेंद्र शास्त्री बीते कई दिनों से अपने बयानों को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने पाकिस्तान में रामकथा और रामचरितमानस विवाद में क्या कहा था ।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जेएसवाई, प्रथम संदर्भन ईकाई, जेएसवाई लाभार्थियों के भुगतान की प्रगति, मंत्रा पोर्टल पर प्रसव की इंट्री, ई-कवच एप, प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, आरसीएच पोर्टल पर पंजीकरण एवं अपडेशन के कार्यों की समीक्षा की। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने प्रसूताओं को मिलने वाले शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने आशाओं का भी भुगतान शत-प्रतिशत सुनिश्चित किए जाने हेतु कहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने अभियान चलाकर वीसीजी, मिजल्स रूबेला टीकाकरण कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को ड्यू लिस्ट अपडेट रखने एवं ड्यू लिस्ट के अनुसार कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत कैम्प चलाकर नसबंदी कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने मंत्रा एप, ई-कवच, आरसीएच पोर्टलों पर फीडिंग का कार्य शत-प्रतिशत रूप से कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। मुख्य विकास अधिकारी ने वेल्नेससेंटर के निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने व प्रभारी चिकित्सा अधीक्षकों को कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा कराये जा रहे कार्यों की लगातार मानीटरिंग करते रहने का निर्देश दिया है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी चिकित्साधिकारियों को चिकित्सालयों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण रूप से सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने बिजली एवं बिल्डिंग के कार्यों की जांच करते हुए जो भी खराब पाये जाये, उनको तत्काल ठीक कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने चिकित्सकीय उपकरणों को चेक करते हुए खराब उपकरणों को ठीक कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने अस्पतालों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के साथ-साथ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ को मरीजों से अच्छा व्यवहार किए जाने के लिए कहा है।

# सुरक्षित बैंकिंग आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया अभियान



ग्रामीणों को जागरूक करते बैंककर्मी

**करछना।** करछना के ग्रामीण क्षेत्र के नेवादा समोगर स्थिति एचडीएफसी बैंक के उच्च अधिकारियों के दिशानिर्देश पर शाखा प्रबंधक ईशान पाठक के नेतृत्व में ब्लाक सभागार करछना में कर्मियों द्वारा ग्रामीणों व कई ग्रामसभा के ग्राम प्रधानों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने तथा सुरक्षित बैंकिंग प्रणाली के बारे मे विस्तार से बताया गया, इस दौरान शाखा प्रबंधक ईशान पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि देश मे साइबर सुरक्षा परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और लगातार उभरते हुए खतरों से बचाव के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच मजबूत सहयोग की आवश्यकता बढ़ रही है। लोगों को भ्रमित कर लिंक व ओ टी पी के जरिए जालसाजी के मामले चिंताजनक है। बैंक कभी किसी से व्यक्तिगत जानकारी नहीं मांगता। ग्रामीणों को बैंक के अन्य लाभकारी योजनाओं पर्सनल लोन बिजनेस लोन किसान गोल्ड कार्ड आटो लोन गोल्ड लोन के बारे मे ग्रामीणों को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक के प्रधान संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह ने बताया कि बैंक का उद्देश्य सभी प्रकार की धोखाधड़ी के बारे मे जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान शाखा प्रबंधक ईशान पाठक उप प्रबंधक अजीत कृष्णपंकज त्रिपाठी गोल्ड लोन मैनेजर, अंबुज सिंह सुमन कुमार शाह (सेल्स ऑफिसर) सचिन सिंह, राहुल, सुदीप मिश्र व राधे कृष्ण मिश्र उपस्थित रहे।

### परीक्षा माफिया प्रकरण में डीएम ने सीआरओ-एएसडीएम को सौंपी जांच

**प्रयागराज।** परीक्षा माफिया से संलिप्तता प्रकरण की जांच सीआरओ कुंवर पंकज और एएसडीएम ज्योति मौर्या को सौंपी गई है। यह कमेटी एडीजी की रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में एडीएम सिटी कार्यालय में तैनात रहे कर्मचारी की भूमिका की जांच करेगी। कमेटी इस मामले में एडीएम सिटी की रिपोर्ट की भी जांच करेगी। लेखपाल भर्ती परीक्षा का पेपर आउट होने की जांच के दौरान एडीएम सिटी कार्यालय की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है। इसमें एक व्यक्ति की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं, जिससे बाहरी होने के बावजूद गोपनीय काम भी कराए जाते थे। यहां तक कि स्ट्रांग रूम तक भी उसकी पहुंच थी। एडीजी ने डीएम को रिपोर्ट भेजकर उचित कार्रवाई के लिए कहा था। इसी क्रम में एडीएम सिटी ने जांच की थी। उनकी रिपोर्ट में कर्मचारी को पाक-साफ बताया गया था। प्रकरण प्रमुखता से उठने के बाद कर्मचारी का तबादला कर दिया गया है। साथ ही एडीएम सिटी से परीक्षा समेत कई काम ले लिए गए हैं। अब इसी क्रम में डीएम ने बुधवार को दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है। उनका कहना है कि एडीजी के पत्र के क्रम में जांच कमेटी गठित की गई है। कमेटी से 10 दिनों में रिपोर्ट मांगी गई है।

# जमीन के लालच में किसान की चचेरे भाइयों ने की थी हत्या

### खुलासा

**पुलिस ने किया मामले का खुलासा दोनों आरोपियों को भेजा जेल**

**मारने में प्रयुक्त बांस का डंडा व गमछा किया गया बरामद**




थरवई पुलिस की गिरफ्त में हत्यारे

**थरवई।** थरवई थाना क्षेत्र के हेतापट्टी गांव में बीते शुक्रवार की सुबह 50 वर्षीय किसान की हत्या चचेरे भाइयों ने जमीन के लालच में कर दिया था। उक्त किसान की हत्या का खुलासा करते हुए हत्या में प्रयुक्त डंडा व गमछा को पुलिस ने बरामद करते हुए दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया। बताते चलें कि उक्त गांव निवासी साधु राम यादव 50 वर्ष पुत्र स्व बृजलाल यादव का एक सप्ताह पूर्व शुक्रवार की सुबह गांव के किनारे घर से लगभग पांच सौ मीटर दूर खेत में शव मिला था हत्या की सूचना मिलने के बाद गंगानगर पुलिस उपायुक्त अभिषेक अग्रवाल व सहायक पुलिस आयुक्त थरवई जंग बहादुर यादव पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था जिसमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के सिर में गंभीर चोट होने से मौत की पुष्टि हुई थी प्रभारी निरीक्षक थरवई लोकेंद्र त्रिपाठी अपनी पुलिस टीम के साथ हत्या खुलासा में गंभीरता पूर्वक लगे हुए थे पुलिस ने बताया कि मृतक अविवाहित था और उसके पैतृक भूमि पर चचेरे भाइयों की नजर थी परंतु मृतक साधु राम यादव अपनी जमीन दूसरे लोगों को बेच दिया इसी बात से नाराज होकर चचेरे भाइयों ने बची हुई जमीन के लालच में सुनियोजित तरीके से योजना बनाकर गुरुवार की देर रात साधु राम यादव जब शौच के लिए घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित खेत में गया था उसी समय चचेरे भाइयों ने लाठी डंडे से मारपीट कर बेहोश कर दिया उसके पश्चात गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी गई। सुबह हत्या आरोपियों के द्वारा ही हत्या की सूचना थरवई पुलिस को दी गई थी। पुलिस टीम ने घटना का खुलासा करते हुए गारापुर चौराहे से गुरुवार की सुबह दोनों हत्यारोपियों घनश्याम यादव, राम कैलाश यादव पुत्रगण स्व राम अभिलाष यादव को गिरफ्तार करते हुए हत्या में प्रयुक्त गमछा बांस का डंडा बरामद करते हुए आवश्यक विधिक करते हुए दोनों हत्यारोपियों को जेल भेज दिया गया। इस घटना का सफल अनावरण में सहायक पुलिस आयुक्त थरवई जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थरवई लोकेंद्र त्रिपाठी एसएसआई राजीव श्रीवास्तव उपनिरीक्षक सोहराब अहमद सुखचैन तिवारी अखिलेश कुमार कांस्टेबल तनवीर अहमद, रामशंकर, अमित कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# मेले में अश्लील गानों को लेकर, विहिप का प्रदर्शन



अपर मेला अधिकारी आशुतोष राय को ज्ञापन सौंपते विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता

**प्रयागराज।** विहिप (विश्व हिंदू परिषद) के कार्यकताओं ने गुरुवार को मेला क्षेत्र में जमकर विरोध जताया। विहिप और बजरंग दल के कार्यकताओं ने परेड ग्राउंड में संचालित हो रहे झूले बंद कराने की मांग कर रहे थे। कहा, झूले से अश्लील गाने बजाए जा रहे हैं जो मेले की सुंदरता को खराब कर रहे हैं। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक दिन पहले जब इसका विरोध करना शुरू किया तो संचालक की ओर से मारपीट करने का प्रयास किया गया। श्रद्धालुओं के साथ अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं और वहां के कर्मचारी मांस मदिरा का सेवन कर रहे हैं। सत्य प्रकाश मिश्रा व सत्येंद्र मणि शुक्ल ने कहा कि लगातार हो रहे है इस कृत्य हिंदू समाज आहत है। अपर मेला अधिकारी आशुतोष राय को यह संबंधित ज्ञापन भी सौंपा गया।

पंकज तिवारी, गौरव सिंह समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने कहा, ऐसे लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाए जो आने वाले श्रद्धालुओं पर अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं अन्यथा हिंदू समाज खुद इसका रास्ता निकालेगा। कार्यवाही न होने की स्थिति में हिंदू समाज सड़क पर उतरेगा और जिसका परिणाम बुरा होगा। प्रदर्शन करने वालों में सौरभ, कुलदीप, विनय, विपिन कुशवाहा, ब्रजेश यादव, शक्ति कुशवाहा, श्रीकांत साहू समेत अन्य शामिल रहे।

### प्रमोद तिवारी बोले- युवाओं और किसानों के साथ धोखा

**प्रयागराज।** कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी के मेंबर एवं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार की ओर से जारी बजट को देश की आर्थिक बर्बादी का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का यह बजट मोदी सरकार की 9 साल की भारतीय अर्थव्यवस्था की बबार्दी और तबाही का कारण का गवाह है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साल 2014 के वायदे और दूसरी तरफ उनके पूर्णकालिक अंतिम बजट की घोषणाओं को यदि देखा जाए तो इसमें युवाओं और किसानों के साथ छलावा किया गया है। इस बजट में न तो 2 करोड़ प्रतिवर्ष नौकरियों का प्राविधान है, ना ही इसमें सीमांत, लघु और माध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने का कोई ठोस प्रस्ताव है। किसानों की न्यूनतम समर्थन मूल्य का भी कोई जिक्र नहीं किया गया है। उन्होंने इस बजट पर निराशा जाहिर की है। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता व विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि महंगाई कम करने के लिए 'म' शब्द का जिक्र तक नहीं किया गया है। मनरेगा, जिसने जहां एक तरफ रोजगार सृजन किया है और दूसरी तरफ उसके द्वारा किए गए निर्माण कार्य के भुगतान में भी कटौती हुई है।

# विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर आयोजित हुआ जन जगरूकता कार्यक्रम



जागरूकता कार्यक्रम में शामिल लोग

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर जन जगरूकता कार्यक्रम चंद्र शेखर आजाद पार्क में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंड के युवाओ ने प्रतिभागिय किया। इस वर्ष विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2023 का विषय वेटलैंड रेस्टोरेशन है। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी जागृति पांडेय एवं नमामि गंगे परियोजना अधिकारी एषा सिंह उपस्थित रही। जिला युवा अधिकारी ने बताया की आर्द्रभूमि ऐसा भूभाग होता है जहाँ के पारितंत्र का बड़ा हिस्सा स्थाई रूप से या प्रतिवर्ष किसी मौसम में जल से संतृप्त (सचुरेटेड) हो या उसमें डूबा रहता है। हमारे आसपास इन वेट्लैंड्स को छोटे-बड़े तालाब, पोखर, झील और नदियों की शक्ल में देखा जा सकता है। और इसे संरक्षण के लिए सभी युवाओ को आना चाहिए ।जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने बताया की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत रामसर कन्वेंशन का हिस्सा है। दो फरवरी वर्ष 1971 में ईरान के शहर रामसर में यह कन्वेंशन आयोजित हुआ था। वेटलैंड्स को किडनीज ऑफ द लैंडस्केप यानी भू-दृश्य के गुर्दे भी कहा जाता है। जिस प्रकार से हमारे शरीर में जल को शुद्ध करने का कार्य किडनी द्वारा किया जाता है, ठीक उसी प्रकार वेटलैंड तंत्र जल-चक्र द्वारा जल को शुद्ध करता है और प्रदूषणकारी अवयवों को निकाल देता है। देश के नागरिकों का यह कर्तव्य है कि पर्यावरण बचाए रखें । इसे पश्चात स्पीयर हेड लीडर रोहित ने स्वच्छता शपथ दिलाई एवं रैली निकल कर सभी को स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक अमन, कुलदीप, निर्मल कांत रोशनी, बबिता, कुसुम आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली इलाके के शमदा गांव का सुमित कुमार गुरुवार सुबह किसी काम से करारी जा रहा था। ओसा चैराहा के समीप पीछे से आई ऑटो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि उसकी हालत खतरे से बाहर है।

### सड़क पर मवेशी बांधने से दिक्कत

**कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी क्षेत्र के नैनुआ सलेमपुर गांव में दो महीने पहले इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ पशु पालक इसमें मवेशी बांधते हैं। आम रास्ते पर मवेशी बांधने से लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान अधिकारियों की ओर से नहीं किया जा रहा है।

# नाबार्ड द्वारा आयोजित शरद मेला का डीएम ने किया शुभारम्भ

**शरद मेला**

**स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की हुई प्रशंसा**

**कौशाम्बी।** विकास खण्ड परिसर, मंझनपुर में नाबार्ड द्वारा आयोजित शरद मेला-स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं एफपीओ द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी सुजीत कुमार फीता काटकर शुभारम्भ किया। इतना ही नहीं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की लगायी गई स्टॉलों का अवलोकन एवं उत्पादों की प्रशंसा कर उत्साहवर्धन भी किया।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को केन्द्रित कर विभिन्न योजनायें संचालित की जा रहीं हैं। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों की योजनाओं को एक साथ सम्मिलित कर महिलाओ को जागरूक व लाभान्वित किया जा रहा है। उन्हांने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के प्रयास एवं उत्कृष्ट कार्यों से यह योजना बहुत ही अच्छे तरीके से चल रहीं है, परन्तु अभी बहुत कुछ किया जाना है। उन्होंने नाबार्ड एवं आर-सेटी के अधिकारियों से कहा कि स्वयं सहायता समूह की और महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाया जाय, जिससे महिलायें स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकें। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि अपने उत्पादों को और बेहतर तरीके से पैकेजिंग व ब्राण्डिंग कर प्रयागराज व कानपुर जैसे बड़े शहरों में भी बिक्रय करें, जिससे अधिक लाभ मिल सकें। उन्हांने महिलाओं से कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी कर लाभान्वित हों तथा आस-पास के लोगां को भी इन योजनाओं के प्रति जागरूक करें। सहायक महाप्रबन्धक, नाबार्ड अनिल शर्मा ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के स्वावलम्बन पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण महिलाओं की उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलेंगा। उन्होंने कहा कि किसान उत्पादन संगठन एवं स्वयं सहायता समूह के उत्थान के लिए नाबार्ड द्वारा हर सम्भव सहायता उपलब्ध करायी जायेंगी। उन्होंने कहा कि शरद मेला का आयोजन सद्भावना सेवा एवं शिक्षा संस्थान की देख-रेख में किया जा रहा हैं। सचिव, सद्भावना सेवा एवं शिक्षा संस्थान वशमी नकवी ने कहा कि नाबार्ड के इस प्रयास से जिले के पिछड़े एवं विशेषकर महिलाओं व किसानों को एक प्लेटफार्म मिला है, जिससे वे अपने द्वारा निर्मित उत्पादों का जनपद स्तर पर प्रचार व विपणन कर सकें। एलडीएम जितेन्द्र चैधरी ने बैंको द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उपलब्ध करायी जा रहीं सुविधाओ एवं अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह को कैम्प लगाकर सीसीएल ऋण दिया जा रहा है तथा बैंकिंग से सम्बन्धित किसी भी समस्या के लिए उनके कार्यालय से सम्पर्क कर सकतें हैं।



दीप प्रज्जवलित कर शरद मेला का शुभारंभ करते डीएम सुजीत कुमार

### युवक को पीटकर किया लहूलुहान

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के जुगराजपुर गांव के एक युवक को पड़ोसी ने साथियों के साथ मिल पीट दिया। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जुगराजपुर निवासी प्रकाश का पट्टीदार से पुराना विवाद चल रहा था। बुधवार को बाजार से शाम वह घर लौट रहा था। गांव के समीप पहले से घात लगाकर बैठे आरोपितों ने उसे रोक लिया। इसके बाद उसकी पिटाई कर दी। बीच-बचाव करते हुए लोगों ने मामला शांत कराया। इसके बाद आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। पिटाई के बाद युवक थाने पहुंचा और मामले की की। पीड़ित युवक का प्राथमिक उपचार कराया। इसके बाद पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कोटेदार पर घटतौली व अभद्रता का आरोप

**आरोप**

**अंगूठा लगवाने के बाद खाद्यान्न न देने पर ग्रामीणों में आक्रोश**

**कोटेदार द्वारा यदि खाद्यान्न 20 किग्रा दिया जाता है तो वह 16 किग्रा ही तौल में रहता है**

**चायल, कौशाम्बी।** विकास खण्ड नेवादा के ग्राम सभा भगवानपुर बहुगरा जठिया के ग्रामीणों ने कोटेदार पर कार्ड धारकों से अभद्रता व घटतौली किए जाने का आरोप लगाया है। वहीं क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षण को दिए गए लिखित शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि समस्त कार्ड धारक ग्राम सभा भगवानपुर बहुगरा, जठिया ब्लाक नेवादा परगना व तहसील चायल के निवासी है। ग्राम सभा का कोटेदार हरिश्चन्द्र कुशवाहा पुत्र स्व. राम सिरोमणि निवासी बहुगरा जो लगभग 20 वर्षो से लगातार कोटा चला रहा है। कोटेदार द्वारा यदि खाद्यान्न 20 किग्रा दिया जाता है तो वह 16 किग्रा ही तौल में रहता है। इतना ही नहीं ज्यादातर लोगों को केवल चावल देता है। गेहूँ मांगने पर तमाम तरह की आनाकानी करता है। वह बात अलग है कि कुछ चहेतों को ही गेहूँ देता है, आरोप तो यहां तक लगाया गया कि कोटेदार शराब के नशे में वितरण प्रणाली को अंजाम दिया जाता है इतना ही नहीं इस दौरान अपने कुछ शराबी चहेतों को भी बैठाए रखता है, जिसने कार्ड धारकों से अभद्रता कराता है। हालांकि कुछ दिन पहले भी आक्रोशित ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ तहसील में जाकर शिकायत किया था, लेकिन कोई कार्यवाही न होने से उसके हौसले बुलंद हैं। हालांकि पूर्ति निरीक्षक ने प्रकरण की जांच कराए जाने का आश्वासन शिकायतकर्ताओं को दिया है।

### घर में घुसकर युवती को पीटा

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में पड़ोसी ने युवती को घर में घुसकर पीट दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। शाहपुर गांव की प्रीति देवी पुत्री कल्लू ने बताया कि पड़ोसी से पुराना विवाद चल रहा है। जमीन की रंजिश में दोनों के बीच कहासुनी हो गई। पड़ोसी युवती के घर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपित ने प्रीति को पीट दिया। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए घायल युवती को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता से तहरीर लेकर पुलिस आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### रंजिशन युवक को पीटा

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के खुर्द गांव निवासी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि वह घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान गांव के ही तीन युवक उसके पास पहुंचे और गाली गलौच करने लगे। शैलेंद्र के विरोध करने पर आरोपितों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। इससे युवक को काफी चोटें आई। घायल ने थाने में आरोपित दबंगों के खिलाफ तहरीर दी।

# राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनान्तर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**प्रशिक्षण**

**कार्यक्रम में किसानों को प्रशिक्षण किट का किया गया वितरण**

**कार्यक्रम में अमरुद उत्पादक किसानों को नए बाग लगाने एवं कलमी पौध तैयार किए जाने की दी गई तकनीकी जानकारी**

**चरवा, कौशाम्बी।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनांतर्गत दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का बृहस्पतिवार को समापन हुआ।

बता दें कि विकास खण्ड नेवादा के ग्राम मिन्हाज में औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरोबाग प्रयागराज द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनांतर्गत दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में अमरुद उत्पादक किसानों को नए बाग लगाने एवं कलमी पौध तैयार किए जाने की तकनीकी जानकारी दी गई। उद्यान विशेषज्ञ वीके सिंह द्वारा बताया गया कि कलमी पौध तैयार करने के लिए अच्छी प्रजाति के साइन प्राप्त कर तथा लखनऊ 49 प्रजाति के बीजू पौधे पर ग्राफ्ट करें। इसके अलावा प्रसार निदेशालय नैनी प्रयागराज के वैज्ञानिक डॉ मनीष केशरवानी द्वारा किसानों को अमरुद के प्रसंस्कण उत्पादों की जानकारी दी गई। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र,कौशांबी मृदा वैज्ञानिक डॉ मनोज सिंह ने भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए जैविक कृषि अपनाने को लेकर किसानों से आग्रह किया। जैविक खेती कर रहे विकास खण्ड नेवादा ग्राम गोविंदपुर के किसान उद्धव सिंह के खेत का भ्रमण किया गया। इस दौरान विपिन कुमार, मुकेश की उपस्थिति में किसानों को प्रशिक्षण किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जुनैद अहमद, मोहम्मद प्रावेज, रईस उल्ला, धर्मेंद्र, पंचम लाल,श्याम लाल, अंसुक, अजमेरी, राजेंद्र आदि किसानों की उपस्थिति रही।



प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर मौजूद लोग

# कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन की हुई वार्षिक बैठक

**अझुवा, कौशाम्बी।** सैनी के डोरमा स्थित कंगन गेस्ट हाउस में बृहस्पतिवार को कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसकी की अध्यक्षता देवराज सिंह ने किया। इस दौरान कोल्ड स्टोरेज की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वही किसानों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए उसके अनुरूप कार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन की वार्षिक मीटिंग कन्नौज में 22 जनवरी को संपन्न हुई थी जिसके निर्णय के अनुरूप आलू के वार्षिक भंडारण में कोल्ड स्टोरेज के होने वाले खर्चों में हुई बढ़ोतरी के संदर्भ में निर्णय लिया गया कि वर्ष 2023 के लिए भंडारण प्रभार रू 270 कुंतल की दर से निर्धारित किया जाए। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया वही प्रदेश कोल्ड स्टोर एसोसिएशन द्वारा निर्धारित भंडारण प्रभार जो कि खर्चों में होने वाले बढ़ोतरी को रखते हुए प्रदेश एसोसिएशन द्वारा निर्धारित किया गया। भाड़े को सहमत प्रदान की गई। बैठक में कोल्ड स्टोरेज के लाइसेंस को 5 वर्ष के लिए नवीनीकृत करने का अनुरोध किया गया। बैठक में भारत सरकार की मंशा के अनुरूप कोल्ड स्टोरेज में होने वाली ऊर्जा की खपत को कम करने के लिए एवं वैकल्पिक ऊर्जा के स्त्रोत को विकसित करने के लिए सौर ऊर्जा प्लांट को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अनुदान योजना लागू करने की भी मांग की गई। बैठक में यह भी प्रस्ताव सर्वसम्मति से किया गया कि शीतगृह के भंडारण के लाइसेंस में आयु के साथ-साथ साग, सब्जी, मेवे, मसाले, अंडा के भंडारण की भी इजाजत दी जाए। बैठक में आनंद सिंह कौशाम्बी कोल्ड स्टोर, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद शाहिद, हीरा कोल्ड स्टोर नग्गन भाई राज कोल्ड स्टोर नियाज्ज जेड, कोल्ड स्टोर उमेश केशरवानी, कामतनाथ कोल्ड स्टोर, राम कुमार शिव सागर कोल्ड स्टोर सिराथू, शिव लखन केशरवानी कामदगिरि कोल्ड स्टोर टेवा, प्रकाश केशरवानी माँ शारदा कोल्ड स्टोर समदा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद लोग

### शातिरों ने जौहरी को दिया चकमा, दिया नकली हार

**कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर बजहा निवपासी रत्नेशकुमार ने स्थानीय बाजार में ज्वैलरी की दुकान खोल रखी है। बताया कि बुधवार की दोपहर दो अनजान व्यक्ति उसकी दुकान पर पहुंचे। इसके बाद सोने का हर गिरवी रखने की बात करते हुए रुपये मांगे। इसके बाद दुकानदार ने हार लेकर युवकों को छह हजार रुपये दे दिया। रकम लेकर ठग चले गए। थोड़ी देर बाद दुकानदार ने हार को चेक किया तो वह नकली सोने का निकला। देर शाम पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### तीन माह बाद दर्ज हुआ मारपीट का केस

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के भटवरिया गांव की रेखा रानी पत्नी केशन लाल ने बताया कि पड़ोसी मानसिंह से उसकी रंजिश चल रही है। 30 अक्तूबर को कहासुनी के बाद पड़ोसी ने उसकी पिटाई कर दी थी। इसकी शिकायत पीड़िता ने थाने में की थी। आरोप है कि पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी। इस पर पीड़िता अदालत पहुंची। अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# जर्जर खंभा गिरा तो हो सकता है बड़ा हादसा

**कौशाम्बी।** सिराथू नगर पंचायत के वार्ड नंबर छह में लगा एक खंभा लोगों के अलावा विभाग के लिए भी बवाले जान बन सकता है। हालांकि ग्रामीणों ने इसकी कई बार विभाग के जिम्मेदारो से शिकायत किया लेकिन विद्युत विभाग बगैर हादसे कहां कुछ संज्ञान में लेता है। शायद यही वजह से इन दिनों क्षेत्रीय लोगों में विभाग के प्रति खासा आक्रोश देखा जा रहा है।

बता दें कि वार्ड नंबर छह गाजी मियां का पुरवा में एक विद्युत पोल ऐसा है खड़ा है जो जंग लग कर खम्भा की नींव ही खत्म हो गई है। बावजूद इसके उस पर कई तरफ से सप्लाई दी गई। अब सवाल यह उठता है कि शिकायत के बाद भी इस पोल की ओर न तो एसडीओ सिराथू और न ही अवर अभियंता के अलावा तमाम संविदा कर्मचारी लाइनमैन इन लोगों को क्यों नहीं दिख रहा है। जबकि यदि विभाग का यही रवैया रहा है और किसी दिन जर्जर विद्युत पोल गिर गया तो बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि इलाकाई लोगों ने उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### आवास के नाम पर वसूली करने का आरोप

**कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी क्षेत्र के म्योहर निवासी शिवप्रसाद, श्रीमती, संवरिया, रामधनी आदि ने बताया कि वह सभी प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी हैं। पीड़ितों की मानें तो उन सभी से आवास की पहली और दूसरी किस्त देने के नाम पर 10-10 हजार रुपये की वसूली की गई है। इसका विरोध करने पर ग्राम सभा का आरोपित जिम्मेदार धमकियां देता है। पीड़ितों ने मामले की शिकायत बीडीओ कौशाम्बी से की है।

# दहेज उत्पीड़न में छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**कौशाम्बी।** कोतवाली के सैदाबाद गांव में ब्याही युवती को ससुरालवालों ने पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित शौहर समेत आधा दर्जन ससुरालवालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

चक नारा गांव की बेगम बानो का निकाह दो साल पहले सैदाबाद गांव में नूरूल के साथ हुआ था। विवाहिता ने बताया कि निकाह में मिले दहेज से ससुरालवाले संतुष्ट नहीं थे। मायके से दो लाख नकदी के साथ अन्य सामान लाने की जिद कर प्रताड़ित करने लगे। आए दिन छोटी-छोटी बात को लेकर पिटाई की जाने लगी। पखवाड़ा भर पहले ससुरालवालों ने पिटाई कर विवाहिता को घर से निकाल दिया। दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी। मायके पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई। दोनों परिवार के बीच बिरादरी की पंचायत भी हुई पर, बात नहीं बन सकी। थाने में पीड़िता ने मामले की शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित शौहर नुरूल, सकील, साफिया, वसीम समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दबंगों ने विवाहिता को पीटा, जख्मी

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के फरीदपुर समरो गांव में महुआ के पेड़ की पत्ती तोड़ने से मना करने पर दबंगों ने विवाहिता को पीट दिया। पीड़िता प्राथमिक उपचार कराने के बाद तहरीर लेकर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फरीदपुर समरो गांव की रानी देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पड़ोसी से उसके परिवार की रंजिश चल रही है। बुधवार को खेत की ओर गई थी। इसी दौरान देखा कि उसके महुआ के पेड़ की पत्ती तोड़ी जा रही है। पेड़ से पत्ती तोड़ता देख विवाहिता ने विरोध किया। इसी बात को लेकर कहासुनी के बाद आरोपित ने भाई व मददगार के साथ मिल महिला को पीटकर अधमरा कर दिया। बीच-बचाव करते हुए लोगों ने विवाहिता की जान बचाई। देर शाम घटना की जानकारी परिजनों को देते हुए पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पीड़िता से तहरीर लेकर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### युवती से दुराचार की कोशिश, केस दर्ज

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की शाम पड़ोसी युवक ने मोहल्ले की युवती के साथ दुराचार का प्रयास किया। विरोध करने पर उसके कपड़े फाड़ दिए। बेटी की चीख सुन परिजन घटना स्थल की ओर दौड़े तो आरोपित धमकी देते हुए भाग निकला। आरोप है कि नामजद शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। गुरुवार को पीड़िता ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधरीक्षक से की। एएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पड़ोसी युवक ने किशोरी से की छेड़खानी

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी बुधवार की शाम खेत से घर लौट रही थी। आरोप है कि इस दौरान किशोरी से पड़ोसी युवक छेड़खानी करने लगा। इस पर किशोरी ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपित फरार हो गया। घर पहुंच पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई। आरोपित के घर उलाहना देते हुए देर शाम पीड़ित पिता थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# युवा हों सशक्त कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अझुवा, कौशाम्बी।** किसी भी देश को आगे बढ़ाने के लिए उस देश के युवाओं को सशक्त होना बहुत जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र कौशाम्बी के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी गोपेश पाण्डेय के निर्देशन में विकास खण्ड कड़ा के धर्मा देवी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी की अध्यक्षता में ह्लयुवा सशक्तिकरण अभियान के अंर्तगत कैरियर गाइडेंस कार्यक्रमह्ल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार सिराथू डॉ.अंकिता पाठक के द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया। नायब तहसीलदार डॉ. अंकिता पाठक ने अपने यूपीएससी की यात्रा का विस्तृत अनुभव साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए अपने छात्र जीवन को भी याद किया। अमृता साहू ने पूछा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कैसे करियर बनाएं आकांक्षा सिंह ने पूछे जज कैसे बन सकते हैं,अमन ने पूछा यूपीएसआई के लिए क्या-क्या करना होगा, ज्ञानेश्वर ने पूछा यूपीएससी की तैयारी हिंदी माध्यम से करें या फिर अंग्रेजी माध्यम से ऐसे ही तमाम युवाओं एवं युवतियों ने अपने कैरियर को लेकर सवाल जवाब किए, जिनका जवाब नायब तहसीलदार डॉ. अंकिता पाठक, इं.अंकुर गौरव अनुदेशक राजकीय आईटीआई सिराथू एवं विज्ञान संचारक आयुष साहू द्वारा एक-एक कर उपस्थित युवाओं एवं युवतियों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनके कैरियर से जुड़े हुए सभी सवालों के संतोषजनक उत्तर दिए। इतना ही नहीं अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम प्रभारी राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक दीपेन्द्र अग्रहरि द्वारा उपस्थित युवाओं एवं युवतियों को अपना कैरियर बनाते हुए राष्ट्र निर्माण कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर-के उनका अभिनंदन किया गया। वहीं अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकिरण त्रिपाठी ने धन्यवाद और आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रबन्धक रामसुभग त्रिपाठी, रामशंकर सिंह, अंकित द्विवेदी, धनवंतरि कुमार, अमित त्रिपाठी सहित क्षेत्र के सैंकड़ों युवक एवं युवतियां उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मौजूद लोग

संक्षेप

## जिला बार एसोसिएशन का चुनाव आज

**प्रतापगढ़।** जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का चुनाव 3 फरवरी को होगा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम चन्द्र सिंह तथा महामंत्री गुलाब सिंह ने बताया कि तीन फरवरी को जिला बार एसोसिएशन कार्यालय में सुबह 9 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक मतदान होगा। एसोसिएशन के 313 अधिवक्ता मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अध्यक्ष, महामंत्री पद के चार चार प्रत्याशी के भाग्य का फैसला अधिवक्ता मतदाता करेंगे। एल्डर कमेटी के कार्यवाहक चेयरमैन जय नारायण सिंह ने चुनाव व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आपसी मेल जोल से सम्पन्न होना चाहिए। चुनाव कमेटी के मीडिया प्रभारी विश्वनाथ त्रिपाठी एडवोकेट ने बताया कि मतदान की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए चुनाव कमेटी पूरी तरह कटिबद्ध है। चुनाव कराने की पूरी तैयारी कर ली गई है। बतादें इसके पहले बार एसोसिएशन के चुनाव की घोषणा 30 जनवरी को कराने की हुई थी। जिसके तिथि में परिवर्तन करके अब 3 फरवरी को निश्चित की गई।

# सहायक सचिव ने परीक्षा केंद्रो का किया भौतिक निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के निर्देश पर डॉ अंशिका यादव, सहायक सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश इलाहाबाद ने जनपद के विभिन्न बोर्ड परीक्षा 2023 के विभिन्न परीक्षा केंद्रो का भौतिक निरीक्षण किया गया, जिसमें मॉडर्न साइंस इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, बैजनाथ प्रसाद ओझा इंटर कॉलेज मादूपुर प्रतापगढ़, शंकर विद्यालय इंटर कॉलेज कटैया प्रतापगढ़, बाबू संत बक्स सिंह इंटर कॉलेज सड़वा दुबान प्रतापगढ़ और महावीर सिंह खींची इंटर कॉलेज पूरे गिरवर अजगरा प्रतापगढ़ आदि का औचक निरीक्षण किया.निरीक्षण के समय सीसीटीवी कैमरा, केंद्र व्यवस्थापक, वाहे केंद्र स्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति, प्रश्न पत्रों के रखरखाव हेतु स्ट्रांग रूम की व्यवस्था एवं डबल लॉक की व्यवस्था, परीक्षा केंद्र पर जनरेटर एवं इनवर्टर की व्यवस्था, ओएमआर के रखरखाव की व्यवस्था, मेन गेट पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था, सादी उत्तर पुस्तिकाओं के रखरखाव की व्यवस्था, परीक्षा केंद्र पर राउटर डिवाइस, डीवीआर, हाई स्पीड इंटरनेट आदि की व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया गया.सहायक सचिव परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था से संतुष्ट रहीं। साथ ही साथ जनपद मुख्यालय में बने हुए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और कुछ विद्यालयों को ऑनलाइन खोलवाकर देखा भी.उनके साथ जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ डॉ ओपी राय द्वारा नामित लाइजनिंग अफसर के रूप में प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह एवं डॉ मोहम्मद अनीस रहे. कंट्रोल रूम निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम प्रभारी डॉ राजेंद्र सिंह यादव एवं प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह आदि रहे।



निरीक्षण करतीं डॉ अंशिका यादव, सहायक सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद

## चार दशक पहले कटे बिजली के कनेक्शन, अब आया लाखों का बिल

**प्रतापगढ़।** अड़तीस वर्ष पहले किसान की बिजली कनेक्शन कटने पर विभाग ने नलकूप से खम्भे व तार उखाड लिये। किसान का सेवा भुगतान के जरिए कनेक्शन भी बंद हो गया। अब लगभग चार दशक हो रहे है विभाग ने दिव्यांग किसान को आरसी के नाम पर एक लाख तिहत्तर हजार पांच सौ चैवालिस रुपए की नोटिस थमा दी। लाखों के बकाये की नोटिस मिलते ही पीडित के पांव तले जमीन खिसक गयी। पीडित ने एसडीएम से मिलकर दुखडा सुनाया तो एसडीएम ने अधिशाषी अभियंता लालगंज को समस्या के निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिये हैं। लालगंज के बभनपुर निवासी रघुवीर प्रसाद के पुत्र कल्लू ने एसडीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि उसके खेत में नलकूप का कनेक्शन विभाग ने वर्ष उन्नीस सौ चैरासी से समस्त भुगतान प्राप्त करने के बाद बंद कर दिया। विभाग उसी समय कनेक्शन के लिए लगे खंभे व तार भी उठा ले गया। इस अवधि मे पीडित को विभाग के द्वारा बकाये की कोई नोटिस भी नही मिली। सात जनवरी को अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड लालगंज के कार्यालय से कल्लू के नाम विभागीय बकाये की आरसी तहसील भेजवायी गयी। आरसी मे पीडित पर एक लाख तिहत्तर हजार पांच सौ चैवालिस रुपए का बकाया दशार्या गया है। आरसी की जानकारी अमीन से मिलते ही बीमार किसान आवाक रह गया। पीडित ने गांव के प्रधान का प्रमाण पत्र संलग्न करते हुए एसडीएम को लिखित दुखडा सुनाया है। एसडीएम सौम्य मिश्र ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिशाषी अभियंता लालगंज को जांच कर निस्तारण के आदेश दिये हैं। इस बाबत अधिशाषी अभियंता लालगंज लक्ष्मीशंकर का कहना है कि मामले मे प्रथम दृष्टया प्रोविजनल बिल की बढोत्तरी प्रतीत होती है। शिकायतकर्ता से उसके पीडी के अभिलेख मांगे गये हैं। वहीं पूरे मामले की स्थलीय जांच एसडीओ लालगंज को सौपते हुए आख्या तलब की गयी है।

# भगवान बने डॉक्टर, मरीज का उठा रहे खर्च

नेक कार्य

### हड्डी के आपरेशन के लिए नहीं है उपकरण, आयुष्मान के मरीजों को आ रही दिक्कत

**प्रतापगढ़।** डाक्टर सोनेलाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज से संबद्ध राजा प्रताप बहादुर पुरुष अस्पताल में हड्डी के आपरेशन में उपकरणों की कमी के चलते मरीजों को दिक्कतें आ रही है। आयुष्मान के मरीजों के ऑपरेशन के लिए डाक्टर को कहीं न कहीं से इसकी व्यवस्था करनी पड़ रही है। इस मामले में हड्डी के सर्जन डॉ सचिन कुमार का जवाब नहीं है। उन्होंने दरियादिली दिखाते हुए उपकरणों का इंतजाम अपनी ओर से करके दो मरीजों का कल्याण किया हैं। जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है।

बता दें कि हड्डी विभाग में सर्जरी के इंतजाम काफी नहीं है। खासकर आयुष्मान मरीजों के लिए। क्योंकि शासन की मंशा के अनुरूप इनका आपरेशन बिलकुल फ्री होना हैं। लेकिन इसमें लगने वाले सामानों जैसे प्लेट और नेल इत्यादि की सुविधा ओटी में नहीं है। इसको बाहर से मांगना पड़ता है। रानीगंज खरहर के मरीज शीतला प्रसाद गुप्ता के एक हाथ की दोनो हड्डी का ऑपरेशन होना था। आयुष्मान कार्ड भी था। लेकिन उसके आधार पर आपरेशन में लगने वाले सामानों की व्यवस्था में काफी विलंब हो रहा था। मरीज की हालत पर तरस खाकर डाक्टर सचिन कुमार ने गुरुवार को उसका आपरेशन किया। उसके परिजन संगम लाल गुप्ता ने बताया कि उनके मरीज का आपरेशन निशुल्क हुआ है। डाक्टर सचिन ने सामान की सारी व्यवस्था की। वे भगवान बनकर आए। इसी तरह से उन्होंने कुछ दिन पहले प्रमिला नाम की एक महिला का आपरेशन इसी तरह से किया था। इस बारे में मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आयुष्मान लाभार्थियों के लिए उपकरण की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए खरीद-फरोख्त की प्रक्रिया अंतिम चरण में हैं।



अस्पताल में इलाजरत मरीज

## छप्पर हटाने पहुंचे प्रधान ने दलित महिला को घर में घुसकर पीटा

**प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के रिसालगंज बकोल गांव निवासी मालती देवी सरोज पत्नी भैयाराम ने अपने घर के सामने छप्पर डाल रखा था । छप्पर को हटवाने के लिए ग्राम प्रधान सूरज सरोज एक पक्षीय प्रयास कर रहे थे की छप्पर हट जाए लेकिन ऐसा ना हो कर बुधवार की सुबह ग्राम प्रधान अपने तीन अन्य साथियों के साथ पीड़िता के घर पहुंचे और जबरन छप्पर हटाने के लिए कहा तो मालती ने मना कर दिया जिसके बाद दबंग प्रधान ने अपने तीन समर्थकों के साथ छप्पर उजाड़ना शुरू किया तो पीड़िता ने परिजनों के साथ विरोध किया तो दबंगों ने पीड़िता समेत उसके परिजनों को घर में घुसकर जमकर पीटा शोर शराबा सुनकर इकट्ठा हुए ग्रामीणों को देख दबंग पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए । गम्भीर रूप से घायल पीड़िता संग्रामगढ़ थाने पहुंची और प्रधान समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद घर में घुसकर मारपीट,गाली गलौज,जान से मारने की धमकी, समेत दलित उत्पीड़न की धारा में रिपोर्ट दर्ज किया।


# स्वास्थ्य शिविर में स्वस्थ रहने के बताए गए तरीके

**प्रतापगढ़।** ललगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरूवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दिन भर मरीजों की भीड़ उमड़ी रही। चिकित्सा टीम के द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उपचार के सुझाव बताये गये। इसके पूर्व शिविर का चिकित्साधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता एवं चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता ने बताया कि चिडचिडापन, मन का अशांत होना, बीमारियो को लेकर गलत फहमियों से मानसिक विकार हो जाता है। उन्होने कहा कि स्वस्थ मस्तिष्क से ही मनुष्य जीवन के पथ पर अग्रसर रह सकता है। रूरल बार एसोशिएसन के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने मानसिक रोग के उपचार को समय की सबसे बडी चिकित्सीय आवश्यकता बताया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा पर जोर दिया। शिविर मे चिकित्सा विशेषज्ञ डा. राहुल पाण्डेय, डा. ज्ञानेन्द्र मौर्य व डा. रामराज तथा डा. सुधाकर ने मरीजों का चिकित्सीय परीक्षण करते हुए रोगों से बचाव की जानकारी दी। कार्यक्रम का संयोजन जिला समन्वयक मुकेश मौर्य व संचालन बीपीएम बृजेश पाण्डेय ने किया। इस मौके पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक राकेश पाण्डेय, देवकुमार दुबे, मुन्ना शुक्ला, शास्त्री सौरभ, विनय पाण्डेय, मनमोहन यादव आदि मौजूद रहे।



मरीजों को स्वस्थ रहने के तरीके बताते चिकित्साधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता

## नशे में धुत सफाई कर्मचारी टावर पर चढ़ा



मोबाइल टावर पर चढ़ा नशे में धुत सफाई कर्मचारी

**पट्टी।** नशे में धुत सफाई कर्मचारी ब्लाक परिसर मैं स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। जिससे ब्लॉक में हंगामा शुरू हो गया। वह घंटों टावर पर चढ़कर हंगामा करता रहा। मौके पर फायर बिग्रेड के साथ आसपुर देवसरा पुलिस पहुंची। घंटों बाद उसे टावर से उतारा गया और उसे घर पहुंचा दिया गया।

आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के कोपा गांव निवासी देवेन्द्र यादव गौरा माफी में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात है। उसके खिलाफ कई शिकायती प्रार्थना पत्र विकासखंड में मिला था कि वह गांव में कभी नहीं आता ना तो वह साफ सफाई करता है और ना ही अपने पदेन जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहा है। जिसके लिए उसे विकास खंड कार्यालय द्वारा एक नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया था। गुरुवार को दिन में करीब 12 बजे वह विकासखंड नशे की हालत में पहुंचा और परिसर में ही स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया और हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर आसपुर देवसरा पुलिस के साथ मौके पर फायर कर्मियों को भी बुला लिया गया । मौके पर पहुंचे आसपुर देवसरा थाने के एसआई बंशीधर राय ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे नीचे उतारने में कामयाबी हासिल की और उसे उसके घर पहुंचाया। इस संबंध में आसपुर देवसरा में तैनात एडीओ पंचायत से हमारी बात हुई तो उन्होंने बताया कि कार्य में लापरवाही व शिथिलता की एक नोटिस उसे दी गई थी जिसके लिए जवाब मांगा गया था इसी को लेकर वह नशे की हालत में टावर पर चढ़कर हंगामा किया। जिससे घंटो विकासखंड का कार्य भी बाधित रहा। पुलिस मौके पर पहुंचकर उसे किसी तरह नीचे उतारा और उसके घर पहुंचा दिया गया।

## रेलवे क्रिकेट लीग मैच में प्रतापगढ़ की टीम बनी विजेता



विजेता टीम के खिलाड़ी

**प्रतापगढ़।** गुरूवार को रेलवे स्टेडियम में क्रिकेट लीग मैच का शुभारंभ हुआ। लीग मैच के पहले दिन रेलवे की प्रतापगढ़ शाखा की वाराणसी लाइन शाखा के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें प्रतापगढ़ शाखा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। प्रतापगढ़ की टीम ने दस ओवर में चार विकेट पर 119 रन बनाए। वाराणसी लाईन शाखा की टीम 10 ओवर में 8 विकेट पर 60 ही रन बना सकी। इस प्रकार प्रतापगढ़ शाखा की टीम ने 59 रन से मैच जीत लिया। क्रिकेट लीग मैच में सूरज गिरी मैन आफ द मैच खिलाड़ी रहे। जिन्होंने 32 गेंदों पर 68 रनों की पारी खेली। शुक्रवार को लीग मैच प्रतापगढ़ शाखा और सुलतानपुर शाखा के बीच खेला जायेगा।

# रामचरितमानस पर हुई टिप्पणी के विरोध में अधिवक्ताओं ने फूंका पुतला

**पट्टी।** रामचरितमानस पर अभद्र टिप्पणी को लेकर अधिवक्ताओं ने गुरुवार को स्वामी प्रसाद मौर्य व रानीगंज के विधायक आरके वर्मा का पुतला दहन किया। जूनियर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश सिंह की अगुवाई में पट्टी बार के अधिवक्ताओं ने तहसील में तालाबंदी किया। जिसके चलते पूरे दिन पट्टी तहसील में कोई भी न्यायिक कार्य नहीं हो सका। गुस्साए अधिवक्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्या मुदार्बाद, आर के वर्मा मुदार्बाद, सपा पार्टी मुदार्बाद, अधिवक्ता एकता जिंदाबाद समेत तमाम नारे लगाए। इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा रामचरितमानस हमारा पवित्र धर्म ग्रंथ है। दोनों नेताओं ने अपनी राजनीति चमकाने के लिए धार्मिक ग्रंथ के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है। इन नेताओं के पास अब कोई मुद्दा नहीं है तो वह धार्मिक भावना को भड़का कर ही अपनी राजनीतिक रोटियां सेकना चाहते हैं। जिसे हम अधिवक्ता गण फलीभूत नहीं होने देंगे। जो भी इस तरह का कार्य करेगा उसके खिलाफ हम लोग धरना प्रदर्शन, पुतला दहन वा विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे। इस दौरान अधिवक्ता अजीत सिंह, रवि सिंह, रामा शंकर पाठक इंद्रजीत यादव, वरुण उर्फ बंटी पांडे, अरविंद तिवारी, देशराज तिवारी, मानस तिवारी, मनीष तिवारी बबलू, विकास तिवारी, समेत कई दर्जन पट्टी बार के अधिवक्ता मौजूद रहे।



स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंकते अधिवक्ता

## थानाध्यक्ष मान्धाता को कोर्ट ने किया तलब

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने थानाध्यक्ष मांधाता को 4 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। न्यायालय ने नाराजगी जताते हुए आदेश दिया कि क्यों न आपके विरुद्ध न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई की जाए। न्यायालय में लंबित पत्रावली सरकार बनाम खलील अंतर्गत धारा 363, 366 376द आईपीसी व पाक्सो अधिनियम की पत्रावली में 18 जनवरी 2023 को अभियुक्त खलील के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। जिसका अदम तामीला थाना मांधाता द्वारा अविधिक ढंग से वापस कर दिया गया। थानाध्यक्ष के इस रवैये से कोर्ट बेहद नाराज हुई। जिसके संबंध में आपको स्पष्टीकरण देने के लिए 30 जनवरी को न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करने हेतु कहा गया था। थानाध्यक्ष द्वारा आजतक उपरोक्त विषय में अपना स्पष्टीकरण नहीं प्रस्तुत किया गया और ना ही न्यायालय में उपस्थित हुए। कोर्ट ने चेतावनी जारी करते हुए उन्हें तालाब किया है। पूंछा का कि क्यों ना आप के विरुद्ध अवमानना की कार्यवाही की जाए।

## आरोपी के खिलाफ युवती के अपहरण का केस

**प्रतापगढ़।** घर से दुकान पर सामान लेने निकली युवती को अगवा करने के आरोप में युवक के खिलाफ पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है। लालगंज के छोटी पयागीपुर निवासी लालजी के पुत्र राजेश वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्तीस जनवरी को दिन में दो बजे उसकी बीस वर्षीया पुत्री खुशी दुकान पर खाने पीने का सामान लेने गयी थी। खुशी का अगले मार्च में परिजनों ने विवाह भी तय कर रखा है। तहरीर में कहा गया है कि दुकान से प्रयागराज जिले के मऊआइमा थाना के कल्यानपुर निवासी सुनील के पुत्र सारस्वत उर्फ शनि ने उसकी पुत्री का अपहरण कर लिया। पीडित ने बेटी के साथ अप्रिय वारदात की भी आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुधवार की रात आरोपी सारस्वत के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

## दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास व अर्थदण्ड की सजा

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीशध विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बृजेश साहू उर्फ बब्बू निवासी बल्दी का पुरवा थाना कुंडा को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास ( जो अभियुक्त के शेष प्राकृतिक जीवन काल के लिए) तथा साठ हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि पीड़िता को उसके चिकित्सा एवं मानसिक आघात की पूर्ति तथा पुनर्वास हेतु दिया जाएगा। वादी मुकदमा ने 28 मई 2019 थाना कुंडा में प्रार्थना पत्र दिया कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र 13 वर्ष को विगत वर्ष से बृजेश साहू और बब्बू डरा धमकाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म करता चला रहा है। लड़की को धमकी दिया कि यदि किसी से बताओगी तो तुम्हें और तुम्हारे भाई को जान से मार दूंगा। 27 मई 2019 को शाम 7 बजे बृजेश साहू उसकी लड़की को जबरन पकड़कर अश्लील हरकत करने लगा। बलात्कार करने की नीयत से उसे जमीन पर गिराकर कपड़ा खोलने लगा। जब वादिनी बचाने दौड़ी तो बृजेश ने धमकी दिया कि अगर किसी से बताया या पुलिस में गई तो तुम्हें और तुम्हारे पूरे परिवार को मरवा दूंगा। पीडिता ने न्यायालय में बताया कि अभियुक्त बृजेश उसके साथ एक साल से जबरन छेड़खानी करता चला रहा है। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेश चंद्र त्रिपाठी व अशोक त्रिपाठी ने की।

## सम्पूर्ण समाधान की घोषित हुई तिथियां

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में 04 फरवरी को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में किया जायेगा। इसके अलावा एडीएम वित्त की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन तहसील लालगंज एवं सीआरओ की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील पट्टी में किया जायेगा। अन्य तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बन्धित एसडीएम की अध्यक्षता आयोजित होगा। इसी प्रकार 18 फरवरी को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील रानीगंज, एडीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में एवं सीआरओ की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा में किया जायेगा। अन्य तहसीलों में सम्बन्धित एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

# सांसद खेल स्पर्धा की तैयारी बैठक हुई संपन्न

**प्रतापगढ़।** सांसद खेल स्पर्धा की बैठक दिनेश कुमार गुप्ता संगम यूथ फाउंडेशन की अध्यक्षता में नेहरू युवा केंद्र कार्यालय पर बैठक संपन्न हुई। बैठक में नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने जानकारी उपलब्ध कराई की लोकसभा के 13 विकास खंडों में 750 रजिस्ट्रेशन हुए बेसिक शिक्षा विभाग के जिला व्यायाम शिक्षक ने बताया कि 3300, जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा 650, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा 750 रजिस्ट्रेशन हुए उक्त बैठक में ब्लॉकस्तर पर आयोजित होने वाली स्पर्धा के ग्राउंड स्थल व रजिस्ट्रेशन के संबंध में संबंधित विभागों के नोडल से वार्ता की गई। सभी के द्वारा दिए गए आंकड़ों के आधार पर अभी तक कुल 5980 रजिस्ट्रेशन हुए है, 4700 आफलाइन व शेष आनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। खेल प्रतियोगिताओं में टीम गेम में खो खो, कबड्डी तथा व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में कुश्ती एवं 800 मीटर, 400 मीटर की प्रतियोगिताएं विकासखंड स्तरीय मुख्यालयों पर समुचित स्थान वाले क्रीडा स्थल पर आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी डॉ नितिन बंसल प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला राज्य पंचायत अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, उप निर्देशक नेहरू युवा केंद्र, जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रतापगढ़ आदि को निर्देशित किया है। सांसद खेल स्पर्धा की बैठक की अध्यक्षता कर रहे संगम यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री कि खेलो इंडिया खेलो के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। उसी समीक्षा बैठक में यह जानकारी मिली है कि अभी तक 5980 रजिस्ट्रेशन हुए हैं और भी रजिस्ट्रेशन कराने के लिए सभी अधिकारियों से अपील की गई है। सभी ग्राम पंचायत स्तर तक सहभागिता कराई जाए प्रतापगढ़ लोकसभा क्षेत्र के 13 विकास खंडों के प्रत्येक ग्राम पंचायतों से युवा खेल में प्रतिभाग करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पांडे, समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, नमामि गंगे परियोजना अधिकारी शिवम यादव, विश्वजीत प्रताप सिंह, राज प्रशिक्षक श्याम लाल पटेल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक सत्यम शुक्ला राष्ट्रीय स्वयंसेवक आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में उपस्थित लोग

## जनसंपादकीय

# रेल सफर सुहावना करने का वादा

आर.के. सिन्हा



केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 45 लाख करोड़ का 2023-24 का बजट तो यही संकेत दे रहा है कि अब आपका रेलवे का सफर और सुहावना होने जा रहा है। यानी आपको रेल में यात्रा करने में आनंद आएगा। यह इसलिए संभव होगा क्योंकि सरकार रेलवे का कायाकल्प करने के प्रति दृढ़ संकल्प दिखा रही है। रेलवे का चौतरफा विकास करने का सिलसिला तो लगातार चल ही रहा है। इसे और गति देने के इरादे से ही केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साल 2023-24 के बजट में रेलवे के लिए 2 लाख 40 हजार करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा है। इसके अतिरिक्त 75 हजार करोड़ रुपया नई परियोजनाओं को लागू करने पर खर्च किए जाने का प्रस्ताव अलग से है। पिछले साल 2022-23 में रेलवे के विकास के लिए 1.4 लाख करोड़ का बजट आवंटित किया गया था। यानि अब यह लगभग दुगुना हो गया क

रेलवे को दिल खोलकर धन मिलने जा रहा है। रेलवे को मुसाफिरों को आरामदेह सफर का सुख देने के साथ अपनी नई परियोजनाओं पर भी ईमानदरी से काम करना होगा। रेलवे लगातार अपने काम में सुधार कर भी रहा है। पर अभी तो उसे बहुत आगे जाना है। अभी भी मंजिल बहुत दूर ही दिख रही है। हाँ यह जरूर है कि जब दो लाख चालीस हजार करोड़ और 75,000 करोड़ एक वर्ष में खर्च होगें तो देशभर में भरी संख्या में रोजगार पैदा होगें क

इस बीच, जहां तक देश के रेलवे स्टेशनों का सवाल है तो फिलहाल इस दृष्टि से 47 रेलवे स्टेशनों के लिए निविदा प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है, जबकि 32 स्टेशनों पर काम भी शुरू हो गया है। सरकार ने 200 रेलवे स्टेशनों के पुनर्निर्माण के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया है। स्टेशनों पर ओवरहेड स्पेस बनाए जाएंगे, जिसमें बच्चों के लिए मनोरंजन सुविधाओं के अलावा वेटिंग लाउंज और फूड कोर्ट सहित तमाम विश्व स्तरीय सुविधाएं होंगी। रेलवे स्टेशन क्षेत्रीय उत्पादों की बिक्री के लिए भी एक सस्ता पर लोक लुभावन मंच भी प्रदान करने जा रहे हैं। एक अच्छी बात यह भी है कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उत्पादन भी अब भारत में ही हो रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुछ समय पहले बता?ा था कि 400 वंदे भारत ट्रेनों में से 100 का निर्माण तो लातूर, मराठावाड़ा में कोच फैक्ट्री में ही किया जाएगा जिससे इस पिछड़े इलाके में रोजगार की संभावनाओं में भारी वृद्धि होगी ।

दरअसल, इस 21वीं सदी में भारत के तेज विकास के लिए रेलवे का विकास और भारतीय रेलवे में तेजी से सुधार बहुत जरूरी है। इसलिए ही केंद्र सरकार भारतीय रेलवे को आधुनिक बनाने के? लिए रिकॉर्ड निवेश कर रही है। फिलहाल भारतीय रेलवे के कायाकल्प करने का राष्ट्र व्यापी अभियान चल रहा है। अब वंदे भारत, तेजस, हमसफर जैसी आधुनिक ट्रेनें देश में बन रही हैं। सुरक्षित, आधुनिक कोचों की संख्या में भी रिकॉर्ड वृद्धि हो रही है। रेलवे स्टेशनों को भी एयरपोर्टों की तरह ही सुन्दर ढंग से विकसित किया जा रहा है। भारत जैसे युवा देश के लिए भारतीय रेल भी युवा अवतार लेने जा रही है और इसमें निश्चित तौर पर 475 से ज्यादा वंदे भारत ट्रेनों की बड़ी भूमिका होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बजट में रेलवे की विकास परियोजनाओं के लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था की है । इसके चलते रेल पटरियों का भी तेजी से विस्तार होगा। इस लिहाज से दो स्तरों पर काम होना चाहिए। पहला, नई-नई जगहों में रेल लाइनें बिछाई जाएं जहां पर रेलवे ने अब तक दस्तक ही नहीं दी है। और दूसरा यह कि विस्तार यह सोचकर किया जाये कि अब देश के रेल नेटवर्क को आपको दो की बजाय तीन-चार या पांच पटरियों पर दौड़ाना होगा। तब ही देश का रेल यातायात सुगम होगा। देश के सभी मुख्य रेल मार्गों पर कम से कम चार-पांच रेल ट्रैक तो बनने ही चाहिए। तभी रेल यात्रियों और मॉल परिवहन की भारी बोझ को सहने में सक्षम होगा। इस प्रकार, दो-दो सवारी गाड़ियों और मालगाड़ियों के आवागमन के लिये ट्रैक पांचवा इमरजेंसी ट्रैक सेना, पुलिस बल, राहत कार्य के लिए विशेष ट्रेनों आदि के लिए।

मैं बीते दिनों नई दिल्ली, हजरत निजामउद्दीन,अमृतसर,आगरा,सवाई माधोपुर, देहरादून, हरिद्वार वगैरह अनेकों रेलवे स्टेशनों में गया। वहां नजर आई झाड़ू लेकर घूमने वालों की जगह आधुनिक मशीनों पर सवार नवयुवक- नवयुवतियां सफाई करते दिखे कसब में अद्भुत सुधार दिखाई दिया। ये काफी आधुनिक लगे। इनमें वाशरूम बेहतर और साफ थे। इनमें गुजरे सालों की तरह अराजकता और अव्यवस्था नहीं थी। सफाई व्यवस्था भी पहले से बेहतर । पर कई जगहों पर रेलवे ट्रैक के साथ-साथ रेलवे की संपति पर अतिक्रमण भी दिखाई देता रहा। रेलवे को इस तरफ भी सख्ती से ध्यान देना होगा ताकि उसकी संपत्ति पर कोई अवैध कब्जे ना हों। उसे अपने लापरवाह और भ्रष्ट कर्मियों को दंडिता करना होगा जिनकी काहिली के कारण रेलवे की संपत्ति पर कब्जे हो जाते हैं। रेलवे की संपत्ति पर जगह-जगह धार्मिक स्थल तक बने हुए हैं। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर भी आपको एक मस्जिद बनी हुई मिलेगी जो पिछली सरकारों के अल्पसंख्यक तुष्टीकरण नीति का जीता जागता सबूत है ।

रेलवे अपनी तमाम महत्वाकांक्षी योजनाओं को तब ही लागू करने में सफल होगा अगर वह अपने यहां काम की संस्कृति में बड़े ही व्यापक स्तर पर सुधार करेगा। रेलवे में अब भी निठल्ले और कामचोर कर्मियों की एक फौज है। यही रेलवे के साथ एक बड़ी समस्या है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार चाहती है कि जल्द से जल्द काम हों और नई परियोजनाओं पर समय से अमल किया जाए। पर यह तब ही मुमकिन होगा जब रेलवे में सब मिलकर काम करेंगे। रेलवे के हर विभाग को तेजी से काम करने के लिए तैयार करना होगा ताकि परियोजनाओं पर तेजी से अमल किया जा सके। निकम्मे कर्मियों को दंड मिलना ही चाहिए। हालाँकि, भारतीय रेल से जुड़े ज्यादातर कर्मी अभी भी अनुशासित और कर्तव्य परायण हैं कलेकिन, राजनीतिक पैरबियों और घूसखोरी के बलपर जो रेलवे में नौकरी पा गये वे तो अपनी अकड़ दिखायेंगे ही कउनकी अकड़ पर लगाम कसके ठीक करना तो होगा ही न ?

रेलवे को अब एक और काम करना होगा। देश के स्वाधीनता आंदोलन और उसके बाद की ऐतिहासिक घटनाओं से कई स्टेशनों का इनसे गहरा नाता है। रेलवे को उन स्टेशनों के बाहर शिलापट्ट लगवाने चाहिए ताकि नई पीढ़ी को पता चल सके कि ये क्यों विशेष हैं। उदाहरण के रूप में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को ही लें। इसका अपना अलग गौरवशाली इतिहास रहा है। महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू के अस्थि कलश लेकर स्पेशल रेल गाडियां यहीं से प्रयाग के लिए रवाना हुई थीं। यहीं से देश के पहले राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद की पटना के लिए ट्रेन से ही विदाई हुई थी। अगर रेलवे इन सब घटनाओं को रेलवे स्टेशन की किसी जगह पर शिलालेख पर लिखवा दे तो एक बेहतर काम होगा। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को देश का सबसे बिजी और कमाऊ रेलवे स्टेशन माना जाता है। हजारों- लाखों लोगों को रोजी देने वाला यह स्टेशन ऐसा है जिस पर भारत के बड़े से बड़े व्यक्ति के पांव पड़े हैं।

रेलवे के साथ कई चुनौतियां भी हैं। उसे उन मुसाफिरों को फिर से अपने पास लाना है जो अब हवाई सफर पर निकलने लगे हैं। अगर रेलवे में चालू रफ्तार से विकास होता रहा तो हवाई सफर से अपने गंतव्य पर जाने वाले फिर से इसके साथ यात्रा करने लगेंगे कम से कम तब जबकि उनके पास भागाभागी वाली स्थिति न हो।

वैसे दशकों बाद यह पहला बजट ऐसा आया है जिसमें समाज के हर वर्ग के लिये कुछ न कुछ है ही कमध्यम वर्ग को 6 लाख की जगह 7 लाख तक टैक्स की छूट, तो महिलाओं और बुजुर्गों को बचत पर ज्यादा व्याज, कृषकों को सस्ते ऋण तो नव उद्योगों को प्रोत्साहन की योजनायें।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# कश्मीर का यह चेहरा क्यों नहीं दिखता?

## समय- संदर्भ

अमरीक सिंह



अगस्त 2019 में भारत के गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में अचानक घोषणा कर दी कि जम्मू-कश्मीर में धारा-370 को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। यह एकतरफा फैसला था। तत्काल इस पर कोई बहस नहीं हुई और उस दिन जम्मू-कश्मीर अचानक तीन खित्तों में विभाजित हो गया। जम्मू और कश्मीर को अलग-अलग राज्य का दर्जा देते हुए लद्दाख को भी तीसरे राज्य के तौर पर वजूद में लाया गया। यह भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पुराना स्वप्न था लेकिन कश्मीर घाटी के लोगों के लिए दुःस्वप्न! उनसे उनके मूल अधिकार छीन लिए गए और पूछा तक नहीं गया। महीनों कश्मीर कर्फ्यू की जद में रहा और भुखमरी के आलम में। वहां जाने वाली सारी रसद, जो पंजाब से होकर जाती थी, रोक ली गई। अभिव्यक्ति की आजादी तो क्या तमाम मौलिक अधिकारों पर ऐसा शिकंजा कस दिया गया कि एकबारगी कश्मीर, कश्मीरी और कश्मीरियत--दिल्ली से शासन व्यवस्था की कमान संभाल रहे लोगों ने सिरे से लापता कर दी। इसे यह पत्रकार इसलिए करीब से जानता है कि तब के माहौल को खुद अपनी आंखों से देखा था। चौतरफा फैला सन्नाटा और सिर्फ फौजी गाड़ियों एवं बूटों की आवाज से सन्नाटा टूटता था। परिंदे तक मानों आजादी का मतलब भूल गए थे। अगस्त और सितंबर में जो मंजर था; उसे बिसराया नहीं जा सकता। कर्फ्यू में कोई ढील नहीं और लोगों के पास खाने को कुछ नहीं। रसद तो वाया पंजाब जाती थी, पठानकोट से आगे कश्मीर को जाते तमाम रास्ते बंद कर दिए गए थे गोया जम्मू और कश्मीर इस देश का अंग ही न हों। घाटी में आलम यह था कि मरे हुए लोगों को घरों में ही दफन करना पड़ रहा था। आखिरी रस्मो के लिए मौलवी नहीं आते थे। सड़क पर आवाजाही का मतलब मौत भी हो सकता था और लंबे अरसे की जेल भी। खैर, यह तब की बात है। सवाल है कि अब कश्मीर के हालात क्या हैं? खासतौर से श्रीनगर के लाल चौक पर राहुल गांधी के तिरंगा लहराने के बाद! फोन-वार्ता में घाटी के कुछ लोग बताते हैं कि राहुल गांधी की कश्मीर और श्रीनगर यात्रा में किसी भारतीय राजनीतिक शख्सियत के लिए अगस्त 2019 के बाद पहली बार लोग घरों से निकले। बाखुशी। उम्मीदों के उत्साह से लबरेज होकर। अल्ताफ आतिश जालंधर स्थित एक बड़े विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र हैं और साहित्य में उनकी खास रूचि है। वह पठानकोट से ही 'भारत जोड़ो यात्रा' के हमसफर हो गए थे और श्रीनगर तक साथ चले। वह बताते हैं, 'राहुल गांधी की यात्रा ने कश्मीरियों में बहुत बड़ी उम्मीद की लौ जगाई है और बहुतेरे कश्मीरी मानते हैं कि वही आस की आखिरी उम्मीद हैं। अखबारों में आपको अलग कश्मीर नजर आता है। हकीकत से परे। केंद्र से जब किसी का घाटी में दौरा होता है तो चौतरफा कर्फ्यू लगा दिया जाता है। जो लोग कश्मीरी बाशिंदे बताकर केंद्र सरकार के शक्तिशाली नुमाइंदों के आगे खड़े किए जाते हैं वे दरअसल सरकारी एजेंसियों के ही कारकुन होते हैं। मीडिया को खुशहाल कश्मीर की जो तस्वीर और हंसते हुए चेहरे दिखाए जाते हैं--वह सब फर्जी है। हकीकत है कि कश्मीरी आज भी नारकीय जिंदगी जीने को मजबूर हैं और अघोषित कैद में रहने को।₹ आतिश बताते हैं कि राहुल से पहले दिल्ली से आए किसी भी नेता ने ईद पर भी भूल कर किसी कश्मीरी को गले नहीं लगाया लेकिन राहुल गांधी बेशुमार बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक गले लग कर मिले। गले लगने वालों की आंखें नम थीं। अल्ताफ ने यह मंजर खुद अपनी आंखों से देखा और इस पत्रकार को बताया। खुद राहुल गांधी ने क्या कहा, दोहराना जरूरी है। राहुल गांधी ने वहां प्रेसवार्ता में कहा कि वह अपनी जम्मू और कश्मीर की यात्रा में ऐसे किसी शख्स से नहीं मिले जो खुश था। यहां का हर व्यक्ति मायूस है।'

श्रीनगर के एक चिकित्सक कहते हैं कि धारा-370 निरस्त होने के बाद यहां का कोई भी व्यक्ति सरकार के विरोध में कुछ बोलता है या उसकी नीतियों पर एतराज जाहिर करता है तो उस पर पब्लिक सिक्योरिटी ऐक्ट लगा दिया जाता है। सरकार का खुफिया तंत्र यहां पहले से कहीं ज्यादा सक्रिय है। वह कहते हैं कि किसी अनजान आदमी से मिलिए तो मिलने वाले दोनों लोगों को लगता है कि कहीं सामने वाला खुफिया एजेंट न हो। अविश्वास की ऐसी खाई कश्मीर के इतिहास में पहली बार देखने को मिल रही है। वह वक्त ज्यादा दूर नहीं जब पड़ोसी; पड़ोसी पर ही शक करेगा! रिश्तेदार तक बेयकीनी के दायरे में आ जाएंगे।

30 जनवरी को बीबीसी से बातचीत में 'केंद्र के प्रतिनिधि' राज्यपाल मनोज सिन्हा कहते हैं कि, 'देश की संसद के बने कई कानून जम्मू-कश्मीर में लागू नहीं होते थे, अब 890 ऐसे कानून हैं जो जम्मू-कश्मीर में लागू हो गए हैं। जैसे शिक्षा का अधिकार और जम्मू-कश्मीर का पूरे देश के साथ एकीकृत होना...।' राज्यपाल का कथन कितना हास्यास्पद है! अनुच्छेद-370 रद्द होने से पहले क्या वहां के बच्चे स्कूल या कॉलेज नहीं जाते थे? जम्मू और कश्मीर के जो युवा दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और अन्य प्रदेशों के शिक्षण संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए आते थे, वे क्या प्राथमिक शिक्षा के लिहाज से अनपढ़ थे? जालंधर के एक नामी शिक्षण संस्थान के मुख्य प्रबंधक ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि उनके यहां सन 2010 से लेकर अब तक 7000 कश्मीरी युवक और युवतियां उच्च शिक्षा हासिल करके बड़ी-बड़ी नौकरियों पर हैं। कश्मीर से आईएएस और आईपीएस तक हुए हैं। राज्य प्रशासनिक सेवाओं में भी कश्मीरियों की तादाद अच्छी-खासी है। ऐसे में केंद्र किस आधार पर शिक्षा व्यवस्था में 'सुधार' की बात कर रहा है?

अब जरा कश्मीर के एक बीएड अध्यापक की बात सुनिए। वह भी पब्लिक सिक्योरिटी ऐक्ट यानी पीएसए से बेतहाशा खौफजदा हैं। श्रीनगर के पास के एक स्कूल में उनकी ड्यूटी है। जिस स्कूल में वह पढ़ाते हैं वहां दिन में बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं और रात को सुरक्षाकर्मी विश्राम के लिए! कक्षाओं में पड़ा उनका सामान और तनी पर लटकतीं वर्दियां बच्चों के दिलो-दिमाग में खौफ भरती हैं। कुछ साल पहले यह आलम नहीं था। उनका कहना था कि घाटी के आधे से ज्यादा स्कूलों में आपको यही आलम मिलेगा। बच्चे मानसिक रोगी हो रहे हैं और युवा भी अवसाद का जबरदस्त शिकार हैं। ऐसा नहीं है कि अगस्त 2019 से पहले कश्मीर खामोश था लेकिन इस कदर असामान्य नहीं था। वहां के सूत्र बताते हैं कि बड़ी तादाद में किशोर और युवा विभिन्न नशों का शिकार हो रहे हैं। अफीम और हीरोइन वहां आम पाई जाती है। पंजाब में जिसे 'चिट्टा' कहते हैं, वह भी। गौरतलब तथ्य है कि तमाम नशे शेष देश की बनिस्बत कश्मीर में बहुत सस्ते मिलते हैं। उपलब्ध भी आसानी से हो जाते हैं। क्यों? इसका पुख्ता जवाब किसी के पास नहीं। पंजाब में कश्मीर से आई नशों की खेप कई बार पकड़ी गई लेकिन जम्मू और कश्मीर में कभी कोई नशा तस्कर गिरफ्त में आया हो, यह खबर शायद आपने नहीं देखी-सुनी होगी। सरहद पर सख्त पहरा है तो आखिर मौत का यह है जखीरा आ कहां से रहा है? नशों के फैलते नर्क और उनके सौदागरों की बाबत शासन-व्यवस्था का कोई अंग कभी नहीं बोलता। इस पर रिपोर्ट भी नहीं होती। कश्मीर के एक वरिष्ठ पत्रकार का कहना है कि यह सौ फीसदी सच है कि अब घाटी में हथियारों से ज्यादा नशों का दबदबा है लेकिन मुख्यधारा का मीडिया इसे कवर नहीं करता। हमारी कलमों पर पहरेदारी है। इससे ज्यादा क्या कहा जाए कि किसी 'साजिश' के तहत नशों में डूबे कश्मीर को न देखा जाता है और न दिखाया जाता है।

यकीनन कश्मीर नई अंधी सुरंग की ओर बढ़ता जा रहा है। खासकर युवा वर्ग। बेरोजगारी और अवसाद तो मुख्य वजहें हैं ही। कदम-दर-कदम अपमानित होने की भावना भी इससे वाबस्ता है। कश्मीरी नौजवान किससे 'अपमानित' हो रहे हैं, यह जगजाहिर है। थोड़ी छानबीन करने के बाद पता चलेगा कि पंजाब के नशा मुक्ति केंद्रों में कश्मीरी युवाओं के प्रतिशत में 2019 के बाद कितना ज्यादा इजाफा हुआ है। खासकर स्वयंसेवी संगठनों और राज्य सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्रों में। जालंधर स्थित एक बड़े अस्पताल के डीएडिक्शन विभाग के प्रभारी डॉक्टर कहते हैं कि हम अपने यहां दाखिल किसी भी मरीज का, चाहे वह कहीं का भी हो, रिकॉर्ड शेयर नहीं करते। उन्हीं डॉक्टर से पता चलता है कि बड़ी तादाद में कश्मीरी युवाओं के अभिभावक उन्हें जैसे-जैसे नशा मुक्ति केंद्र में लाते हैं और उनका इलाज शुरू होता है। कई ऐसे हैं जो इलाज के बाद चले गए लेकिन वापिस आए क्योंकि नशे ने उन्हें फिर अपनी जद में ले लिया था। केंद्र का दावा है कि कश्मीर में खूब विकास हो रहा है लेकिन 'विकास' का एक चेहरा यह भी है! राहुल गांधी ने भी साफ शब्दों में कहा था कि उन्हें कश्मीर में विकास नाम की चिड़िया कहीं नहीं दिखी। राहुल गांधी ने अपनी प्रेस वार्ता में कहा कि कश्मीर में बेइंतहा बेरोजगारी है, बिजली और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं और आजिज लोगों की आवाज सुनने वाला कोई नहीं। हुकूमत बहरी है। राहुल के शब्दों पर गौर कीजिए कि, 'मुझे लगा कि जो कुछ भी जम्मू और कश्मीर में हो रहा है, इसे लेकर कोई भी एक्साइटेड नहीं है।'



जम्मू विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान की पूर्व प्रोफेसर रेखा चौधरी कहती हैं कि घाटी का युवा निराशा के दौर में है। आम आदमी भी। राहुल गांधी के आने से कुछ माहौल तो जरूर बना क्योंकि इससे पहले राजनीतिक गतिविधियां नहीं हो रही थीं। श्रीनगर स्थित रियासत के प्रमुख राजनीतिक विश्लेषक बशीर मंजर के अनुसार, 'घाटी में निराश लोगों को राहुल गांधी में एक उम्मीद नजर आई है। जबसे अनुच्छेद-370 हटा, सियासी गतिविधियां ठप हो गईं। तमाम नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया था या फिर घरों में कैद। अधिकांश को छोड़ तो दिया गया लेकिन शून्य बरकरार रहा।' बशीर मंजर आगे कहते हैं, 'अवाम का कोई प्रतिनिधि नहीं है। हुकूमत नौकरशाह चला रहे हैं। उनका आम लोगों से कोई संपर्क ही नहीं है। बेतहाशा परेशानी के आलम में अगर कोई राष्ट्रीय स्तर का राजनीतिक रहनुमा आकर उनके साथ संवाद रचाता है तो उनमें उम्मीद जगना स्वाभाविक है कि कोई हमारी भी बात करने लगा है। सियासी तौर पर 2019 के बाद कश्मीरी आवाम लावारिस हो गया था।'

बहरहाल, राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा ने बेशक जो उम्मीद जगाई अथवा जताई हो लेकिन सूरत-ए-हाल यह है कि कश्मीर में हालात उतने सुखद कतई नहीं हैं, जिनकी बाबत सरकार के लोग दावा करते हैं। अपने अंतर्विरोध में डूबी केंद्र सरकार कश्मीर के प्रति रत्ती भर भी ईमानदार, कम से कम घाटी में तो दिखाई नहीं देती। ऐसा वहां के लोगों का मानना है। नहीं तो क्या वजह है कि जब अमित शाह, अजीत डोभाल या राज्यपाल मनोज सिन्हा जब लाल चौक की ओर जाते हैं तो कर्फ्यू लगा दिया जाता है या फिर खुद ही लोग घरों से बाहर नहीं निकलते। निकलें तो कैसे? हर दहलीज पर संगीनों का पहरा है! सत्यपाल मलिक जब राज्यपाल थे तो न्यूनतम ही सही, लोगों की थोड़ी-बहुत सुनवाई हो जाती थी। लेकिन यह सिलसिला अब बंद है। जब तमाम बड़े-छोटे कश्मीरी आतंकवादी धर पकड़े गए या मार दिए गए तो फिर भी कश्मीर सामान्य क्यों नहीं है? हुर्रियत नेता गिलानी फौत हो गए और यासीन मलिक तिहाड़ में उम्र भर के लिए बंद हैं। बेशुमार अन्य कश्मीरी अतिवादी भी बाहर की जेलों में सलाखों के पीछे हैं तो फिर...?

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# मोदी जी के अमृतकालीन बजट में है क्या

## प्रसंगवश

एच.एल. दुसाध



मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट पेश हो चुका है. इसके पेश होने के एक दिन पूर्व पीएम नरेंद्र मोदी ने दावा किया था कि वित्त मंत्री सीतारमण की ओर से एक फरवरी, 2023 को पेश होने वाले बजट पर सिर्फ भारत ही नहीं,बल्कि पूरे विश्व की नजर है.इसके जरिये डांवाडोल वैश्विक आर्थिक हालात में जिस तरह से भारत से उम्मीद लगायी गयी है,उसे पूरा करने की कोशिश की जाएगी.मोदी के इस बयान के कुछ देर बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को पहली बार संबोधित करते हुए बजट को लेकर संकेत देते हुए कहा था, 'हमें वर्ष 2047 तक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना है ,जो अतीत के गौरव से जुड़ा हो और जिसमे आधुनिकता का स्वर्णिम अध्याय हो.ऐसा भारत जो आत्मनिर्भर हो और जो मानवीय दायित्वों को पूरा करने में समर्थ हो.' तो 2047 तक राष्ट्रपति के सपनो के भारत निर्माण वाला बजट निर्धारित तिथि पर पेश हो गया जिस पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है,' अमृतकाल का पहला बजट विकसित भारत के लिए सशक्त आधारशिला का निर्माण करेगा .यह गरीबों, मध्यम वर्ग और किसानों सहित एक महत्वाकांक्षी समाज के स्वपनों को पूरा करेगा. मैं ऐतिहासिक बजट के निर्मला सीतारमण और उनकी टीम को बधाई देता हूँ.' प्रधानमंत्री के सुर में सुर मिलाते हुए देश में नंबर दो की हैसियत रखने वाले अमित शाह ने भी दावा किया है ' यह सर्वसमावेशी और दूरदर्शी है,जो अमृतकाल की मजबूत आधारशिला रखेगा.'

किन्तु 2024 में प्रधानमन्त्री पद के संभावित दावेदार राहुल गाँधी का कहना है कि 'अमृत काल' बजट में नौकरियों पैदा करने के लिए कोई विजन नहीं, मंहगाई से निपटने का कोई योजना नहीं ,असमानता को दूर करने का कोई इरादा नहीं है. यह बजट साबित करता है भारत के भविष्य के निर्माण के लिए कोई रोड मैप नहीं है'. वहीं वंचितों की सबसे बड़ी आवाज बसपाध्यक्ष मायावती के अनुसार,' पहले की तरह पिछले नौ वर्षों में भी बजट आते-जाते रहे जिसमें घोषणाओं , वादों ,दावों की बरसात की जाती रही.लेकिन, वे सब बेमानी हो गए जब मध्यम वर्ग मंहगाई, गरीबी व बेरोजगारी की मार के कारण निम्न मध्यम वर्ग बन गया. इस वर्ष का बजट भी अलग नहीं है.'


क्या है भारत की वर्तमान अप्रिय स्थिति? ऑक्सफैम की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार जहाँ टॉप की 10 प्रतिशत आबादी का 72 प्रतिशत धन-दौलत पर कब्जा हो चुका है, वहीं नीचे की 50 प्रश आबादी महज 3प्रश धन पर जीवन निर्वाह करने के लिए विवश है. 2006 से वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की ओर से प्रकाशित हो रही 'ग्लोबल जेंडर गैप' की 2021 की रिपोर्ट के हिसाब से भारत महिला सशक्तिकरण के मोर्चे पर अपने प्रतिवेशी मुल्कों : बांग्लादेश, नेपाल, भूटान , म्यांमार, श्रीलंका इत्यादि से पीछे चला गया है तथा यहाँ की आधी आबादी अर्थात 65 करोड़ से अधिक महिलाओ को आर्थिक रूप से पुरुषों के बराबर आने में 257 साल लगने हैं. जुलाई 2022 के तीसरे सप्ताह में 'वर्ल्ड पावर्टी क्लॉक' से पता चल चुका है कि भारत नाइजेरिया के 8,30,05,482 के मुकाबले 8,30,68,597 गरीब पैदा कर 'वर्ल्ड पावर्टी कैपिटल' अर्थात विश्व गरीबी की राजधानी बन चुका है. पिछले वर्ष जब मोदी 15 अगस्त को देश को आजादी का अमृत महोत्सव में डूबोने का उपक्रम चला रहे थे ,उन्ही दिनों शिक्षा के क्षेत्र में एक अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट प्रकाशित हुई,जिससे पता चला था कि भारत घटिया शिक्षा के मामले में मलावी नामक एक छोटे से देश के बाद विश्व में दूसरे स्थान पर काबिज हो गया है. इस अप्रिय स्थिति के आईने में यदि बजट का आंकलन किया जाय तो मोदी, शाह,नड्डा, सीतारमण के दावे पर करुणा ही होगी. लेकिन इस बजट पर मोदी- शाह की हाँ में हाँ मिलाते हुए प्रभुवर्ग के आर्थिक विश्लेषक नाच रहे हैं. मोदी सरकार का भोंपू बन चुके ये बुद्धिजीवी, अर्थशास्त्री बजट का तो जयगान कर ही रहे हैं : सबसे बड़ी बात यह है कि वे बहुत दावे से एक स्वर में कहे जा रहे हैं कि 'बहुत दिनों से अटकलें लगायी जा रही थीं कि सामने नौ राज्यों का चुनाव है और फिर अगले साल लोकसभा का चुनाव है अतः अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम बजट को मोदी विकास के बजाय बजट को लोक लुभावन बनायेंगे. लेकिन प्रधानमंत्री की सोच अटल है और वे बजट को लोकलुभावन के बजाय विकास केन्द्रित बना दिए हैं.' लेकिन सब समय मोदी की छवि बनाने में मशगूल इन दानिशमंद लोगों ने आयकर और विनिवेश पर सरकार की सोच में आये बदलाव को ठीक से समझने का प्रयास ही नहीं किया . अगर करते तो पता चलता मोदी जनता के ताकत की अनदेखी न कर सरेंडर की मुद्रा में आ गए हैं.

जनता की ताकत का कोई जवाब नहीं, इसलिए हर शासक को उसकी भावना का आदर करना पड़ता है हैः चाहे वह मोदी जैसा क्रूर व देश विरोधी तानाशाह ही क्यों न हो। और लोकतंत्र में जनता को अपनी ताकत दिखाने का अवसर मिलता है चुनावों में : खासकर आम चुनावों में! मोदी सरकार ने आगामी दिनों होने वाले नौ राज्यों और लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखा है इसलिए 2023- 24 का जो आम बजट पेश हुआ है, उसमें आगामी चुनावों में जनाक्रोश से बचने का भाव ही परिलक्षित हुआ है, जिसका सबसे बड़ा असर आयकर और खासकर विनिवेश के क्षेत्र में पड़ा है. सात लाख तक के आय पर कोई टैक्स नहीं, यह बजट के लोक लुभावन होने का बड़ा प्रमाण है. नयी आयकर नीति के फलस्वरूप सरकार पर 37,000 करोड़ का आर्थिक बोझ पड़ेगा, सरकार कर्मचारी वर्ग अर्थात बहुजनों को प्लीज करने के लिए यह बोझ उठाएगी. किन्तु सबसे बड़ा सरेंडर सरकार ने विनिवेश के मोर्चे पर किया है. वाया निजी क्षेत्र सारा कुछ सवर्णों के हाथों में सौपने पर आमादा मोदी सरकार 2014 में सत्ता में आने के बाद से ही विनिवेश का बड़ा-बड़ा लक्ष्य निर्धारित करती रही. यह बात और है कि वह हर साल अपने लक्ष्य से खासा दूर रह गयी.बावजूद इसके 2019-20 में 105,000 करोड़ रुपये, 2020-21 में 210,000 करोड़ रुपये और 2021-22 में 175,000 करोड़ रुपये के विनिवेश का लक्ष्य रखा. किन्तु उसके बाद 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए अपना लक्ष्य छोटा करना शुरू किया किया,जिसका असर पिछले साल के बजट से दिखना शुरू हुआ. 2022-23 में में मोदी सरकार छः अंकों के बजाय पांच अंको में लक्ष्य निर्धारित करते हुए 65,000 करोड़ रखा . अब उसने वित्त वर्ष 2023- 24 के लिए विनिवेश का लक्ष्य सिर्फ 51,000 करोड़ रखा है. विनिवेश पर यह सारा खेल आगामी चुनावों,खासकर लोकसभा चुनाव में बहुजन मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए खेला गया है. लेकिन बहुजन मतदाताओं को इसके भुलावे में नहीं आना चाहिए. 2024 का चुनाव जीतते ही मोदी सरकार पिछले दो वित्त वर्ष में हुए विनिवेश के कम लक्ष्य की भरपाई के लिए सीधे लक्ष्य को छः अंको में पहुचाते हुए 2 लाख करोड़ कर सकती है.क्योंकि इसे 2025 में संघ 100 जयंती वर्ष में हिन्दू राष्ट्र घोषित करते हुए गैर- सवर्णों को उस स्टेज में पहुचाना है,जिसका निर्देश हिन्दू धर्म- शास्त्र देते हैं.ऐसे में हिन्दू राष्ट्र का सपना तभी पूरा हो सकता है, जब देश के अथोर्पार्जन के समस्त अवसर और सपदा- संसाधन शत प्रतिशत सवर्णों के हाथ में में जाए.इसके लिए सर्वोत्तम उपाय है विनिवेश के लक्ष्य को एक्सट्रीम पर पहुचाना! इस बात को ध्यान में रखते हुए संघ प्रशिक्षित पहले प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बाकायदे विनिवेश मंत्रालय खोलकर देश बेचना शुरू किया. बाद में डॉ.मनमोहन सरकार(2004-2014 ) ने 2004 से 2014 के दौरान विनिवेश के जरिये देश की संपत्ति-कंपनियों को निजी हाथ में देने के वाजपेयी सरकार के एजेंडे पर काफी हद तक विराम लगा दिया. इस प्रक्रिया में विनिवेश की गाड़ी थम सी गयी. लेकिन उसके बाद सत्ता में आई मोदी सरकार ने 2015 में नीति के तौर पर खुले तौर पर निजीकरण की घोषणा की. सरकार ने खुले आम घोषणा कर दी कि सरकार का काम बिजिनेस करना नहीं है. उसके बाद सरकार युद्ध पर विनिवेश के जरिये देश निजी क्षेत्र के हाथों में देने में मुस्तैद हो गयी ! बहरहाल विनिवेश के जरिये सारा कुछ सवर्णों के हाथ में देने जुनून के साथ जुटी मोदी सरकार भले ही आगामी चुनावों को देखते हुए नए बजट में विनिवेश का लक्ष्य न्यूनतम स्तर पर पहुचाने की घोषणा कर दी हो,पर 2024 में सत्ता में वापसी के बाद यह लक्ष्य सालाना दो लाख करोड़ से उपर जा सकता है. ऐसे में बहुजनों को मोदी सरकार के कार्यकाल में विनिवेश के न्यूनतम लक्ष्य के भुलावे में नहीं आना चाहिए!

बहरहाल जब 2024को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार जब विनिवेश के मुद्दे पर रणनीतिक बदलाव ला सकती है, तब विपक्ष को भी इस पर अपनी नई रणनीति अख्तियार करने का मन बनाना चाहिए. इसके तहत विपक्ष को दो संदेश देना चाहिए. पहला, सत्ता में आने पर बेची गई सरकारी परिसंपत्तियों और कंपनियों की समीक्षा कराएंगे और यदि प्रायोजन पड़ा तो हम फिर से इनका राष्ट्रीयकरण करेंगे.

**(लेखक बहुजन डाइवर्सिटी मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं.संपर्कः 9654816191)**

## व्यंग्य



# ब से बजट ब से बहस

अशोक गौतम

लो जी! जनता के दरबार में बजट फिर पेश हो गया।बजट पेश होते ही दावों दिखावों का बाजार अब कुछ दिन गरम रहेगा। टीवी पर ये वे अपने अपने दावे पेश करेंगे। गरमागरम बहस होगी। कोई इसे ऐतिहासिक बताएगा तो कोई उपहासिक। कोई इसे सालाना बताएगा तो कोई पाक्षिक!

पर मध्यमवर्गीय व्यक्ति को न इतिहास का पता है न उपहास का । उसे तिलस्मी विकास दर से भी कोई लेना देना नहीं! विकास दर तो उनकी जादूगरी है। उसे इनकम टैक्स की बदलती स्लैब से भी कोई सरोकार नहीं। वह तो बारहों महीने रोता हुआ वर्तमान में जीता है। उसे तो बस इतना पता है कि जो नमक महीना पहले बीस का आता था अब तीस रुपए किलो हो गया है। आटा जो पहले तीस रुपए किलो मिलता था, वह चालीस हो गया है। सब्जियों के दाम पहले उसके सिर को छू रहे थे अब आसमान छू रहे हैं। पानी मिला दूध जो पिछले महीने पचास रुपए था, दूधवाला कह गया है की अगले हफ्ते से वह पचपन रुपए किलो हो जाएगा। मन है तो अभी बता दो वर्ना... अखबारों की विकास दर में हुई बढ़ोतरी के बीच अब सवाल ये कि कल से परिवार के हर सदस्य के पेट को रस्सी से और कितना बांधा जाए?

इसलिए वह बजट पर कोई बहस नहीं कर रहा। वह मौन है। खामोश है। दूसरे जो वह बहस करना भी चाहे तो उसे बहस करनी आती भी नहीं। उसे पता है कि जो वह घर के बजट तक को लेकर भी बहस करेगा तो मुंह की खाएगा। घर का एक सदस्य भी उसकी बहस के समर्थन में खड़ा न होगा। और तब उसे अपने से अपना समर्थन वापस लेने में ही अपनी भलाई लगेगी।

उसे घर के सदस्यों को रोटी, कपड़े, किराए का मकान जुगाड़ने से फुर्सत मिले फिर तो वह आम बजट पर बहस करे। उसके पास बजट पर बहस से भी जरूरी अनेकों मुद्दे बहस करने के लिए फटी जेबों में ठसाठस भरे पड़े हैं जिनमें पैसों के सिवाय और सबकुछ मजे से टिका रहता है। उसे घरेलू मुद्दों से ठसाठस भरी फटी जेबों से फुर्सत मिले तब तो बजट पर बहस की बारी आए। अभी तो घर में बड़े की फीस के मुद्दे को लेकर बहस होनी है। बहुत कहा था कि बेटेजी! प्राइवेट बीए कर लो। पर नहीं, कॉलेज में जाकर ही बीए करना चाहता था। कहता था, घर में एक्सपोजर नहीं मिलेगा। वह एक्सपोजर चाहता है।

आज बहस का मुद्दा ये है कि अबकी बार पिछले महीने की तरह दो किलो दाल इस महीने पूरा महीना क्यों नहीं चली?

आम बजट पर बहस के बदले अभी बहस का मुद्दा ये है कि तथाकथित सौ ग्राम घी अबके कौन चाट गया? जबकि सेहत में तो किसीकी कोई इजाफा नहीं हुआ।

आम बजट पर बहस के बदले अभी बहस का मुद्दा ये है कि कल से चावल कितने कम पड़ेंगे ताकि बचे चावल पूरा महीना चलें।

उसके बाद छोटे की नई किताबों के मुद्दे पर बहस की बारी है। उसे भी बहुत कहा था कि सेकेंड हैंड किताबें ले आ कबाड़ी की दुकान से। पढ़ना ही तो है। पर नहीं, उसे रिवाइज्ड अडिशन चाहिए जिसमें नई लेटेस्ट जानकारी हो। उसे कौन समझाए कि नई जानकरी को पैसे भी तो चाहिएं बाप की जेब में। उसके बाद मुनिया के स्कूल की ड्रेस के मुद्दे पर बहस होगी। उसे कितनी बार कहा था कि याद रखना! अब नई ड्रेस अगली क्लास में होने पर ही मिलेगी। पर पता नहीं कहां अपनी सहेलियों के साथ खेलती उसे फाड़ आई।

उसके बाद ये जो घर का मुखिया घरवाली से बिन पूछे उधार में अपने लिए नए जूते लाया है, बहस में वह मुद्दा रखा जाएगा। क्या जरूरत थी अभी नए जूते लाने की ? घर में दसियों पुरानी चीजें पड़ी हैं जिनको जूतों से पहले बदलना जरूरी है। साहब के पुराने जूतों में सोल भी तो डलवाए जा सकते थे। पर नहीं,घर के मुखिया हो तो जो मन चाहे करो। अरे घर के मुखिया ही तो हो। कोई देश के प्रधानमंत्री तो नहीं हो। ये तो कोई बात नहीं होती कि किसीके पास दो साल पुरानी फटी चप्पल और कोई उधार में नए जूते ले आए। महीनों घर से बाहर जाने का नहीं होता तो क्या फटे चप्पल द्वार पर सजाए रखें? घर का बाप है तो क्या हुआ? देखो बापजी! लोकतंत्र में हर वोट की कीमत बराबर होती है। बीड़ी से बीड़ी जला आम बजट से भी अति संवेदनशील, ज्वलनशील बहस के मुद्दों से बहुत दिनों तक नहीं बचा जा सकता क्यों बिरादर!

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# छानबे विधायक राहुल कोल का मुंबई में निधन


राहुल प्रकाश की फाइल फोटो


सांसद के घर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे लोग

**शोक**

### दूसरी बार अपनादल से चुने गए थे विधायक

### करीब 3 साल कैंसर से लड़ा जंग, अंततः हार गए

### पिता पकौड़ी कोल सोनभद्र से हैं सांसद

**मड़िहान।** छानबे विधायक राहुल प्रकाश कोल का आज गुरुवार को पूर्वाहन मुंबई में इलाज के दौरान निधन हो गया । कैंसर की बीमारी से पीड़ित होने के कारण उनका ईलाज चल रहा था। उनके आवास पर 14 जनवरी को पहुंची अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने मुलाकात की थी। छानबे सुरक्षित विधान सभा क्षेत्र से अपना दल के दूसरी बार विधायक चुने गए थे। उनके निधन पर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, प्रवक्ता राजेश पटेल आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया हैं। बतादें कि जिले की सुरक्षित सीट छानबे विधानसभा से अपनादल एस पार्टी के टिकट पर सन 2017 विधानसभा चुनाव लड़े और भारी अंतर के साथ जीत दर्ज कर पहली बार विधायक चुनें गये। पांच वर्ष कार्यकाल पूरे होने के बाद सन 2022 में अपनादल एस पार्टी के टिकट पर दूसरी बार विधायक चुने गये। जनवरी 2022 से कैंसर की बीमारी से पीड़ित रहे जिनका इलाज मुंबई में चल रहा था। छानबे विधायक का जन्म 4 अगस्त सन 1983 को हुई थी। हाईस्कूल बापू उपरौध इण्टर कालेज लालगंज, इण्टर मीडिएट बीएलजे इण्टर कालेज मीरजापुर, ग्रेजुएशन केबी पीजी कालेज मीरजापुर व एलएलबी चौहनिया वाराणसी से शिक्षा ग्रहण था। छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहें। पिता पकौड़ी लाल कोल वर्तमान में सोनभद्र सुरक्षित सीट से दूसरी बार सांसद है। पत्नी राजगढ़ जिलापंचायत सदस्य है। भाई जगप्रकाश कोल की पत्नी गरिमा सिंह ब्लाक प्रमुख पटेहरा है। मृतक विधायक राहुल कोल की शादी सन 2006 में प्रयागराज जनपद के नैनी में रिंकी सिंह के साथ हुई थी। विधायक को एक बेटा व दो बेटी है। बेटा सम्राट सिंह 11 वर्ष क्लास 4 का छात्र है व दो बेटी अंशिका सिंह 7 का छात्रा व आस्था सिंह 12 वर्ष 5 की छात्रा है। मृतक विधायक का शव विमान द्वारा मुम्बई से लाया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक विधायक का शव उनके निवास पर नहीं पहुँचा था। घटना के बाद विधायक के निवास पर मड़िहान एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, लालगंज एसडीएम ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा पहुँचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। घटना की सूचना पर जनपद के नेताओं व अधिकारियों द्वारा दुःख व्यक्त किया गया।

### राजनीतिक दलों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने व्यक्त किया शोक संवेदना

**लालगंज।** विधायक राहुल प्रकाश कोल की लंबी बीमारी के बाद स्वर्गवास होने पर क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त किया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बालेंदु मणि त्रिपाठी, भाजपा विधानसभा पंचायत पूर्व प्रभारी जय प्रकाश उपाध्याय, पूर्व भाजपा अध्यक्ष लालमणि पांडे, अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव रमाशंकर पटेल, लाल बहादुर सिंह, बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक कृष्णकांत दुबे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हुबलाल दुबे, बसपा के वरिष्ठ नेता धनेश्वर गौतम, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शुक्ला, पन्नालाल सिंह, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण दूबे, पूर्व प्रमुख जय कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख नरेंद्र गिरी, प्रमुख जयंत कुमार आदि ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि विधानसभा की अपूरणीय क्षति हुई।

### मृतक विधायक के घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंची सिराथू विधायक

**मड़िहान।** क्षेत्र के पटेहरा कलां विधायक के निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने सिराथू विधायक पल्लवी पटेल पहुंची जहां विधायक ने लगभग एक घण्टे तक विधायक के घर पर रूककर चचेरे भाई दिलीप कोल से जानकारी प्राप्त कर शोक संवेदना व्यक्त की।

# वन विभाग की जमीन पर कब्जा, गरजा बुलडोजर


अवैध कब्जे को ध्वस्त करती वन विभाग की टीम

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के अकोढ़ी गांव में वन विभाग के करीब 32 बीघा जमीन पर किए गए कब्जे पर बने कमरे को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। इस मौके पर वन विभाग और पुलिस के लोग मौजूद रहे। कब्जा धारकों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेजा जा चुका है। इसमें फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में सेवानिवृत कानूनगो को भी जेल भेजा जा चुका है। सरकारी जमीन पर कब्जा की शिकायत गांव के ही युवक ने जिलाधिकारी से की थी।

जिस पर कब्जा धारकों ने उसे गैपुरा बाजार से लौटते समय बाइक सवार युवक पर जानलेवा हमला कर पिटाई की थी। तहरीर मिलने के बाद सक्रिय पुलिस ने हमलावरों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया था। जिला प्रशासन से की गई शिकायत की जांच आरंभ हुई। जिसमें आरोप सही पाया गया। जिस पर पुलिस ने अतिक्रमणकारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वन विभाग के करीब 30 बीघा जमीन जिसकी कीमत करोड़ों में है। जिस पर कब्जा बनाए रखने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार कराया गया।

जिसमें मदद करने वाले वाराणसी के सेवानिवृत्त हो चुके कानूनगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गुरुवार को वन विभाग के जमीन पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने कब्जा कर बनवाये गए कमरे को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया।

# वाहन चेकिंग के दौरान 11 किग्रा गांजा बरामद


अवैध गांजा का खुलासा करते एसपी

**मीरजापुर।** जनपद में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए व्यापक पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए प्रभावी कदम उठाने के लिए आदेश दिए गए हैं। जिसमें थाना प्रभारी राजगढ़ राणा प्रताप यादव के द्वारा पुलिस बल के साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान स्कूटी सवार रमेश सिंह पुत्र स्व मानवेन्द्र सिंह निवासी मझिगवां थाना ड्रमंडगंज मीरजापुर को पकड़ लिया गया। स्कूटी पर बैग में रखे हुए कुल 11.300 किग्रा अवैध गांजा जिसकी कीमत 2 लाख 40000 रुपए बरामद किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल दिया गया। वहीं परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी को सीज कर दिया गया।

पुलिस टीम के द्वारा किए गए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक ने दस हजार रूपए से पुरस्कृत कर पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया गया।

**कामयाबी**

### पुलिस ने एक आरोपी सहित स्कूटी वाहन किया जब्त

# जनपद में नकली शादी असली लूट, दो गिरफ्तार

**खुलासा**

### दूसरी शादी करने वाली महिला समेत गैंग के दो पकड़े गए

### दूल्हा लौटा बैरंग, दुल्हन गई जेल



फर्जी शादी का खुलासा करते एसपी

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली पुलिस ने विवाह के नाम पर लोगों को लूटने वाले गैंग के महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया हैं। जिसका खुलासा एसपी संतोष मिश्र ने पुलिस लाइन में किया। लुटेरा गैंग को आगरा निवासी पीड़ित धनी राम की शिकायत पर पकड़ा गया।

गिरफ्तार महिला विवाहिता होने के बाद भी वारदात को अंजाम देने के लिए उसने 29 जनवरी को विवाह किया। विदाई के दौरान रेलवे स्टेशन से फरार हो गई थी। पुलिस लाइन में एसपी संतोष कुमार मिश्र ने गुरुवार को विवाह के नाम पर लूटने वाले गैंग का खुलासा किया। बताया कि 2 दिन पूर्व कटरा कोतवाली में आगरा खनौली थाना क्षेत्र के भवानी नगला निवासी धनीराम पुत्र मोहन सिंह ने विवाह के बाद अपनी पत्नी की रेलवे स्टेशन से गायब हो जाने की सूचना दी। उसका विवाह 29 जनवरी को कराया गया। इसके लिए उससे 1.10 लाख लिया गया। विवाह कराया गया। विवाह के बाद विदाई के लिए वह लोग रेलवे स्टेशन आये। इसी दौरान नव विवाहिता पूजा सामान सहित फरार हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू किया। जांच के दौरान इस बात का पता चला की शादी के नाम पर लोगों को लूटने वाला गैंग सक्रिय हैं। पुलिस ने पूजा उर्फ लीलावती पत्नी सुदामा कैथी राबर्टसगंज और प्रदीप कुमार पुत्र फूलचंद लुरकुटिया मड़िहान को गिरफ्तार किया।

पूजा के पास से 5 हजार रुपया बरामद किया गया। जांच में खुलासा हुआ कि यह गैंग लोगों को विवाह कराने के नाम पर बुलाता हैं। गैर जनपद में विवाह करता है। विवाह में होने वाले खर्च के लिए लड़के से ही खर्च के लिए रुपए लेता था। विवाह हो जाने के बाद झांसा देकर निकल जाते थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गैंग के अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। पकड़ी गई महिला पहले से शादीशुदा होने के बावजूद वारदात को अंजाम देने के लिए विवाह किया था।

## संक्षेप

### नाबालिग के साथ छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना विन्ध्याचल मीरजापुर पर 27 दिसम्बर 2022 को थाना विन्ध्याचल क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध अपनी नाबालिक पुत्री के साथ छेड़खानी करने व जान से मारने की धमकी के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना विन्ध्याचल पर धारा 354, 504, 506 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट व 3(1)द ध व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट बनाम रवि कुमार पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। गुरूवार को उ.नि. रविकान्त मिश्रा चौकी प्रभारी गैपुरा मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से नामजद आरोपी रविकुमार बिन्द पुत्र घनश्याम बिन्द निवासी महुआडाढ़ थाना विन्ध्याचल मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा।

### भेड़ों को जहर देकर मारने का लगाया आरोप, दी तहरीर

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गजरिया गांव निवासी पशुपालक कृष्ण बहादुर पाल ने गांव निवासी एक व्यक्ति पर विवाद को लेकर हाते के भीतर मौजूद डेढ़ सौ भेड़ में एक भेड़ को जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दी गई तहरीर में पशुपालक ने आरोप लगाया कि बीते बुधवार को तीन बजे दिन में गांव निवासी एक व्यक्ति ने विवाद किया था और कहा कि तुम्हे बर्बाद कर देंगे। आरोप लगाया कि बुधवार की रात में हाते में पहुंचकर उसी व्यक्ति ने भेड़ को जहर दे दिया जिससे एक भेड़ की मौत हो गई। भेड़ के पास जहर की पुड़िया मिली है। पशुपालक की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि पशुपालक की तहरीर पर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### सामान्य निकाय के निर्वाचन हेतु अभिलेख 6 फरवरी तक कराएं उपलब्ध

**मीरजापुर।** जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी/सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन आयुक्त, उ.प्र.राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग, लखनऊ द्वारा सहकारिता, आवास, मत्स्य, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, खादी तथा ग्रामोद्योग, दुग्ध, रेशम तथा उद्योग विभाग की निर्वाचन योग्य समस्त प्रारम्भिक सहकारी समितियों (सहकारिता विभाग के सहकारी संघ एव क्रय विक्रय को छोड़कर) के सामान्य निकाय के गठन हेतु प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु 06.03.2023, प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों के निर्वाचन हेतु 18.03.2023 एवं सभापति, उपसभापति तथा अन्य समितियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु 19.03.2023 की तिथियां नियत की गयी है। निर्वाचन कार्यक्रम 27.02.2023 से प्रारम्भ है। अतः उक्त विभाग से सम्बन्धित योग्य समस्त प्रारम्भिक सहकारी समितियां निर्वाचन कराने हेतु निम्नलिखित अभिलेख 06.02.2023 तक प्रत्येक दशा में इस कार्यालय में उपलब्ध करायें।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वीप्स का दिया गया प्रशिक्षण

**हलिया।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलिया में बृहस्पतिवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किशोरियों व गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर वीकली आयरन फोलिक एसिड सप्लीमेंट (वीप्स) व आगामी राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस 10 फरवरी के तहत कृमि नाशक दवा के बारे में डॉ. रीना पटेल की अध्यक्षता में प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. रीना पटेल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वीप्स के बारे में जानकारी देते हुए आयरन और फोलिक एसिड दवाओं के सेवन के तरीके बारे में जानकारी दी। बताया कि किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं में होने वाली आयरन व फोलिक एसिड की कमी को दूर करने के लिए दवाओं की जानकारी दी। कहा कि किशोरियों में आयरन की कमी दूर करने के लिए सप्ताह में आयरन की एक गोली किशोरियों को खिलाना है। कांउसलर सुचेता विश्वकर्मा ने बताया कि किशोरियों को आयरन की कमी से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देकर उन्हें आयरन की गोलियां खाने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान डॉ. सुरेश कनौजिया, बीसीपीएम अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### भाजपा जिला कार्यसमिति व डाटा प्रबंधन कार्यशाला संपन्न

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी मीरजापुर की जिला कार्यसमिति एवं डाटा प्रबंधन कार्यशाला कटरा बाजीराव स्थित एक लान के सभागार कक्ष में तीन सत्रों में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह आये अतिथियों व जिला कार्यसमिति सदस्यों एवं अन्य पदाधिकारियों का स्वागत अभिनन्दन कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने पिछले दो माह का एवं आगामी तीन माह के सभी कार्यक्रमों पर विस्तार से बताया एवं बजट 2023-24 हितकारी बजट की सराहना की। साथ में राष्ट्रीय कार्यसमिति में पास किये गये राजनीतिक प्रस्ताव का जिला कार्यसमिति ने अभिनन्दन किया। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी ने अपने वक्तव्य में बताया कि आगामी सभी कार्यक्रमों को कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचायें जो हमारी डबल इंजन की सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाएं दी जा रही।

### 10वीं की छात्रा को पुलिस ने किया बरामद

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की हाई स्कूल की छात्रा को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रानीबाग चौराहे से बरामद कर मेडिकल व आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजा दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव की कक्षा 10 की किशोरी 23 जनवरी को अपने घर से सुबह दस बजे विद्यालय पढ़ने गई थी जो शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की। कोई जानकारी न मिलने पर परिजनों ने उसी रात किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की सूचना पुलिस को थी। जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किशोरी की खोजबीन में जुट गई थी। गुरुवार को चौकी प्रभारी नरायनपुर रणविजय सिंह को मुखबिर से सूचना मिली की रानी बाग चौराहे पर अपहृत छात्रा कहीं जाने के फिराक में चौराहे पर खड़ी है। जिसमें चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर किशोरी को बरामद कर मेडिकल मुआयना के लिए भेज दिया।

### आत्म निर्भर भारत अभियान थीम प्रदर्शनी का उद्घाटन आज

**मीरजापुर।** आजादी के अमृत महोत्सव मनाये जाने के क्रम में जनपद मीरजापुर में खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा आत्म निर्भर भारत अभियान वोकल फार लोकल थीम पर आधारित दस दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन कल 3 फरवरी 2023 को दोपहर एक बजे जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी/जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ध्यान चन्द ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रदर्शनी में जनपद के ग्रामोद्योग संबंधित विभिन्न उद्यमियों के द्वारा उत्पादित सामानों के स्टाल लगाईं जाएगी, इसके अलावा इस पास के दुकानदारों द्वारा भी खादी उत्पाद सामानों के स्टाल लगायी जाएगी।

### पत्रकार को पितृ शोक

**मीरजापुर।** जिले के जिगना से जनसंदेश टाइम्स के संवाददाता विभूति नारायण सिंह उर्फ बबलू सिंह के पिता जीत बहादुर सिंह 90 अवकाश प्राप्त शिक्षक की आकस्मिक मृत्यु हो गई। लंबी बीमारी के बाद पिता की आकस्मिक मृत्यु हो जाने के बाद पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है। जनसंदेश कार्यालय पर पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति को लेकर भगवान से प्रार्थना किया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में ब्यूरो चीफ संजय दुबे, नितिन अवस्थी, प्रभात मिश्रा, नितीश पाठक, दीपचन्द, संतोष मिश्रा व मुकेश पाण्डेय, आलोक मिश्र आदि पत्रकार रहे।

# ग्रामीणों का बैकुंठपुर में धरना प्रदर्शन, लगाई न्याय की गुहार

**मांग**

### बाजार के सम्भ्रांत लोगों पर हरिजन एक्ट लगवाने की देते है धमकी

### भू माफियाओं का दबदबा


प्रदर्शन करते ग्रामीण

**अदलहट।** पुलिस चौकी नरायनपुर अंतर्गत ग्रामसभा बैकुंठपुर में गुरुवार को भूमाफियाओं द्वारा प्रताड़ित किये जा रहे ग्रामीण महिला पुरुष व दिब्यांगों ने धरना प्रदर्शन कर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

मामला बैकुंठपुर हरिजन बस्ती से जुड़ा हुआ है। जहां पर लगभग तीस से चालीस वर्षों से काबीज लोगों के साथ भू माफियाओं का दल दबंगई पर आरुढ हो गया है। घर की महिलाएं भी डरी और सहमी हुई है।

ज्ञात हो बैकुंठपुर के छन्नूलाल हरिजन से रजिस्ट्री कराई हुई जमीनों पर काबीज पीड़ित दिनेश चौरसिया, अशोक, विनोद, दिलीप, माया शंकर, लालचंद प्रसाद, विजय कुमार, दयाशंकर, सुजीत कुमार सिंह, प्रेम, अरुण कुमार, विद्या चौरसिया, आराधना चौरसिया, संतला देवी, मकबूल, नेहरू महमूद, रामविलास गुप्ता, लालजी, राम जी के साथ-साथ दो दिब्यांग (अंधे) व्यक्ति महबूब उर्फ मुदानी, अरुण कुमार के साथ भी यही स्थिति बनी हुई है। पीड़ितों ने बताया कि हम अपनी जमीन पर लगभग तीस से चालीस सालों से काबिज है हमारे दादा परदादा यह जमीन छन्नूलाल से खरीदी थी। आज स्थिति यह है कि छन्नूलाल के पोते मोतीलाल उस जमीन को मंगला प्रसाद नामक हरिजन को पुनः बेच करके हमारे घरों को नोटिस भिजवा कर घर खाली करने की धमकी दे रहा है। यही नहीं घर न खाली करने की स्थिति पर एससी एसटी एक्ट में फंसाने, गुंडों से मारने पीटने की धमकी दे रहे है। भूमाफियाओं से पीड़ित लोगों ने शासन से गुहार लगाया है कि हम लोगों को ऐसे भू माफियाओं, दबंग किस्म के लोगों, एससी एसटी जो कि संविधान ने सुरक्षा के रूप में दिया है उसको असलहे के रूप में प्रयोग करने वालो का जांच कर न्याय दिलाई जाय।

### प्रधान की लापरवाही से नहीं हो सका राशन की दुकान का चयन

**जिगना।** विकासखंड छानबे में बृहस्पतिवार को गौरा गांव में सरकारी गल्ले की दुकान हेतु समय निश्चित किया गया था। उसके बावजूद भी ग्राम प्रधान बेचन सिंह के द्वारा टालमटोल देखने को मिला। वही एडीओ पंचायत, एडीयो कोऑपरेटिव द्वारा बैठक न होने से नाराजगी जाहिर करते हुए सचिव अखिलेंद्र राज सिंह से कार्यवाही लिखवाया। बैठक में टालमटोल ग्राम प्रधान द्वारा किया जा रहा है। एडीओ पंचायत द्वारा यह बताया गया कि अगली डेट डीपीआरओ अरविंद जयसवाल के द्वारा निश्चित किया जाएगा। एडीओ पंचायत प्रभा शंकर पटेल द्वारा यह बताया गया कि डीपीआरओ द्वारा ही अध्यक्ष चुना जाएगा। जिससे दुकान के आवंटन हेतु प्रस्ताव कराया जा सके। उन्हीं के द्वारा ही प्रस्ताव कराया जाएगा। इस दौरान एडीओ पंचायत प्रभा शंकर पटेल, एडीओ कोआपरेटिव वेद प्रकाश, शैलेंद्र कुमार, गौरव श्रीवास्तव, अजय सिंह, राम प्रसाद सिंह, पवन सिंह, प्रबल सिंह, शिवराज सिंह, सिद्धि राज यादव, ब्रह्म प्रताप सिंह बंटी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में टेंट हाउस में लगीआग


आग लगने के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीण

**नुकसान**

### लाखों का सामान जलकर राख

**कलवारी।** मड़िहान थाना क्षेत्र के जमुई बाजार में संदिग्ध परिस्थितियों में टेन्ट हाउस की दुकान में आग लग गई। घर के अंदर से धुआं उठता देख पड़ोसियों द्वारा परिजनों को सूचना दी गयी। परिजन के पहुँचते ही ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने में जुट गये। ग्रामीण जमुई गांव निवासी ओमप्रकाश केशरी की बाजार स्थित टेंट की दुकान है परिवार के साथ उसी मकान में निवास करते हैं, गुरुवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में घर में आग लग गयी। उस समय परिजन घर पर नही थे। पड़ोसियों द्वारा घर आग लगने की सूचना पर पहुँचे गृहस्वामी आग बुझाने के प्रयास में जुट गये देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर पंहुची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना देते हुये बचाव कार्य मे जुट गई। घंटों कड़ी मशक्कत के बाद फायर बिग्रेड की टीम आग पर काबू पाया तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया। गृह स्वामी ने बताया कि लाखों रुपये आलमारी में रखा था। आग लगने से सब कुछ जलकर राख हो गया। जानकारी होने पर तहसीलदार फूलचंद यादव ने जांच पड़ताल कर क्षतिपूर्ति का आश्वासन दिया।

# हेल्थ एटीएम क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि : सीएमओ

**जमालपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को विशाल मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन और हेल्थ एटीएम मशीन का उद्घाटन गुरुवार को विधायक ने फीता काटकर कर किया। फाइलेरिया रोगियों को बाल्टी, मग, साबुन के साथ क्रीम का वितरण किया गया।

**आयोजन**

### मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

वहीं सन 2008 से स्वास्थ्य विभाग से जुड़े आठ आशा कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। एसीएमओ डा ए के राय ने बताया कि इस एटीएम हेल्थ मशीन से इसीजी, शूगर, ब्लड प्रेशर सहित 75 तरह की जांच मुफ्त में किया जाएगा जो जिले में अब तक आठ मशीनें लगाई गई है। सीएमओ डा राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि हेल्थ एटीएम क्षेत्र के लिए बहुत बडी उपलब्धि है। सीएचसी चिकित्सा प्रभारी डा राजन सिंह ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि रैंकिंग के क्षेत्र में सीएचसी उत्तर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है और आप सभी के सहयोग से सेन्ट्रल में रैंकिंग के लिए चयन हुआ है। कार्यक्रम का समापन खंड विकास अधिकारी रविन्द्र नरायण सिंह ने किया। वही संचालन एचीओ राम अनुज सिंह ने किया। इस दौरान मनो चिकित्सक मीरजापुर डा पूजा सिंह, डा सुची त्रिपाठी, पूर्व ब्लाक प्रमुख आनंद सिंह बंटू, आलोक सिंह, डा अंकूर, डा रहमान, सच्चिदानंद, मनीष, पंकज सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### मंडलीय पेंशन अदालत आज

मीरजापुर। मंडलायुक्त डा.मुथुकुमार स्वामी बी की अध्यक्षता में कल 03 फरवरी को आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय पेंशन अदालत आयोजित की गई है। मंडलायुक्त द्वारा सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए अपेक्षा की गई है कि अपने-अपने जनपद के लम्बित पेंशन प्रकरणों का उक्त बैठक के पूर्व निस्तारण कराने का कष्ट करें।

### बच्चों के लिए बनवाया जाय पार्क : एसपी

**मीरजापुर।** पुलिस लाइन आवासीय परिसर का भ्रमण कर चल रहे मरम्मत व निर्माण कार्य का एसपी ने जायजा लिया तथा बच्चों के खेल-कूद हेतु पार्क निर्माण कराने का निर्देश दिया। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस लाइन स्थित आवासीय परिसर का भ्रमण व निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा आवासों के चल रहे मरम्मत, निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को निर्माण कार्य के दौरान उचित व्यवस्थापन कराते हुए साफ-सफाई, पेयजल सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी दौरान आवासों निवास करने वाले महिलाओं एवं बच्चों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के बारें में जानकारी की गयी एवं निस्तारण कराने हेतु उपस्थित अधिकारीगण को निर्देश दिये गये। पुलिस लाइन भ्रमण के दौरान आवसीय परिसर में खेल रहे बच्चों पर पुलिस अधीक्षक की नजर पड़ी तो बच्चों से वार्ता कर उनके खेल-कूद हेतु पार्क निर्माण कराने के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। उक्त पुलिस लाइन आवासीय परिसर भ्रमण, निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर व लाइन-परमानन्द कुशवाहा, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन राम दुलार यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आचार्य शुक्ल ने हिंदी साहित्य को दिया बड़ा योगदान : सुरेश चंद्र मिश्र

**कार्यक्रम**

### रामचंद्र शुक्ल विंध्य विश्वविद्यालय की हो स्थापना : भोलानाथ कुशवाहा

### आचार्य शुक्ल की मनायी गयी 82 वीं पुण्य तिथि


मंच पर आसीन संयुक्त विकास आयुक्त

**मीरजापुर।** आचार्य रामचंद्र शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में आचार्य शुक्ल की 82वीं पुण्यतिथि उनके बरौधा कचार स्थित पार्क में मनायी गयी। मुख्य अतिथि संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चंद्र मिश्र ने आचार्य शुक्ल की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

उन्होंने कहाकि आचार्य शुक्ल ने आजीवन हिंदी साहित्य की सेवा की और बड़ा योगदान दिया। हम ऐसे मनीषी की पुण्यतिथि मना रहे हैं जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। अध्यक्षता कर रहे भोलानाथ कुशवाहा ने कहाकि आचार्य शुक्ल का नाम आज साहित्य जगत में बहुत आदर के साथ लिया जाता है क्योंकि उन्होंने अपनी प्रतिभा के बल पर हिंदी साहित्य को बहुत कुछ दिया है। उन्होंने कहा कि जनपद में स्थापित होने वाले विश्वविद्यालय का नाम आचार्य रामचंद्र शुक्ल विंध्य विश्वविद्यालय' रखा जाय। राजेंद्र त्रिपाठी उर्फ लल्लू तिवारी ने कहाकि आचार्य शुक्ल जीवन पर्यन्त हिंदी साहित्य के विकास के लिये प्रयत्नशील रहे। आचार्य रामचंद्र शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान के प्रबंधक राकेश चंद्र शुक्ल ने आचार्य शुक्ल के जीवन यात्रा के महत्वपूर्ण विंदुओं की चर्चा करते हुए कहाकि उनका लेखन मनोवैज्ञानिक रहा है। संस्थान के प्रधानाचार्य आशीष चंद्र शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजित कवि गोष्ठी में अनुज प्रताप सिंह, डॉ अनुराधा ओस, आनंद अमित, इम्तियाज अहमद गुमनाम, हौसिला प्रसाद, केदारनाथ सविता, अमरनाथ आदि ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत शुक्ल ने किया।

# स्पोर्ट्स

## नई दिल्ली मैराथन से एशियाई खेलों का टिकट पक्का करना चाहेंगे देश के शीर्ष धावक

**नई दिल्ली।** श्रीनू बुगाथा, ए बेलियप्पा और ज्योति सिंह गवाटे सहित भारत के शीर्ष धावक इस साल के अंत में चीन में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ 26 फरवरी को यहां नई दिल्ली मैराथन में भाग लेंगे। ज्योति ने पिछले साल तीन घंटे एक मिनट और 20 सेकेंड के समय के साथ खिताब अपने नाम किया था। वह अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगी। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) और फिट इंडिया रेस के तत्वाधान में होने वाला यह आयोजन जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर यही पर खत्म होगा। यह दौड़ हुमायूं का मकबरा, लोधी गार्डन और खान मार्केट जैसे शहर में स्थित प्रमुख स्थलों के पास से गुजरेगी। एएफआई ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि नयी दिल्ली मैराथन एशियाई खेलों की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता सीरीज का हिस्सा होगी।



# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धमाल मचाने को तैयार रवींद्र जडेजा, एनसीए में पास किया फिटनेस टेस्ट

### जडेजा ने तमिलनाडु के खिलाफ किया बेहतरीन प्रदर्शन, श्रेयस का खेलाना संदिग्ध

**बेंगलुरु।** भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ फरवरी से शुरू होने वाले पहले टेस्ट में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। क्रिकेट समाचार वेबसाइट क्रिकबज की गुरुवार की एक रिपोर्ट अनुसार, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने बुधवार को जडेजा की फिटनेस रिपोर्ट जारी की, जिसमें उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी गई है। जडेजा अब नागपुर का रुख करेंगे, जहां भारतीय टीम पहला टेस्ट शुरू होने से पूर्व चार-दिवसीय कैंप में अभ्यास करेगी। गौरतलब है कि जडेजा ने भारत के लिये आखिरी मैच अगस्त 2022 में




एशिया कप में खेला था।

सौराष्ट्र के 34 वर्षीय हरफनमौला को वहां लगी घुटने की चोट की सर्जरी करवानी पड़ी, जिसके कारण वह पांच माह तक क्रिकेट से दूर रहे। जडेजा ने 24-27 जनवरी को खेले गये रणजी मुकाबले में सौराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रिकेट पिच पर वापसी की। जडेजा ने इस मैच में 41.4 ओवर फेंके और दूसरी पारी में सात विकेट भी झटके, जिसके बाद उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की मंजूरी दे दी गई। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला नौ फरवरी से नागपुर में खेला जायेगा, जबकि अन्य तीन मैच क्रमशः दिल्ली, धर्मशाला और अहमदाबाद में खेले जायेंगे। बता दें कि हाल ही में जडेजा ने तमिलनाडु के खिलाफ सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया। उन्होंने मैंच में सात विकेट लिए। अपने प्रदर्शन से साबित किया की वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वह पूरी तरह तैयारा हैं। वहीं, मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर चोट के चलते पहले दो टेस्ट से टीम से बाहर हो गए हैं। अय्यर को पीठ की चोट के कारण न्यूजीलैंड सीरीज से बाहर कर दिया गया था।

वह ऑस्ट्रेलिया टेस्ट की शुरूआत से पहले फिट होने के लिए एनसीए को तुरंत रिपोर्ट किया था। अय्यर की फिटनेस स्थिति की निगरानी करने वालों ने अभी तक स्पष्ट रूप से उन्हें नागपुर टेस्ट में हिस्सा न लेने की सलाह दी है। वह बेंगलुरु में एनसीए में बने रहेंगे और दिल्ली में 17 फरवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होने के लिए अपने रिहैब पर काम करेंगे।

## महिला आईपीएल ऑक्शन की आ गई डेट मुंबई में होगी खिलाड़ियों की नीलामी

**नई दिल्ली।** मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में 13 फरवरी को महिला प्रीमियर लीग के लिए नीलामी की मेजबानी करेगा। बीसीसीआई के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। फ्रेंचाइजियों के अनुरोध के बाद बीसीसीआई ने यह तारीख तय की है। बता दें कि पहली बार महिला आईपीएल का आयोजन किया जाएगा। क्रिकबज के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को तारीख और स्थान पर निर्णय लेने में कुछ समय लिया। बीसीसीआई ने निर्णय लेने से पहले कुछ प्रमुख मुद्दों पर विचार किया। उनमें से एक शादी के कारण सुविधाजनक स्थान नहीं मिल पा रहा था। वहीं, दूसरी तरफ महिला आईपीएल की बोली जीतने वाली कई फ्रेंचाइजियां पहले से ही कई सारे लीग में व्यस्त हैं। फ्रेंचाइजियों ने बीसीसीआई से अनुरोध किया था कि आइटीएल20 के फाइल के बाद नीलामी की तारीख रखी जाए। बीसीसीआई ने इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया। वहीं, महिला टी20 विश्व कप को देखते हुए बीसीसआई ने महिला प्रीमियर लीग के लिए ऑक्शन 13 फरवरी को निर्धारित की है। ऑक्शन जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। बता दें कि बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में स्थित जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर एक विशाल इमारत है, जो एक सांस्कृतिक केंद्र है, जिसमें एक साथ कई कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि बोर्ड प्रबंधक नीलामी को केंद्र में कराने का विकल्प तलाश रहे हैं। आईपीएल के एक सूत्र ने पुष्टि की है कि कन्वेंशन सेंटर में नीलामी होगी।

## इरफान पठान ने कोहली को दिया सुझाव, कहा- स्पिनरों के खिलाफ थोड़ा और आक्रामक होकर खेलें

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने विराट कोहली को स्पिन को खेलने को लेकर सुझाव दिया है। पठान का मनाना है कि नागपुर में 9 फरवरी से शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए विराट कोहली, नाथन लियोन की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलियाई स्पिनरों के खिलाफ कुछ और आक्रामक होने की कोशिश कर सकते हैं।



कोहली सीमित ओवरों के क्रिकेट में फॉर्म में लौट आए हैं, फिर भी दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के साथ-साथ श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान स्पिनरों के खिलाफ उनकी कमियों से पार नहीं पा पाए हैं। साथ ही उनका टेस्ट क्रिकेट में फॉर्म वापस नहीं आया है। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में बातचीत के दौरान कहा, ₹मुझे पता है कि हम यहां टेस्ट क्रिकेट के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन कभी-कभी उन्हें स्पिन के खिलाफ थोड़ा अधिक आक्रामक होना चाहिए। यह आपको उस मुकाबले में बेहतर बना सकता है, जब आप नाथन लियोन जैसे खिलाड़ियों का सामना कर रहे हों। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगर यह देखने के इच्छुक हैं कि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में कैसा प्रदर्शन करते हैं।

## बटलर और मलान के शतक के बाद जोफ्रा आर्चर ने लगाया 'छक्का', इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 59 रन से हराया

### आर्चर ने दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाजों को चलता किया

**किम्बरले (दक्षिण अफ्रीका)।** कप्तान जोस बटलर और डाविड मलान की शतकीय पारियों के बाद दो साल में अपनी पहली श्रृंखला खेल रहे तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के छह विकेट से इंग्लैंड ने तीसरे एकदिवसीय मैच में दक्षिण अफ्रीका को 59 रन से हराकर सांत्वना जीत दर्ज की। तीन मैचों की श्रृंखला को पहली ही गंवा चुकी इंग्लैंड की टीम इस मुकाबले में भी 14 रन पर तीन विकेट खोकर मुसीबत में थी लेकिन सलामी बल्लेबाज मलान की 118 और बटलर की 131 रन की पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 232 रन की साझेदारी के दम पर उसने सात विकेट पर 346 रन बनाने के बाद दक्षिण



अफ्रीका को 43.1 ओवर में 287 रन पर आउट कर दिया। आर्चर ने दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाजों को चलता किया। उन्होंने 9.1 ओवर में 40 रन देकर छह विकेट चटकाये। आर्चर ने दक्षिण अफ्रीका के आखिरी बल्लेबाज तबरेज शम्सी को बोल्ड कर टीम की जीत पर मुहर लगाई। दक्षिण अफ्रीका इस साल भारत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप के लिए स्वतः क्वालीफाइंग हासिल करने से अब भी बाहर है और उसे हर मैच में जीत की जरूरत है। टीम के पास स्वतः क्वालीफिकेशन हासिल करने के लिए नीदरलैंड के खिलाफ दो वनडे बाकी हैं। इंग्लैंड ने इस विश्व कप के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया है। जेसन रॉय (1), बेन डकेट (0) और हैरी ब्रूक (6) के सस्ते में पवेलियन लौटने के बाद मलान और बटलर ने शुरूआत में संभल कर बल्लेबाजी के बाद आक्रामक तेवर अपनाते हुए दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को हावी होने का मौका नहीं दिया। मलान ने 114 गेंद की पारी में सात चौके और छह छक्के जबकि बटलर ने 127 गेंद की पारी में छह चौके और सात छक्के जड़े। मोईन अली ने इसके बाद 23 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 43 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने इस मैदान का सर्वोच्च एकदिवसीय स्कोर बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम था। श्रीलंका ने 2012 में पांच विकेट पर 304 रन बनाये थे। दक्षिण अफ्रीका ने इस मैच में कगिसो रबाडा और एनरिच नॉर्किया को विश्राम दिया था। लुंगी एनगिडी ने 62 रन देकर चार विकेट के साथ टीम के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे।

## अहमदाबाद में मैच देखने जाएंगे पीएम नरेंद्र मोदी ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी भेजा न्योता

**नई दिल्ली।** इस महीने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने जा रही है। पहला टेस्ट 9 फरवरी को नागपुर में खेला जाएगा। इस सीरीज को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के नाम से भी जाना जाता है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को लेकर यह सीरीज बेहद अहम है। इस बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। सीरीज के चौथे मैच को देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद जाएंगे। पीएम मोदी के साथ ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भी इस मैच को देखने आ सकते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद में होने वाले सीरीज के चौथे और अंतिम टेस्ट मैच को देखने के लिए पीएम मोदी भी स्टेडियम पहुंचेंगे। इतना ही नहीं, ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीस भी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के इस अंतिम



मैच का गवाह बनने भारत आएंगे।

टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों देशों के प्रधानमंत्री स्टेडियम में खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते नजर आएंगे। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में शुमार है। इस स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 9 मार्च से शुरू होगा। दिलचस्प है कि जब से इस स्टेडियम का नाम पीएम मोदी के नाम पर रखा गया है, वह पहली बार कोई क्रिकेट मैच देखने के लिए अहमदाबाद जाएंगे।

# पीएसजी की जीत में लियोनेल मेस्सी का गोल, एमबाप्पे चोटिल...रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के गोल से बासीलीना भी जीता

**पेरिस।** विश्व कप विजेता फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने मोंटपेलियर एफसी के खिलाफ पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की 3-1 से जीत में एक गोल किया जबकि टीम के एक अन्य दिग्गज कीलियान एमबाप्पे पेनल्टी पर दो बार चूकने के बाद चोटिल हो गये। इस जीत से लीग वन (फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग) की तालिका में पीएसजी ने शीर्ष पर स्थिति मजबूत करते हुए अपनी बढ़त पांच अंक की कर ली।

मेस्सी ने मैच के 72वें मिनट में गोलकर पीएसजी की बढ़त को 2-0 कर दिया। उनसे पहले फाबियान रुइज ने 55वें मिनट में टीम का खाता खोला था जबकि वॉरेन जैरे-एमरी ने आखिरी लम्हों (90+2 मिनट) में गोल कर टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। इस







बीच मोंटपेलियर के लिए 89वें मिनट में अरनोद नॉर्डिन ने गोलकर हार के अंतर को कम किया। एमबाप्पे मैच के 21वें मिनट में लंगडाते हुए मैदान से बाहर चले गये। पीएसजी के कोच क्रिस्टोफ गाल्टियर ने हालांकि मैच के बाद कहा कि उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं दिख रही। अन्य मैचों में गत चैम्पियन मार्सिले ने नैनटेस को 2-0, नीस ने लेंस को 1-0 से हराया। मोनाको ने ऑक्सेरे के खिलाफ 3-2, रेंस ने स्ट्रासबर्ग के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की जबकि लियोन ने ब्रेस्ट को गोलरहित ड्रॉ पर रोका

***लेवांडोव्स्की के गोल से बासीलीना भी जीता***

**मैड्रिड।** रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के गोल से बासीलोना ने ला लीगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) में रीयल बेटिस को बुधवार को यहां 2-1 से शिकस्त देकर खिताब के लिए अपना दावा और मजबूत किया। इस जीत से टीम ने 50 अंक के आंकड़े को छू लिया। बासीलोना के नाम 19 मैचों में 16 जीत के साथ 50 अंक है जबकि दूसरे स्थान पर काबिज रीयल मैड्रिड के नाम 18 मैचों में 42 अंक है।

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने इस लीग में अक्टूबर के बाद पहला गोल किया जिससे प्रतिस्पर्धी मुकाबले में बासीलोना की लगातार छठी जीत सुनिश्चित हुई।

पोलैंड के इस दिग्गज खिलाड़ी के नाम इस लीग के मौजूदा सत्र में अब 14 गोल है। वह इस मामले में अब सबसे आगे है। बासीलोना के लिए राफिन्हा ने मैच के 65वें मिनट में पहला गोल किया जबकि लेवांडोव्स्की ने 80वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया।

डिफेंडर जूल्स कुंडे ने मैच के 85वें मिनट में आत्मघाती गोल किया जिसने बासीलोना के जीत के अंतर को कम किया।

## चोट से उबरने की प्रक्रिया में सही दिशा में आगे बढ़ रहे जॉनी बेयरस्टो एशेज वापसी के लिए प्रतिबद्ध

**लंदन।** इंग्लैंड के मध्यक्रम बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो घरेलू एशेज श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बन सकते हैं क्योंकि वह चोट से उबरने की प्रक्रिया में सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। पिछले साल सितंबर में वह गोल्फ कोर्स में फिसल गये थे और उनकी टांग में चोट लगी थी तथा उनका टखना 'डिस्लोकेट' (अपनी जगह से हट



जाना) हो गया था जिस कारण वह ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप और फिर पाकिस्तान के दौरे में नहीं खेल पाये थे। फिर बेयरस्टो को पैर की सर्जरी करानी पड़ी। एशेज इस साल जून-जुलाई में आयोजित की जायेगी और अगर यह 33 साल का खिलाड़ी पूरी तरह फिट हो जाता है तो वह टीम में चुने जाने के लिये पहली पसंद होंगे क्योंकि वह इंग्लैंड की बल्लेबाजी को मजबूती प्रदान करते हैं। पिछले साल बेयरस्टो बेहतरीन फॉर्म में थे, उन्होंने चार टेस्ट शतक जड़े थे लेकिन फिर उन्हें यह चोट लग गई। 'यार्कशर पोस्ट' के अनुसार बेयरस्टो ने बुधवार को मेरिलबोन क्रिकेट क्लब के 'स्पिरिट ऑफ क्रिकेट' पैनल में कहा, 'इसमें (पैर की चोट में) सुधार हो रहा है, हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। चोट को लगे अब साढ़े चार महीने के करीब हो गये हैं। बेयरस्टो ने हालांकि एशेज तक वापसी के बारे में सकारात्मक हैं लेकिन उन्होंने वापसी की सही तारीख नहीं बताई। उन्होंने कहा, मुझे अभी तक वापसी के लिये कोई तारीख नहीं मिली है, मैं सर्जन को इस महीने के अंत में दिखाऊंगा तो इंतजार कर रहा हूं कि यह कैसा रहता है।

# शुभमन गिल : ये 'गिल' मांगे मोर..ना कम ना आधा...शुबमन मांगें 'सारा ही सारा'

**अहमदाबाद।** भारत ने अहमदाबाद में तीसरे टी20 में न्यूजीलैंड को 168 रनों से हराकर टी20कक्रिकेट इतिहास की अपनी सबसे बड़ी जीत (रनों के लिहाज से) दर्ज की है। इस जीत के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की। टी20कमें भारत ने अपनी पिछली सबसे बड़ी जीत आयरलैंड को 143-रन से हराकर दर्ज की थी। भारतीय ओपनर बल्लेबाज शुबमन गिल बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शतक जड़ने वाले इतिहास के सबसे युवा क्रिकेटर बन गए। अपने पहले टी20कशतक के साथ गिल ने 23 साल 146 दिन की उम्र में सभी फॉर्मेट में शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की। वह टी20कशतक जड़ने वाले सबसे युवा भारतीय क्रिकेटर भी बने हैं। भारत ने बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना सबसे बड़ा टी20कटोटल दर्ज किया। अहमदाबाद में तीसरे टी20कमें भारत ने ओपनर शुबमन गिल के 126*(63) रन की मदद से पहले बल्लेबाजी करते हुए 234/4 का स्कोर बनाया। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का सर्वाधिक टोटल 208/6 था। टी20कमें भारत का यह पांचवां सबसे बड़ा टोटल भी है। भारतीय ओपनर शुबमन गिल ने बुधवार को अपना पहला टी20कशतक जड़ा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20कमैच में अपने करियर की छठी पारी में उन्होंने 54-गेंद में शतक पूरा किया। वह टी20कमें शतक लगाने वाले भारत के सातवें पुरुष बल्लेबाज हैं। कुल मिलाकर यह शुबमन का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में छठा शतक है। 23 साल के युवा शुबमन गिल क्रिकेट मैदान पर अपनी स्टाइलिश बल्लेबाजी के अलावा अपने लुक्स को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी काफी फॉलोइंग युवा फैन्स भी उनके दीवाने हैं। छोटे से करियर में ही शुबमन गिल के कुछ अफेयर के चर्चे भी रहे हैं। भारतीय क्रिकेट के भगवान माने जाने वाले सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर के साथ अफेयर को लेकर कई तरह की बातें



सामने आती रही हैं। सारा और शुबमन गिल को लेकर फैन्स ने ऑनलाइन बातें कही हैं, यहां तक कि स्टेडियम में भी फैन्स शुबमन गिल को सारा तेंदुलकर का नाम लेकर चिढ़ाते रहे हैं। हालांकि, दोनों की ओर से कभी भी इसको लेकर कोई बात नहीं कही गई है। सिर्फ सारा तेंदुलकर ही नहीं हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान के साथ भी शुबमन गिल का नाम जोड़ा गया था।
126* रन बनाए शुबमन गिल ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध अहमदाबाद में। यह अब टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वाधिक निजी स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम था जिन्होंने पिछले साल एशिया कप में अफगानिस्तान के विरुद्ध नाबाद 122 रन बनाए थे।

## ड्रेसिंग रूम में नस्लीय और धमकाने जैसे हंसी मजाक से बचें क्रिकेटर्स, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एंड्रयू स्ट्रॉस का आग्रह

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एंड्रयू स्ट्रॉस ने क्रिकेटरों से आग्रह किया कि वे ड्रेसिंग रूम के अंदर ऐसे हंसी मजाक से बचें जिसमें नस्लीय उत्पीड़न या धमकाने जैसी बात आये जिससे अजीम रफीक प्रकरण जैसे विवादों से बचा जा सके। पाकिस्तान में जन्में क्रिकेटर रफीक एक दशक तक काउंटी टीम यार्कशर के लिए खेले, उन्होंने ब्रिटेन के 'डिजिटल, संस्कृति, मीडिया एवं स्पोर्ट' (डीसीएमएस) विभाग को नवंबर 2021 में बताया कि साथी क्रिकेटरों द्वारा नस्लीय टिप्पणियों और व्यवहार से वह अपनी जिंदगी को खत्म करने के बारे में भी सोचने लगे थे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के क्रिकेट निदेशक स्ट्रास ने बुधवार को लाडर्स में मेरिलबोन क्रिकेट क्लब काउड्रे भाषण में कहा कि अलग अलग राष्ट्रीयता वाले खिलाड़ी अब ड्रेसिंग रूम में पहले से ज्यादा दिखने लगे हैं इसलिए साथी क्रिकेटरों को कुछ भी कहने और करने से पहले थोड़ा सतर्क रहना चाहिए। इंग्लैंड के



सबसे सफल कप्तानों में से एक स्ट्रॉस ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा, हम खेल में विभिन्न लिंग, जाति और अलग तरह की मान्यतायें रखने वाले खिलाड़ियों के साथ होते हैं और शायद ड्रेसिंग रूम में होने वाली ऐसी बातचीत या मजाक से बचने की जरूरत है जो नस्लीय न लगे। पूर्व कप्तान एंड्रयू स्ट्रॉस ने 'खेल भावना' की महत्ता पर भी जोर दिया और कहा कि पिछले डेढ़ साल पहले अजीम रफीक प्रकरण ने इंग्लैंड क्रिकेट की छवि को नुकसान पहुंचाया और इससे दिखाया कि खेल की छवि को बचाये रखने के लिये काफी कुछ किये जाने की जरूरत है।

# जंग का साल पूरा होने पर रूस करेगा बड़ा हमला: यूक्रेन के डिफेंस मिनिस्टर का दावा, 5 लाख रूसी सैनिकों की टुकड़ी तैयार

## यूक्रेन के डिफेंस मिनिस्टर ओलेक्सी रेजनिकोव ने दावा किया है कि 24 फरवरी को जंग का एक साल पूरा होने पर रूस बड़ा हमला प्लान कर रहा

**मास्को।** यूक्रेन के डिफेंस मिनिस्टर ओलेक्सी रेजनिकोव ने दावा किया है कि 24 फरवरी को जंग का एक साल पूरा होने पर रूस बड़ा हमला प्लान कर रहा है। इसके लिए लाखों सैनिकों को इकट्ठा किया जा चुका है।

रेजनिकोव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा है कि हमलों को केवल टैंक, फाइटर जेट्स और लंबी दूरी की मिसाइलों से रोका जा सकता है।

रेजनिकोव ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि रूस ने ऑफिशियली बताया है कि उन्होंने 3 लाख सैनिकों की टुकड़ी तैयार की हुई है, पर हमारे अनुमान के मुताबिक ये संख्या कहीं ज्यादा है। नया हमला करने के लिए रूस ने 5 लाख सैनिकों को तैनात किया हुआ है।



रेजनिकोव के दावों का अमेरिका के इंस्टीट्यूट फॉर स्टडी ऑफ वॉर ने भी समर्थन किया है। इंस्टीट्यूट का कहना है कि पश्चिमी यूक्रेन में रूस तेजी से आगे बढ़ने की कोशिश करेगा। इसके लिए वो बड़े हमले करने की तैयारी कर रहा है।

ओलेक्सी रेजनिकोव ने यह भी बताया कि बुधवार को रूसी हमले में क्रामटोरस्क में 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि डोनटेस्क इलाके में एक रिहायशी इमारत पर दागी गई मिसाइल में 8 लोग घायल हुए हैं। बचाव कार्य अभी चल रहा है जिसके चलते घायलों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

***यूक्रेन को नहीं मिलेंगे एफ-16 फाइटर: बाइडेन नहीं माने, जंग का रुख बदलने के लिए जेलेंस्की के मंत्री ने की थी मांग***

रूस से लड़ने के लिए अमेरिका अपने एफ-16 फाइटर जेट्स यूक्रेन को नहीं देगा। सोमवार यानी 30 जनवरी को एक प्रेस कांफ्रेंस में बाइडेन ने यूक्रेन की मांग को खारिज कर दिया है। एक रिपोर्टर ने बाइडेन से पूछा था कि क्या वो यूक्रेन को एफ-16 जेट्स देंगे, जिसके जवाब में उन्होंने सीधे ना कह दिया।

बाइडेन से पहले जर्मनी ने भी अपने फाइटर जेट्स यूक्रेन भेजने से साफ इनकार कर दिया था। यूक्रेन को इस फैसले से काफी निराशा हो सकती है। दरअसल पिछले हफ्ते लेपर्ड टैंक मिलने के बाद यूक्रेन के डिफेंस मिनिस्टर ने फाइटर जेट्स की मांग की थी। उन्होंने अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ मिलकर एक फाइटर जेट गठबंधन बनाने को कहा था, ताकि जंग का रुख बदला जा सके।

### 80 प्रतिशत चुनावी वादों को पूरा किया, दोबारा सरकार बनेगी: सीएम गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार ने 80 प्रतिशत चुनावी वादों को पूरा किया है और 20 प्रतिशत पर काम चल रहा है। गहलोत ने इसके साथ ही कोरोना काल में राज्य सरकार के प्रबंधन को 'पासा पलटने' वाला करार देते हुए दावा किया राज्य में दोबारा कांग्रेस की सरकार बनेगी। गहलोत राज्य विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। कोरोना महामारी के दौरान राज्य सरकार के प्रबंधन का जिक्र करते हुए गहलोत ने कहा, कोरोना के दौरान राज्य सरकार का शानदार प्रबंधन ही 'गेम चेंजर' साबित होगा और राज्य में हमारी सरकार 'रिपीट' होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिकूल हालात के बावजूद वर्ष 2021-22 में राज्य की आर्थिक विकास दर 11.04% रही है एवं राजस्थान की आर्थिक विकास दर देश में आंध्र प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने 80 प्रतिशत वादों को पूरा किया है और 20 प्रतिशत वादों पर काम चल रहा है।

## फिल्म पाकिजा का बनेगा रीमेक, पाकिस्तानी एक्ट्रेस निभाएंगी मीना कुमारी का किरदार

**मुंबई।** पाकिस्तानी अदाकारा मीरा जी सुपरहिट बॉलीवुड फिल्म पाकीजा के पाकिस्तानी रीमेक में काम करती नजर आयेंगी। वर्ष 1972 में प्रदर्शित फिल्मकार कमाल अमरोही की क्लासिक पाकीजा में मीरा जी काम करती नजर आयेंगी। मीरा जी इस फिल्म में मीना कुमारी द्वारा निभाई गई भूमिका निभाती नजर आयेंगी। फिल्म पाकीजा में अशोक कुमार, राज कुमार और मीना कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग मार्च, 2023 से शुरू होगी। इस फिल्म का निर्माण यूएस बेस्ड प्रोडक्शन हाउस द्वारा किया जा रहा है।



## खास खबर

### जम्मू में परफ्यूम आईईडी से तबाही का प्लान फेल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पुलिस ने पहली बार परफ्यूम आईईडी बम बरामद किया है और बताया है कि अगर कोई इसे दबाने या खोलने की कोशिश करता है तो यह फट जाता है। बकौल पुलिस, जम्मू जोन के नरवाल इलाके में हुए 2 धमाकों को लेकर गिरफ्तार हुए रियासी निवासी आरिफ नामक आतंकवादी के पास से यह आईईडी बम बरामद हुआ। दिलबाग सिंह (डीजीपी, जम्मू-कश्मीर) ने कहा, 21 जनवरी को जम्मू के नरवाल में 2 आईईडी धमाके हुए थे। इस घटना से जुड़े आरिफ नामक आतंकी को पकड़ा है जो रियासी का रहने वाला है।

### सीएम गहलोत 10 फरवरी को पेश करेंगे बजट

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 10 फरवरी को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बजट पेश करेंगे। विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति की रिपोर्ट के अनुसार राज्य का आय व्यय अनुमानक 2023-24 (बजट) 10 फरवरी को पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पास वित्त विभाग है। मौजूदा कार्यकाल में उनका यह पांचवा व अंतिम बजट होगा।

### वटेश्वर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

**जौनपुर।** ग्राम गोरैयाडीह, मुंगरा बादशाहपुर स्थित श्री वटेश्वर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरूवात 30 जनवरी 2023, सोमवार से शुरू होकर शुक्रवार 3 फरवरी को श्री महादेव की शोभायात्रा यात्रा और महाप्रसाद के साथ संपन्न होगी। वटेश्वर महादेव मंदिर का इतिहास एक वटवृक्ष से जुड़ा हुआ है। मंदिर के संस्थापक धीरेंद्र प्रसाद पाण्डेय ने बताया उनके पिता श्रीदत्त रामआनंद पाण्डेय ने वट वृक्ष लगाया था और देखते ही देखते एक छोटे से पौधे ने विशालकाय रूप धारण कर लिया जिसकी पूजा अर्चना समस्त ग्रामवासी बरसों से करते आ रहे है। मंदिर का सम्पूर्ण निर्माण कार्य तकरीबन एक वर्ष में पूरा हुआ।

## जलवायु परिवर्तन से लड़ाई के लिए हर साल चार खरब डॉलर की जरूरत

**जी20: असम में शुरू हुई पहली जी20 बैठक, नाइजीरिया ने जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में धन की आवश्यकता पर दिया जोर**

**गुवाहाटी।** असम की राजधानी गुवाहाटी में चल रही पहली जी20 बैठक में जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में विकासशील देशों को बड़ी मात्रा में धन की जरूरत पर नाइजीरिया ने जोर दिया है। गुरुवार से शुरू हुई पहली सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप मीटिंग' (एसएफडब्ल्यूजीएम) में सौ से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें स्थायी वित्तीय समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान नाइजीरियाई सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए 'काफी धन' की जरूरत है। नाइजीरिया के वित्त मंत्रालय के सलाहकार महमूद इसा दुत्से ने यहां चल रही जी20 बैठक से इतर कहा कि जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए दुनिया को हर साल चार खरब डॉलर की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्याओं से लड़ने के लिए बहुत सारे पैसे की जरूरत होती है। अगर हम धन नहीं इकट्ठा कर सकते हैं, तो स्थिरता और जलवायु परिवर्तन का विरोध करने के बारे में बात करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें जीवाश्म ईंधन में कटौती करने के साथ ही हरित प्रौद्योगिकियों को बढ़ाने की आवश्यकता है। दुनिया भर में बढ़ रहे बाढ़ और मरुस्थलीकरण के मामलों का भी उन्होंने जिक्र किया। नाइजीरिया में हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ के बारे में बताता हुए उन्होंने कहा कि इसमें लगभग 600 लोग मारे गए। जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में उपायों को सुझाते हुए दुत्से ने कहा कि दुनिया को जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए सभी कार्यक्षेत्रों के लिए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन के कारण सामने आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है।




### परेश रावल को मिली हाई कोर्ट से बड़ी राहत, विवादित टिप्पणी मामले में कठोर कार्रवाई न करने के आदेश

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता और भाजपा नेता परेश रावल को कलकत्ता हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। उच्च न्यायालय ने तलातला पुलिस को परेश की ओर से ₹बंगालियों के लिए मछली पकाओ₹ टिप्पणी के लिए कोई कठोर कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया है, क्योंकि परेश ने इस पर पहले ही माफी मांग ली थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कोर्ट ने आदेश दिया है कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए परेश से इस मामले में पूछताछ की जा सकती है। वहीं, अदालत अब इस मामले की अगली सुनवाई छह फरवरी को करेगी। बता दें कि पिछले साल गुजरात चुनाव के दौरान परेश रावल ने भी भाजपा की तरफ से राज्य में चुनावी रैलियां की थीं। इस दौरान वह अपने एक बयान की वजह से सुर्खियों में आ गए थे। उनके बयान के बाद अभिनेता पर बंगालियों का अपमान करने के आरोप लगे थे। विवाद बढ़ने के बाद परेश ने सोशल मीडिया पर माफी भी मांग ली थी। उन्होंने सफाई देते हुए कहा था कि उनका यह बयान अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के संदर्भ में था। इन सब के बाद परेश रावल के खिलाफ केस भी दर्ज कराया गया।

# बीजेपी ने की मेघालय की सभी 60 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा

**पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा और मेघालय इकाई के अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी ने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया, मोदी और नड्डा की अध्यक्षता में सीईसी की बैठक में इन नामों को अंतिम रूप दिया गया**


**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मेघालय विधानसभा के लिए फरवरी के अंत में होने वाले चुनावों के मद्देनजर बृहस्पतिवार को राज्य की सभी 60 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा और मेघालय इकाई के अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी ने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया। सिन्हा ने कहा कि मेघालय में भाजपा पहली बार अपने बूते सभी 60 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा की अध्यक्षता में बुधवार को भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में इन नामों को अंतिम रूप दिया गया। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित पार्टी की सीईसी के सभी सदस्य मौजूद थे। मेघालय विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख सात फरवरी है। मतगणना दो मार्च को की जाएगी। भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव में 47 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे और उसे महज दो ही सीट पर जीत मिली थी। सात सीटों पर उसके उम्मीदवार दूसरे और 12 सीटों पर उसके उम्मीदवार तीसरे स्थान पर थे। सिन्हा ने कहा कि मेघालय की जनता भ्रष्टाचार और भाजपा शासित पड़ोस के राज्यों के मुकाबले इस राज्य के विकास की धीमी गति से परेशान है। उन्होंने कहा, सड़कों की हालत खराब है, घंटों बिजल गुल रहती है, उपचार के लिए लोगों को गुवाहाटी जाना पड़ता है। आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय योजनाएं मेघालय पहुंच तो रही है इनका क्रियान्वयन की रफ्तार धीमी है। उन्होंने कहा, इस बार भाजपा ने सशक्त मेघालय का नारा दिया है क्योंकि राज्य की जनता को प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा है। वर्तमान में मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) की अगुवाई में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी), पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ), भाजपा तथा हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (एचएसपीडीपी) की गठबंधन सरकार है और कोनराड संगमा इसका नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि, आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अभी तक किसी भी राजनीतिक दल ने गठबंधन बनाकर चुनाव लड़ने की घोषणा नहीं की है। मेघालय के पिछले चुनाव में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला था। कांग्रेस 21 सीट पर जीत दर्ज कर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी, लेकिन वह बहुमत से दूर रह गई। कोनराड संगमा के नेतृत्व वाली एनपीपी 19 सीट पर जीत के साथ दूसरे नंबर पर थी।



## भूकंप की पूर्व चेतावनी के लिए देश में अभी कोई स्थापित प्रणाली मौजूद नहीं: सरकार

**हालांकि इस संबंध में विभिन्न अनुसंधान किए जा रहे**

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को संसद में कहा कि भूकंप की पूर्व चेतावनी प्रदान करने के लिए देश में अभी कोई स्थापित प्रणाली मौजूद नहीं है, हालांकि इस संबंध में विभिन्न अनुसंधान किए जा रहे हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, वर्तमान में, भूकंप की पूर्व चेतावनी प्रदान करने के लिए देश में कोई स्थापित प्रणाली मौजूद नहीं है। अभी तक, विश्व में कहीं भी ऐसी कोई वैज्ञानिक तकनीक उपलब्ध नहीं है जिससे समय, स्थान और इसकी तीव्रता के संदर्भ में सटीक पूवार्नुमान लगाया जा सके। सिंह ने हालांकि कहा कि राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशाला एवं विश्वविद्यालयों के सहयोग से भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली पर अनुसंधान कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में दर्ज इतिहास को देखते हुए, भारत के कुल भूभाग का 59 प्रतिशत भाग विभिन्न तीव्रता वाले भूकंप का संभावित क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण हर साल समय-समय पर प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से भूकंप पर नियमित जागरूकता अभियान चला रहा है, जिसमें भूकंपों से सुरक्षा के लिए सावधानियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भूकंप के कारण होने वाली जनधन हानि को कम करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो, भवन निर्माण सामग्री और प्रौद्योगिकी संवर्धन परिषद एवं आवास और शहरी विकास निगम आदि द्वारा भूकंप प्रतिरोधी संरचनाओं के डिजाइन और निर्माण हेतु दिशानिर्देश प्रकाशित किए गए हैं।



## बिहार के आईएएस ने डिप्टी कलेक्टर को दी गाली, लोगों के ट्रैफिक सेंस पर भी भड़के, बोले-यहां का आदमी ही ऐसा है

**एक्साइज डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल सेक्रेटरी केके पाठक ने एक अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मुझे लिख कर दो मैं मां-बहन एक करता हूं**

**पटना।** बिहार सरकार में मद्य निषेध विभाग (प्रोहिबिशन एंड एक्साइज डिपार्टमेंट) के प्रिंसिपल सेक्रेटरी केके पाठक का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें पाठक विभाग की मीटिंग के दौरान डिप्टी कलेक्टर को गालियां देते नजर आ रहे हैं। साथ ही बिहार के लोगों को भी भला-बुरा कह रहे हैं।

पाठक कह रहे हैं- यहां लोग रेड लाइट पर भी हॉर्न बजाते हैं। इसके बाद वो गाली देकर कहते हैं कि कभी देखे हो चेन्नई में किसी को लालबत्ती पर हॉर्न बजाते हुए। यहां के लोगों को कोई समझ ही नहीं है। पाठक ने डिप्टी कलेक्टर को गाली देते हुए कहा कि यहां के अधिकारी भी वैसे ही हैं। पाठक एक अधिकारी को निर्देश देते हुए कहते हैं कि मुझे लिखकर दो मैं मां-बहन एक करता हूं। वीडियो में एक अधिकारी की आवाज सुनाई दे रही है जिसमें वो माफी मांग रहा है, लेकिन केके पाठक का गुस्सा इस कदर है कि कहते हैं कि बिहार एडमिनिस्ट्रेशन बेकार है।

इधर, एक्साइज डिपार्टमेंट के मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि वीडियो के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है, मैं ऑफिस जा रहा हूं, पूरे मामले की जांच होगी। वीडियो को लेकर जो बातें कही जा रही हैं अगर वो सही होंगी तो उचित कार्रवाई भी की जाएगी। बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन के महासचिव सुनील तिवारी ने कहा कि केके पाठक को सरकार जल्द से जल्द बर्खास्त करे। वह मानसिक तौर पर विक्षिप्त हो गए हैं। तिवारी ने कहा कि यह एक्साइज डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी होने के साथ-साथ बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड रूरल डेवलपमेंट के भी प्रभारी हैं। वो ट्रेनिंग के दौरान बिहार के अधिकारियों को परेशान करते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्रताड़ना से एक अधिकारी की मौत भी हो चुकी है।



## बोर्ड पेपर में 500 लड़कियों के बीच अकेला बैठा लड़का हुआ बेहोश, अस्पताल में भर्ती

**अधिकारी बोले- उसने फॉर्म में फीमेल भरा था**

**नालंदा।** बिहार में करीब 500 छात्राओं के बीच बिहार बोर्ड की 12वीं की परीक्षा दे रहे अकेले लड़के के बेहोश होने के बाद ज़िला शिक्षा पदाधिकारी केशव प्रसाद ने बताया है कि उसने फॉर्म में मेल की जगह फीमेल भरा था। बकौल प्रसाद, फॉर्म के आधार पर परीक्षा केंद्र तय किया जाता है इसलिए अब केंद्र नहीं बदला जा सकता।

बिहार के नालंदा जिले में एक छात्र पेपर के दौरान ही परीक्षा केंद्र पर बेहोश हो गया। स्कूल प्रशासन ने आनन-फानन में छात्र को उपचार मुहैया कराई और बेहतर इलाज के लिए सदर हॉस्पिटल भेज दिया। इसके बाद उसके परिजनों को सूचित कर दिया। परिजनों के पहुंचने पर जो बच्चे ने वजह बताई उसे सुन आप भी चौंक जाएंगे। बता दें कि बिहार में बोर्ड एग्जाम शुरू हो गए हैं। बुधवार को 12वीं कक्षा का एक छात्र 500 छात्राओं के बीच परीक्षा हॉल में बेहोश हो गया।



छात्र की पहचान 17 वर्षीय मनीष शंकर प्रसाद के रूप में हुई है। छात्र ब्रिलियंट कॉन्वेंट स्कूल सुंदरगढ़ में मैथ का पेपर देने गया था। छात्र के रिश्तेदारों ने दावा किया कि मनीष शंकर प्रसाद परीक्षा केंद्र में एकमात्र पुरुष स्टूडेंट था। जब उसने इतनी बड़ी संख्या में छात्राओं को देखा तो वह घबरा गया और फर्श पर बेहोश होकर गिर पड़ा। छात्र के पिता सच्चिदानंद प्रसाद ने कहा कि स्कूल प्रशासन ने उसकी मदद की और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ घंटे बाद उसे होश आया।

## 15 मिनट तक चिल्लाता रहा मैनेजर: पेड़ से टकराकर मर्सिडीज में लगी आग, लॉक हुई कार में मदद को चीखते रहे, लेकिन...

**गहाद से में कार चला रहे निजी कंपनी के सीनियर मैनेजर की जलकर मौत हो गई**

**नई दिल्ली।** नोएडा के सेक्टर-93 स्थित एल्डिको चौराहे के पास तेज रफ्तार मर्सिडीज कार डिवाइडर पर चढ़कर पेड़ से टकरा गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। हादसे में कार चला रहे निजी कंपनी के सीनियर मैनेजर की जलकर मौत हो गई। आग लगने के बाद कार ऑटोमैटिक लॉक हो गई थी। जिससे वह बाहर नहीं निकल पाए। दर्दनाक हादसे के बाद मंगलवार देर रात को मौके पर पहुंची पुलिस ने कार काटकर शव को बाहर निकाला। कोतवाली फेज टू पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेंट्रल नोएडा के एडीसीपी विशाल पांडेय ने बताया कि रोहिणी, नई दिल्ली निवासी अनुज सहरावत जेसीबी और ट्रैक्टर बनाने वाली फरीदाबाद की एक्शन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट लिमिटेड (एसीई) कंपनी में सीनियर मैनेजर थे।



नोएडा के सेक्टर-168 में भी उनका घर है। मंगलवार देर रात को वह अपनी मर्सिडीज कार से दिल्ली से नोएडा स्थित घर आ रहे थे। सेक्टर-93 में एल्डिको कट के पास तेज रफ्तार मर्सिडीज अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पेड़ से टकरा गई। टकराते ही मर्सिडीज में आग लग गई और कार अंदर से ऑटोमैटिक लॉक हो गई।

कार के अंदर ही अनुज की जलकर मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस व दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार के नंबर के आधार पर मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दी। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि अनुज करीब 15 मिनट तक कार से निकलने का प्रयास करते रहे। तेज आग की लपटों के बीच लॉक कार से वह निकल नहीं सके। आसपास मौजूद लोग भी उनकी मदद नहीं कर पाए। मदद मांगते, मांगते कार के अंदर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसा होते ही मर्सिडीज कार आग का गोला बन गई थी। आग बुझाने के बाद कटर से काटकर शव को बाहर निकाला गया। इसमें करीब एक घंटे से अधिक का वक्त लग गया। इसके बाद मृतक के परिजनों के बारे में पता लगाया गया और उन्हें इसकी सूचना दी गई। देर रात को परिजन दिल्ली से नोएडा पहुंच गए थे। मर्सिडीज जैसी प्रीमियम कारों में आग लगने की घटनाएं हैरान करने वाली है। जानकार बताते हैं कि यह कार कई शानदार सेफ्टी फीचर्स के साथ आती हैं। हालांकि इस तरह की कारों को बनाने में प्लास्टिक, फोम, बिजली के तारों या फैब्रिक का इस्तेमाल होता है।

### भारत दौरे पर आए जाम्बिया के संसदीय शिष्टमंडल नेली मुट्टी, लोकसभा की देखी कार्यवाही

**नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आये जाम्बिया के संसदीय शिष्टमंडल ने गुरुवार को लोकसभा की कार्यवाही देखी। संसद के बजट सत्र के दूसरे दिन लोकसभा की बैठक शुरू होने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने भारत दौरे पर आईं जाम्बिया गणराज्य की नेशनल असेंबली की स्पीकर नेली मुट्टी और वहां के संसदीय शिष्टमंडल का सदन की ओर से स्वागत किया। जाम्बिया के शिष्टमंडल के सदस्य इस दौरान सदन की विशेष दीर्घा में बैठे थे। बिरला ने बताया कि बुधवार को भारत दौरे पर दिल्ली पहुंचा जाम्बिया का शिष्टमंडल शनिवार को आगरा का भ्रमण करेगा। उन्होंने कहा, हम जाम्बिया के संसदीय शिष्टमंडल के सार्थक प्रवास की कामना करते हैं और शिष्टमंडल के माध्यम से जाम्बिया की संसद, वहां की सरकार और जनता को बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। इस दौरान विशेष दीर्घा में मौजूद जाम्बिया के शिष्टमंडल के सदस्य खड़े होकर हाथ जोड़कर अभिवादन करते देखे गये।



**नेपाल के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जनकपुर से अयोध्या लाई गई देवसिला का पूजन हुआ। नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री जानकी मंदिर के महंत ने पूजन किया। वैदिक रीति रिवाज से पूजन के बाद शालिग्राम शिला श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपी गई। इससे पहले, नेपाल के जनकपुर से चलकर शालिग्राम शिला बुधवार की देर रात रामनगरी पहुंची। भगवान विष्णु का स्वरूप मानी जाने वाली इस शिला का रामनगरी में भव्य अभिनंदन किया गया। हाईवे से जैसे ही देर रात शालिग्राम यात्रा ने प्रवेश किया तो जय श्री राम के नारे गूंजने लगे। लोगों ने पुष्प वर्षा की तो जमकर आतिशबाजी भी हुई।**

# शेयर मार्केट में मिला-जुला रुख, सेंसेक्स 224 अंक चढ़ा, निफ्टी 38 छह अंक फिसला

## सेंसेक्स 224.16 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,932.24 अंक पर बंद

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को मिला-जुला रुख रहा। जहां बीएसई सेंसेक्स 224 अंक से अधिक लाभ में रहा, वहीं एनएसई निफ्टी छह अंक नीचे रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 224.16 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,932.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय ऊंचे में यह 60,007.67 अंक तक गया और नीचे में 59,215 अंक तक आया। हालांकि, पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 5.90 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 17,610.40 अंक पर बंद हुआ। अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में लगातार बिकवाली का असर सूचकांक पर पड़ा।



सेंसेक्स के शेयरों में आईटीसी 4.74 प्रतिशत उछला। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और आईसीआईसीआई बैंक भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ एचडीएफसी, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, पावर ग्रिड और एचडीएफसी बैंक नुकसान में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी रही। अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को बढ़त में रहे। अडाणी एंटरप्राइजेज ने बुधवार को कहा कि वह 20,000 करोड़ रुपये का अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) वापस लेने के साथ निवेशकों का पैसा लौटाएगी। कंपनी ने एफपीओ को मंगलवार को पूर्ण अभिदान मिलने के एक दिन बाद यह घोषणा की। अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 26.50 प्रतिशत लुढ़क गया। समूह की ज्यादातर कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे। अडाणी ट्रांसमिशन 10 प्रतिशत, अडाणी ग्रीन एनर्जी 10 प्रतिशत, अडाणी टोटल गैस 10 प्रतिशत और अडाणी पोर्ट्स 6.13 प्रतिशत नुकसान में रहे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.29 प्रतिशत घटकर 82.78 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने बुधवार को 1,785.21 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। मुंबई। सेंसेक्स और निफ्टी में बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट आई लेकिन वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख और विदेशी पूंजी की आवक की वजह से बाद में दोनों सूचकांकों में बढ़त हुई। इस दौरान बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 492.46 अंक गिरकर 59,215.62 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 170.35 अंक की गिरावट के साथ 17,445.95 अंक पर था। हालांकि, बाद में दोनों ही सूचकांकों में बढ़त हुई।

## सरकार चालू वित्त वर्ष में हिंदुस्तान जिंक में कुछ हिस्सेदारी बेचेगी: दीपम सचिव

**नई दिल्ली।** सरकार चालू वित्त वर्ष में 50,000 करोड़ रुपये के संशोधित विनिवेश लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगले महीने तक हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में अपनी शेष हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेच सकती है। दीपम सचिव तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सरकार ने अगले वित्त वर्ष 2023-24 में तय विनिवेश लक्ष्य को पूरा करने के लिए एचएलएल लाइफकेयर, पीडीआईएल, शिपिंग कॉरपोरेशन और बीईएमएल जैसी कंपनियों में रणनीतिक हिस्सेदारी की योजना बनाई है। सरकार के पास इस समय हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) में 29.54 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सरकार ने 2002 में एचजेडएल का 26 प्रतिशत हिस्सा खनन कारोबारी अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाले वेदांता समूह को बेच दिया था। वेदांता समूह ने बाद में नवंबर, 2003 में बाजार से 20 प्रतिशत और सरकार से 18.92 प्रतिशत हिस्सा और खरीदा। इसके बाद एचजेडएल में उसकी हिस्सेदारी बढ़कर 64.92 प्रतिशत हो गई। कंपनी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक और छठवीं सबसे बड़ी चांदी उत्पादक है। सरकार ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष (2022-23) के लिए विनिवेश लक्ष्य को 65,000 करोड़ रुपये से घटाकर 50,000 करोड़ रुपये कर दिया था। चालू वित्त वर्ष में अभी तक विनिवेश के जरिये 31,100 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव पांडेय ने पीटीआई-भाषा को साक्षात्कार में बताया कि संशोधित लक्ष्य में वे सभी लेनदेन शामिल हैं, जिनपर सरकार काम कर रही है, लेकिन वास्तविक प्राप्ति बाजार की स्थितियों पर निर्भर करेगी।



## गैलेक्सी एस23 स्मार्टफोन का निर्माण भारत में करने का निर्णय लिया

**नई दिल्ली।** कोरिया की स्मार्ट उपकरण कंपनी सैमसंग ने स्थानीय बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने महंगे गैलेक्सी एस23 स्मार्टफोन का निर्माण भारत में करने का निर्णय लिया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भारत में गैलेक्सी एस23 श्रृंखला की आरंभिक पेशकश कीमत 75,000 रुपये से 1.55 लाख रुपये के बीच है। वर्तमान में गैलेक्सी एस श्रृंखला के स्मार्टफोन वियतनाम स्थित कारखाने में बनाए जाते हैं और भारत में बिक्री के लिए कंपनी इनका आयात करती है। सैमसंग ने एक बयान में कहा, "भारत में बेचे जाने वाले सभी गैलेक्सी एस23 स्मार्टफोन कंपनी के नोएडा स्थित कारखाने में बनाए जाएंगे। सैमसंग देश में ज्यादातर घरेलू मांग को नोएडा कारखाने में स्थानीय विनिर्माण के जरिये पहले से ही पूरा कर रही है। भारत में निर्मित गैलेक्सी एस23 स्मार्टफोन बेचने का निर्णय भारत के विनिर्माण और वृद्धि की कहानी के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।" कंपनी ने बुधवार को गैलेक्सी एस23 श्रृंखला के स्मार्टफोन के तीन मॉडल पेश किए।

## अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर टूटा, 26 फीसदी टूटा, समूह की ज्यादातर कंपनियों के गिरे शेयर

### चारों ओर फंसे गौतम अडानी को मिला यूएई के शाही परिवार का सहारा, निवेश फर्म इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी ने अडानी ग्रुप में 400 मिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा की

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर बृहस्पतिवार को लगभग 26 प्रतिशत टूट गया। इसके एक दिन पहले, बुधवार को कंपनी ने अपने 20 हजार करोड़ रुपये के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को वापस लेने और निवेशकों का पैसा लौटाने की घोषणा की थी। हालांकि, कंपनी के एफपीओ को मंगलवार को पूर्ण अभिदान मिल गया था।



बीएसई में कंपनी का शेयर 26.50 प्रतिशत टूटकर 1,564.70 रुपये पर आ गया। दिन के कारोबार में यह 28.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,513.90 रुपये तक गिरा, जो 52 सप्ताह का निचला स्तर है। समूह की ज्यादातर अन्य कंपनियों का प्रदर्शन भी लगातार छठे दिन कमजोर रहा। अडाणी पोर्ट्स के शेयर में 6.13 फीसदी की गिरावट आई, अडाणी ट्रांसमिशन में 10 फीसदी, अडाणी ग्रीन एनर्जी में 10 फीसदी, अडाणी टोटल गैस में 10 फीसदी, अडाणी विल्मर में पांच फीसदी, एनडीटीवी में 4.99 फीसदी और अडाणी पावर में 4.98 फीसदी की गिरावट आई।

हालांकि अंबुजा सीमेंट्स के शेयर 5.33 फीसदी और एसीसी के 0.05 फीसदी चढ़े। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा था, असाधारण परिस्थितियों के मद्देनजर, कंपनी के निदेशक मंडल ने फैसला किया है कि एफपीओ पर आगे बढ़ना नैतिक रूप से ठीक नहीं होगा। निवेशकों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है और उन्हें किसी तरह के संभावित नुकसान से बचाने के लिए निदेशक मंडल ने एफपीओ को वापस लेने का फैसला किया है।

हिंडनबर्ग रिसर्च के खुलासे के बाद करोड़ों डॉलर का नुकसान झेलने वाली अडानी एंटरप्राइजेज को संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवार का सहारा मिल गया है, जिसके बाद अडानी की कंपनी के शेयर्स के दाम एक बार फिर से बढ़ने लगे हैं। अबू धाबी के शासक परिवार की निवेश फर्म इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी ने अडानी ग्रुप में 400 मिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा की है, जो एक बहुत बड़ी घोषणा है, क्योंकि इससे एक बार फिर से निवेशकों के बीच अडानी ग्रुप को लेकर विश्वास लौटेगा, क्योंकि ये निवेश सीधे तौर पर यूएई शाही परिवार की तरफ से किया गया है।

## रीट्स और इनविट्स को विदेशी निवेशकों को डिपॉजिटरी रसीद की मंजूरी का प्रस्ताव: सेबी

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने रीट्स एवं इनविट्स को विदेशी निवेशकों को डिपॉजिटरी रसीद जारी करने की मंजूरी देने का बृहस्पतिवार को प्रस्ताव रखते हुए कहा कि इससे भारत के उभरते निवेश साधनों में भागीदारी का मौका मिलेगा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परामर्श पत्र में कहा कि रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट्स) और इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट्स) की तरफ से डिपॉजिटरी रसीद जारी करना विदेशी निवेशकों के लिए फायदेमंद होगा क्योंकि इन रसीदों से भारतीय शेयर बाजारों में सीधे कारोबार की जरूरत खत्म हो जाती है। रीट्स और इनविट्स का गठन कारोबारी ट्रस्ट के रूप में होता है जो क्रमशः राजस्व पैदा करने वाली रियल एस्टेट एवं ढांचागत परिसंपत्तियों का परिचालन करते हैं। इन निवेश साधनों की कई योजनाएं या कई यूनिट नहीं होती हैं। भारतीय मुद्रा में अंकित यूनिट को किसी मान्यता-प्राप्त शेयर बाजार में सूचीबद्ध करना होता है।

## ऑनलाइन गेमिंग नियम के मसौदे के कुछ प्रावधानों पर गौर करने की जरूरत: उद्योग

**नई दिल्ली।** इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऑनलाइन गेमिंग पर आईटी नियमों के मसौदे का मकसद सही है, लेकिन इसके कुछ पहलुओं पर फिर से गौर किये जाने की जरूरत है। उद्योग संगठन ने कहा कि प्रस्तावित नियम उद्योग के व्यवस्थित और तेजी से विकास को लेकर एक कानूनी ढांचा बनाने समेत तीन कारणों से ऑनलाइन गेमिंग उद्योग परिवेश के लिये काफी सकारात्मक हैं। लेकिन इसके कुछ पहलुओं पर फिर से गौर करने की जरूरत है। इसमें गेमिंग की परिभाषा शामिल है। आईएएमएआई ने कहा, वास्तव में, ऑनलाइन गेमिंग की परिभाषा बहुत व्यापक और अस्पष्ट है। इससे वैसी कंपनियां भी इसके दायरे में आ जाएंगी, जिन्हें नियमों के दायरे में लाने की जरूरत नहीं है या फिर हल्के कायदे-कानून की आवश्यकता है। इससे उनपर अनुपालन बोझ भी पड़ेगा।



संगठन ने कहा कि नियमों के मसौदा के अनुसार ऐसा लगता है कि कुछ प्रावधान उन सेवाप्रदाताओं या भागीदारों पर लागू होगा, जो ऑनलाइन गेम का विज्ञापन, प्रकाशन या होस्ट करते हैं। उन्हें प्रत्येक खेल को स्व-नियामक निकाय (एसआरबी) के साथ निरंतर आधार पर सत्यापित करके नियमों का पालन करना होगा, जो व्यावहारिक नहीं है। आईएएमएआई ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण यह है कि एसआरबी का दायरा पर्याप्त रूप से मजबूत नहीं है। उद्योग ने एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश के लिये कहा है क्योंकि अंततः स्व-नियामक निकाय की भूमिका निर्णय देने की होगी।

## तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 5.5 प्रतिशत घटकर 476.55 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली। दैनिक उपभोग का समान (एफएमसीजी) बनाने वाली घरेलू कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 5.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 476.55 करोड़ रुपये रहा।

एफएमसीजी कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही में कंपनी ने 504.35 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

हालांकि उसकी परिचालन आय पिछले वित्त वर्ष के 2,941.75 करोड़ रुपये की तुलना में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 3.44 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,043.17 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

डाबर इंडिया का कुल व्यय इस तिमाही में 5.63 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2,523.09 करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,388.53 करोड़ रुपये था।

## बजाज इलेक्ट्रिकल का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मुनाफा 27 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** बजाज इलेक्ट्रिकल्स का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 26.88 प्रतिशत बढ़कर 61.12 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का लाभ उपभोक्ता उत्पाद श्रेणी में हुई वृद्धि से बढ़ा है। बजाज इलेक्ट्रिकल्स ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी को 48.17 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी की परिचालन आय भी 12.47 फीसदी बढ़कर 1,484.49 करोड़ रुपये हो गई। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 1,319.81 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बजाज इलेक्ट्रिकल्स का कुल व्यय 12.48 प्रतिशत बढ़कर 1,419.06 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले समान अवधि में यह 1,261.50 करोड़ रुपये था। कंपनी को उपभोक्ता उत्पाद श्रेणी से मिलने वाला राजस्व पिछले वर्ष की दिसंबर तिमाही के 949.73 करोड़ रुपये से 9.45 प्रतिशत बढ़कर 1,039.48 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, उसे बिजली समाधान श्रेणी से मिलने वाला राजस्व 2.29 प्रतिशत कम होकर 270 करोड़ रुपये रह गया, पिछले वर्ष दिसंबर तिमाही में यह 276.33 करोड़ रुपये था।



कंपनी को इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण से (ईपीसी) से मिलने वाला राजस्व दिसंबर तिमाही में 86.67 फीसदी की वृद्धि के साथ 175.01 करोड़ रुपये है। बजाज इलेक्ट्रिकल्स के चेयरमैन शेखर बजाज ने कहा, उपभोक्ता उत्पादों का राजस्व इस तिमाही में 1,000 करोड़ रुपये को पार कर गया और इसने वृद्धि में मदद दी।

## बजट प्रावधानों से बढ़ेगी मांग, वाहन उद्योग को मिलेगा लाभ: मारुति सुजुकी

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पेश आम बजट में कई ऐसे प्रावधान किए गए हैं जो मांग बढ़ाने में मददगार होंगे और जिनकी मदद से अगले वित्त वर्ष में करीब 40.5 लाख से 41.5 लाख यात्री वाहनों की बिक्री का वाहन उद्योग का अनुमान सही साबित हो सकेगा। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि वाहन उद्योग की वृद्धि पूरी अर्थव्यवस्था से बहुत ही करीब से जुड़ी हुई है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के वृद्धि को बढ़ावा देने वाले बजट में वाहन उद्योग की जरूरतों का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा, हमारा अनुमान है कि 2023-24 में यात्री वाहनों की बिक्री 4.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह करीब-करीब 40.5 लाख से 41.5 लाख इकाई होगा। चालू वित्त वर्ष में उद्योग की कुल बिक्री लगभग 38.5 लाख इकाई होनी चाहिए। बजट को वाहन उद्योग के नजरिये से देखते हुए श्रीवास्तव ने कहा कि इसमें उद्योग की ज्यादातर आवश्यकताओं का खयाल रखा गया है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए आवंटन में 33 प्रतिशत की बढ़ोतरी, कर दरों में बदलाव और राज्यों को ब्याज मुक्त कर्ज जैसे प्रस्तावों से वाहनों के लिए मांग बनेगी।



श्रीवास्तव ने कहा कि जहां तक पूंजीगत व्यय की बात है तो इससे न केवल लघु अवधि की बल्कि दीर्घकालिक मांग भी बढ़ती है। आपूर्ति पक्ष में यह क्षमता को बढ़ाएगा जो वृद्धि के लिए बहुत आवश्यक है और रोजगार का सृजन भी करेगा। उन्होंने कहा कि नई कर व्यवस्था में करदाताओं के हाथ में खर्च करने योग्य आय रहेगी, उसका फायदा भी वाहन उद्योग को मिलेगा। श्रीवास्तव ने कहा, इन पहलुओं को देखते हुए कहा जा सकता है कि यह बजट वाहन उद्योग के लिए बहुत अच्छा है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 175% की वृद्धि के साथ, जनवरी 2023 में 12,835 यूनिट्स की थोक बिक्री दर्ज की

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने गुरुवार को यह घोषणा की जनवरी 2023 में उसकी 12,835 यूनिट्स की थोक बिक्री हुई है और इस प्रकार पिछले साल के इसी माह मेंकुल प्रदर्शन में 175% की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी ने जनवरी 2022 में 7328 यूनिट्स की बिक्री की थी। इसके अलावा,वर्तमान माह में जो बिक्री हुई है, वह भी दिसंबर 2022 माह की तुलना में 23% वृद्धि दशार्ती है जब कंपनी ने 10,421 यूनिट्स की बिक्री की। जनवरी 2023 में टीकीएम ने लोकप्रिय टोयोटा हिलक्स और टोयोटा इन्नोवा क्रिस्टा की बुकिंग शुरू किए जाने की घोषणा की। साथ ही, अर्बन क्रूजर हाईराईडर के सीएनजी वैरिएंट की कीमतों की भी घोषणा की गई। प्रदर्शन के बारे में बताते हुए, टीकेएम के सेल्स एवं मार्केटिंग विभाग के वाईस प्रेसिडेंट, अतुल सूद ने कहा कि, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के लिए कैलेंडर वर्ष 2022 का सकारात्मक अंत हुआ है। पिछले दशक में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज करते हुए, हम अधिक उत्साह और सकारात्मकता के साथ नए साल की शुरूआत कर रहे हैं। यहां तक कि हर माह 175% की मजबूत वृद्धि के बावजूद, इस साल ग्राहक की मांग में और उछल आने की उम्मीद करते हैं। टीकेएम में हम ग्राहकों की विवध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार हैं। हमारे अत्यधिक लोकप्रिय मॉडल इन्नोवा हाईक्रॉस को रवाना करना शुरू कर दिया गया है और हम भारत में इस उत्पाद की लगातार बढती हुई मांग को पूरा करने की भरसक कोशिश कर रहे हैं। हमारे ग्राहक अर्बन क्रूजर हाईराईडर की भी लगातार मांग कर रहे हैं। ग्राहकों की बढती हुई मांग के अनुसार हमारे चार फ्लैगशिप मॉडल तैयार किए गए हैं कैमरी, फार्च्यूनर, लेजेंडर और वेलफायर, क्योंकि इनके आर्डर लगातार बड़ी संख्या में प्राप्त हो रहे हैं। हाई स्टाइल कोशेंट के साथ ग्लेंजा भी लगातार संभावित खरीदारों को आकर्षित कर रहा है। जनवरी माह में टोयोटा ने बड़े स्तर पर ऑटो एक्सपो 2023 में भाग लिया। आयोजन में कंपनी की मौजूदगी ने भारत के प्रति इसकी प्रतिबद्धता और बड़े स्तर पर इलेक्ट्रिफिकेशन के साथ ही वैकल्पिक ईंधन प्रौद्योगिकी में स्थाई पेशकश के द्वारा ग्राहक अनुभव में उत्कृष्टता हासिल करने के प्रयासों को दशार्या है, जिससे कार्बन तटस्थता से संबंधित कंपनी के अंतिम लक्ष्य में योगदान दिया है। *एजेंसी*



## संक्षेप

### एसबीआई लाइफ ने अपने #सपनाहैतोपूराकरो एकीकृत अभियान की पेशकश की

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ वर्षों से, जिस तरह से लोग अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का ख्याल रखने के साथ-साथ अपने सपनों को पूरा करने पर भी प्रमुखता से जोर दे रहे हैं, इसमें उल्लेखनीय सांस्कृतिक बदलाव आया है। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, देश के सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक ने अपने नवीनतम ##सपनाहैतोपूराकरो एकीकृत अभियान के माध्यम से मौजूदा और बदलती पारिवारिक जिम्मेदारियों का ख्याल रखते हुए व्यक्ति के सपनों को पूरा करने के महत्व पर जोर देता है। नए अभियान के माध्यम से, कंपनी उन लोगों को प्रदर्शित करके 'जिम्मेदारीपूर्ण महत्वाकांक्षा' की मानसिकता के लिए अपील करती है, जिन्होंने पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करने के साथ-साथ अपने जुनून को आगे बढ़ाने की अपनी हद इच्छा से साथ अपने फलक का विस्तार किया है। फिल्म की शुरुआत एक पिता की कहानी को उसकी बेटी के नजरिए से बताने के साथ होती है। टीवीसी में 'ऋषभ' नाम के एक व्यक्ति की कहानी दिखाई गई है, जो अपना उद्यम शुरू करने के अपने जुनून के साथ नौकरी छोड़ देता है। अपने पहले बच्चे के जन्म के साथ उसके जीवन में एक नए चरण की शुरुआत होती है। इसके बावजूद, वह अपने स्टार्ट-अप को आगे बढ़ाने के सपने के साथ पूरे उत्साह और जोश से कड़ी मेहनत करता है। निवेशकों के लिए प्रोटोटाइप से लेकर पिच प्रेजेंटेशन बनाने तक, वह न केवल अपने जुनून को पूरा करने के लिए बल्कि अपने परिवार को आर्थिक रूप से सुरक्षित भविष्य प्रदान करने के लिए भी कड़ी मेहनत करते नजर आता है। चेहरे पर तैरती मुस्कान के साथ, वे दोनों उसके प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू कर देते हैं।

### आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड ने अनन्या बिड़ला और आर्यमन विक्रम बिड़ला को निदेशक के रूप में शामिल किया

**मुंबई।** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल बोर्ड की हुई बैठक में सुश्री अनन्या बिड़ला और श्री आर्यमन विक्रम बिड़ला को निदेशक के रूप में शामिल किया गया। अनन्या बिड़ला और आर्यमन विक्रम बिड़ला के पास उद्यमिता और व्यवसाय निर्माण के क्षेत्र में समृद्ध और विविधतापूर्ण अनुभव है। बोर्ड का मानना है कि आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड को उनकी आधुनिक अंतर्दृष्टि और व्यावसायिक कौशल से लाभ होगा उनकी नियुक्ति पर टिप्पणी करते हुए आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष, कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा, आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल ने भारतीय परिधान बाजार के सभी प्रमुख क्षेत्रों को शामिल करते हुए कई श्रेणियों और प्रारूपों में फैशन ब्रांडों का मजबूत पोर्टफोलियो बनाया है। पिछले कुछ वर्षों में, कंपनी ने अपने डिजिटल वेंचर टीएमआरडब्ल्यू के माध्यम से एथनिकवियर जैसे कई नए उभरते क्षेत्रों में प्रवेश किया है, जिसमें भारतीय डिजाइनरों, लक्जरी, स्पोर्ट्सवियर और आधुनिक व्यवसायों के साथ साझेदारी शामिल है। एबीएफआरएल प्लेटफॉर्म अब घातांकी वृद्धि की एक नई लहर के लिए तैयार है। अनन्या और आर्यमन की उनके चुने हुए क्षेत्रों में असाधारण व्यक्तिगत उपलब्धियों और उनके स्वतंत्र उद्यमशीलता उपक्रमों के साथ शुरुआती सफलता ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारियों के लिए तैयार किया। आधुनिक बिजनेस मॉडल और उपभोक्ता व्यवहार में हो रहे बदलाव की उनकी बारीक समझ एबीएफआरएल के बोर्ड में नई ऊर्जा का संचार करेगी।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹अनन्या और आर्यमन के भीतर इस समूह के मूल्य दृढ़ता से बसे हैं और समूह के उद्देश्य पर उनका उत्साहजनक विश्वास है। मुझे भरोसा है कि वे समूह की समृद्ध उद्यमशीलता की परंपराओं और हितधारकों के लिए स्थिरतापूर्ण मूल्य निर्माण में सफल ट्रैक रिकॉर्ड को आगे बढ़ाएंगे।

### एलजी ने सिंग फॉर द नेशन प्रतियोगिता की घोषणा की

**प्रयागराज।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने 74वें गणतंत्र दिवस के मौके पर सिंग फॉर द नेशन प्रतियोगिता की घोषणा की है। सिंग फॉर द नेशन देश की सबसे लोकप्रिय कराओके प्रतियोगिता है और इंस्टाग्राम पर चल रही है। इसमें भाग लेने वालों को 18,990 रुपए का एक एलजी एक्सबूम स्पीकर जीतने का खास मौका मिलेगा। मजेदार गतिविधि के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना जगाना इस प्रतियोगिता का लक्ष्य है- एल जी बेस्ट शॉप के के डिजिटल ,एम जी मार्ग ,सिविल लाइन्स प्रयागराज में लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस विषय में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया में होम एंटरटेनमेन्ट के डायरेक्टर, हाक ह्यून किम ने कहा 74वें गणतंत्र दिवस के जश्न को जोरदार बनाते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपने उपभोक्ताओं के लिये अपनी तरह की एक अनोखी प्रतियोगिता सिंग विथ द नेशन का आयोजन किया है। इस प्रतियोगिता का लक्ष्य है ग्राहकों को एलजी एक्सबूम स्पीकर के इस्तेमाल का बेहतरीन अनुभव देना। हमारा लक्ष्य अपने यूजर्स को सबसे बढ़िया और उन्नत टेक्नोलॉजीस देना है और हमें अपने उपभोक्ताओं के लिये ज्यादा परिष्कृत और खोजपरक अनुभव लाने की उम्मीद है। सिंग फॉर द नेशन प्रतियोगिता प्रतिभागियों को गायकी में अपनी प्रतिभा दिखाने का अनूठा अवसर देती है। टॉप 3 विजेताओं को एलजी एक्सबूम स्पीकर मिलेगा और वे फीवर एफएम चैनल्स पर आने का मौका पा सकते हैं।

### चालू विपणन वर्ष के पहले चार माह में चीनी उत्पादन 3.42 प्रतिशत बढ़कर 193.5 लाख टन पर

**नई दिल्ली।** प्रमुख उत्पादक राज्यों में चीनी उत्पादन बढ़ने के कारण, सितंबर को समाप्त होने वाले चालू विपणन वर्ष के पहले चार महीनों में देश का चीनी उत्पादन 3.42 प्रतिशत बढ़कर 193.5 लाख टन हो गया। उद्योग निकाय इस्मा ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। पिछले विपणन वर्ष की अक्टूबर-जनवरी अवधि के दौरान चीनी का उत्पादन 187.1 लाख टन रहा था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। भारत विश्व का प्रमुख चीनी उत्पादक देश है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने ताजा उत्पादन आंकड़े जारी करते हुए कहा कि 31 जनवरी तक लगभग 520 मिलें काम कर रही थीं, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह संख्या 510 की थी। एथनॉल निर्माण के लिए भेजे गये शीरे को अलग करने के बाद कुल चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष के जनवरी तक बढ़कर 193.5 लाख टन हो गया है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 187.1 लाख टन था। देश के अग्रणी चीनी उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन अक्टूबर-जनवरी के दौरान बढ़कर 73.8 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले 72.9 लाख टन था। देश के दूसरे सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन पहले के 50.3 लाख टन के मुकाबले मामूली बढ़कर 51 लाख टन हो गया, जबकि उक्त अवधि में देश के तीसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य कर्नाटक में उत्पादन पिछले साल के 38.8 लाख टन के मुकाबले बढ़कर 39.4 लाख टन हो गया। विपणन वर्ष 2022-23 की अक्टूबर-जनवरी अवधि के दौरान अन्य राज्यों में भी उत्पादन 29.3 लाख टन रहा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 25.1 लाख टन था।

### कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन को मिले 2,456 करोड़ रुपये के ऑर्डर

**नई दिल्ली।** कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन और उसकी अंतरराष्ट्रीय अनुषंगियों को 2,456 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने एक बयान में बताया कि नए ऑर्डर में, देश में 1,427 करोड़ रुपये की लागत से आवासीय और वाणिज्यिक इमारतों के निर्माण की परियोजनाएं शामिल हैं। इनके अलावा भारत और विदेशों में 498 करोड़ रुपये के पारेषण एवं वितरण कारोबार के ऑर्डर हैं। घरेलू बाजार में कंपनी को 299 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाएं और 232 करोड़ रुपये की तेल एवं गैस पाइपलाइन परियोजनाएं मिली हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी मनीष मोहनोत ने बयान में कहा, इन ऑर्डर के साथ कुल ऑर्डर पिछले वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत बढ़कर 19,487 करोड़ रुपये के हो गए हैं। कल्पतरु मौजूदा समय में 30 से अधिक देशों में विभिन्न परियोजनाओं पर काम कर रही है।

# अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना सशर्त हुआ समाप्त

**राहत**

**एडीएम भदोही करेंगे जांच कार्यवाही करने का दिया आश्वासन**

**दस दिन के अंदर नही होगी कार्यवाही तो पुनः देंगे धरनाः डीएम सिंह गहरवार**

जनसंदेश न्यूज



धरने पर बैठे जनता दल यूनाइटेड कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास करते तहसील प्रशासन के लोग

**भदोही।** दो दिन से भदोही तहसील पर जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश प्रधान महासचिव डीएम सिंह गहरवार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। इस दौरान डीएम सिंह गहरवार ने आरोप लगाया कि सीयूजी नम्बर पर जनता और प्रतिनिधि का फोन एसडीएम नही उठाते और नम्बर ब्लॉक कर दिए जाने से नाराज युवा नेता तहसील पर धरने पर बैठ गये। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता अपने नेता के समर्थन को धरने पर बैठ गये, उच्च अधिकारियों के आश्वासन और पुलिस उपाधिक्षक अजय कुमार, उप ज़िलाधिकारी कृपा शंकर पांडेय, तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति,नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष भदोही ने काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया। किया। किंतु जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश प्रधान महासचिव कार्यकर्ताओं संग माँग पर अड़े रहे और एसडीएम के खिलाफ कार्यवाही की माँग करते रहे ज़िलाधिकारी भदोही के कार्यवाही के आश्वासन के बाद डीएम सिंह गहरवार ने अपना धरना दस दिन के लिए अस्थगित किया और कहा कि कार्यवाही नही हुई तो पुनः धरना दूँगा। इस मौके पर उन्होंने एडीएम शैलेंद्र मिश्र को ज्ञापन दिया। इस मौके पर मुख्य रूप ज़िलाध्यक्ष सर्वेश राय, विमल दुबे, विनय राय, शुशील पाठक, इझाहिम अंसारी, हसिब, संतारा देवी, शिला देवी, लक्ष्मी, शुभम, प्रभाकर, अमित सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# व्यवसायिक उपयोग वाले वार्डो में दो पाली में होगी सफाई: इओ



जनसंदेश न्यूज

**लालगंज।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत विशेष सफाई अभियान के तहत नगर पालिका गोपीगंज अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर डोर टू डोर कलेक्शन करने हेतु वाहन व सफाई कर्मियों को रवाना किया गया।

बता दें कि इन दिनों एक फरवरी से इकतीस मार्च तक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विशेष निर्देश के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन को वास्तविक रुप से धरा पर उतारने के लिए किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है। अब सफाई कर्मी हर घर जाकर कूड़े का उठान सुनिश्चित करेंगे। जबकि बताया गया कमर्शियल उपयोग वाले वार्डों में दो पारियों में सफाई किया जाएगा। इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने नगर वासियों से अनुरोध किया है कि कुडा गाड़ी आने पर सूखा और गीला कूड़ा सुविधि कर्मियों को अलग अलग प्रदान करें। इस मौके पर प्रमुख रूप से मंगला प्रसाद पांडेय, अचल श्रीवास्तव, विष्णु प्रसाद, विनोद खत्री, आशीष यादव, विवेक मोदनवाल, रामानंद यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन

**गोपीगंज।** समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरितमानस पर दिए गए विवादित बयान पर गुरुवार को गोपीगंज राजमार्ग चौराहे पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य श्रेष्ठ मिश्र के नेतृत्व में पुतला दहन कर विरोध जताया गया। राजमार्ग चौराहे पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला जलाकर जमकर मुर्दाबाद के नारे लगाए। श्रेष्ठ मिश्र ने कहा स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरितमानस पर अभद्र टिप्पणी की है। इसके लिए उनको माफी मांगनी चाहिए और उन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पुतला दहन में प्रमुख रूप से अश्वनी सिंह, प्रशांत गुप्ता, अभिषेक अग्रहरी, हिमांशु मिश्र, अनुज सेठ, उधव मिश्र, अमित पुष्पक, आर हर्ष तिवारी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौतम गुप्ता ने किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को संवेदनशील बनते हुए समाज की समस्याओं को पहचान कर उनका निराकरण करने के लिए प्रेरित किया। गरीबी, अशिक्षा, दहेज प्रथा, नशा, कुपोषण, अंधविश्वास आदि सामाजिक समस्याओं और बुराइयों के खिलाफ अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रीय आपदा और दुर्घटना के वक्त राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा किए गए कार्य सच्ची मानव सेवा होती है। इसका लाभ न केवल स्वयं को होता है बल्कि समाज को भी उसका लाभ पहुंचता है। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को प्रस्थान कराया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनीश कुमार मिश्र ने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना तथा विकास से अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रुस्तम अली और डॉ. श्वेता सिंह के नेतृत्व में छात्रों ने श्रमदान कर महाविद्यालय परिसर को भी स्वच्छ बनाया। बौद्धिक संगोष्ठी के दौरान स्वयंसेवकों ने समाज में नारी का स्थान विषय पर चर्चा की। शिविर में अनुराग सिंह, डॉ राजकुमार सिंह यादव, डॉ. भावना सिंह, डॉ. अंकिता तिवारी आदि लोगों ने सहयोग किया।



### नाबालिग के साथ छेड़खानी करने का आरोपी गिरफ्तार

**भदोही।** थाना चौरी क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग युवती के साथ छेड़खानी करने की घटना के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुअसं. 05/2023 धारा-354क भादवि. व 7/8 पाक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व महिला सम्बन्धित अपराधों में त्वरित कार्यवाही के निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा उक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी निजाम पुत्र बिनी निवासी निदुर थाना चौरी जनपद भदोही को ग्राम निदुर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

### डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए अभियान चलाकर किया जागरुक

**जफराबाद।** नगर पंचायत जफराबाद में ईओ द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने के लिए अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान ईओ कुँवर गौरव के साथ डीपीएम अमित यादव व डीजी स्वच्छ भारत मिशन खुशबू यादव ने वार्डों के लोगों से कूड़े को कूड़े के डब्बे में ही फेंकने के लिए समझाते रहे। ईओ द्वारा चलाये गए इस अभियान की स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की। इस अभियान के दौरान लिपिक राजमन, वेद प्रकाश, सूरज राजभर, शाह दाऊद, राकेश गुप्ता, मोहम्मद तारिक अंसारी, सावन, राम सूरत, विकास आदि मौजूद रहे।

### राजेश रहेंगे धोबी कल्याण समिति के अध्यक्ष

**जौनपुर।** धोबी कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष भैया लाल कन्नौजिया ने जानकारी दी कि राजेश कुमार कन्नौजिया ही अध्यक्ष है। ये भी बताया कि किसी अन्य द्वारा इस पद को लेकर दावेदारी की जा रही है जो पूर्णतया गलत हैं। अग्रिम आदेश तक राजेश इस पद पर बने रहेंगे।

# सबको साक्षर बनाना है देश को आगे बढाना है

**अभियान**

**केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली रैली**



**भदोही।** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वृजकिशोर त्रिपाठी एवं कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में 100 स्वयंसेवी छात्राओं के साथ द्वितीय सामान्य एक दिवसीय शिविर ग्राम सभा हमीदपट्टी में आयोजित किया गया। जिसका विषय साक्षरता जनजागरूकता अभियान था। शिविर में सर्वप्रथम स्वयंसेवी छात्राओं ने रैली के रूप में साक्षरता विषयक हैंड बिल पोस्टर एवं नारों के साथ गोद लिए ग्रामसभा मलिन बस्ती हमीदपट्टी में घर-घर जाकर लोगों को अधिकाधिक संख्या में साक्षर बनने के लिए प्रेरित किया। नर हो या नारी शिक्षा है सबको जरूरी सबको साक्षर बनाना है देश को आगे बढाना है आदि नारों से पूरा ग्रामसभा हमीदपट्टी गुंजायमान हो गया। तत्पश्चात आयोजित बौद्धिक सत्र में प्राथमिक विद्यालय हमीद पट्टी के प्रांगण में प्रधानाध्यापक डॉ. अंशुमालि चतुर्वेदी ने कहा कि आज के सामान्य एक दिवसीय शिविर का विषय साक्षरता अभियान रखा गया है जो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बहुत ही प्रासंगिक है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. रीना सिंह, डॉ. विनोद कुमार मिश्र, डॉ. लक्ष्मी यादव, प्रकाश चंद्र गुप्त, बिनोद कुमार, ज्योत्सना जायसवाल, मोहम्मद आकिफ तौफीक, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. सोहन कुमार यादव, जय कुमार, डॉ. अमरनाथ जैन आदि उपस्थित रहे।

### अपना दल एस छानबे के विधायक के निधन पर शोक

**भदोही।** अपना दल एस छानबे से विधायक के आकस्मिक निधन की सूचना से पार्टी में शोक की लहर दौड़ गयी। पदाधिकारियों ने 2 मिनट मौन रख कर गत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मिजार्पुर छानबे से 2 बार विधायक रहे राहुल प्रकाश कोल का बॉम्बे के सुश्रुत हॉस्पिटल में विगत कई दिनों से इलाज चल रहा था। निधन की सूचना पार्टी कार्यालय पहुँची। जिससे पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ पार्टी पदाधिकारियों में शोक की लहर छा गयी। लोग उनके कुशल व्यक्तित्व व्यवहार से प्रभावित थे। वक्ताओं ने कहा कि वह युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विधायक के पद पर रहते हुए असीम ऊंचाई तक ले जाने में दिन रात लगे रहे। जबकि भदोही के भी पदाधिकारियों से ऐसा आत्मीय लगाव था कि सबके चहेते थे। पर ऐसी दुःखद सूचना मिलने पर सभी दुखी हो उठे। आत्मा की शांति के लिए मखदुमपुर में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल के अध्यक्षता में शोक बैठक कर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा और कहा इस दुख की घड़ी में अपना दल एस के सभी साथी परिवार के साथ है। इस अवसर पर हरिलाल पाल, लल्लू राठौर, संजय पांडेय, अरविंद तिवारी, चंदन पटेल, फहद अहमद इत्यादि बहुत से पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वाहन चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे मोटरसाइकिल व तमंचा बरामद

जनसंदेश न्यूज

**सफलता**

**रात्रि में नागमलपुर स्थित टेंट हाउस के सामने से मोटरसाइकिल की गई थी चोरी**

**भदोही।** जनपद में चुस्त-दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधों की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गए हैं। उक्त के क्रम में गुरुवार को थाना सुरियावां पुलिस टीम द्वारा पाली तिराहा पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहन चोर अभियुक्त विजय शंकर मुसहर पुत्र बचई मुसहर निवासी पीपरगाँव थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से गत मंगलवार की रात्रि में थाना स्थानीय क्षेत्र अंतर्गत नागमलपुर स्थित टेंट हाउस के सामने से मोटरसाइकिल चोरी की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल प्लेटिना व एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा 411 भादवि की बढ़ोतरी करते हुए नाजायज तमंचा बरामदगी के सम्बन्ध में धारा-3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

अभियुक्त के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच सहित आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम उ.नि. संतोष कुमार राय चौकी प्रभारी पाली मय हमराह हे.का. पवन कुमार सिंह, का रामानंद, का. मंजीत कुमार, का. पवन यादव थाना सुरियावां आदि शामिल रहे।

### राज्यस्तरीय क्रिकेट में आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने मिर्जापुर को हराया

**सुरियावां।** क्षेत्र के महर्षि आजाद मैदान मेढ़ी में चल रहे तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ में गुरूवार को दो मैच खेले गए। पहला मुकाबला प्रयागराज व कानपुर के बीच व दूसरा मैच मिजार्पुर व आजाद स्पोर्ट्स क्लब के बीच खेला गया। प्रयागराज व आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने विपक्षी टीमों को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी खांडेकर क्रिकेट एकेडमी कानपुर की टीम ने निर्धारित 18 ओवरों के मैच में 7 विकेट खोकर 126 रन बनाए, जिसमें सबसे ज्यादा आशीष सिंह ने 46 रन बनाए। प्रयागराज के गेंदबाज कुलदीप मिश्रा ने तीन विकेट लिया। 127 रनों का लक्ष्य लेकर जवाब में खेलने उतरी प्रयागराज की टीम ने विराट जायसवाल के शानदार नाबाद अर्धशतक की बदौलत 15 वें ओवर में ही मैच जीत लिया। विराट के अलावा बृजेश त्रिपाठी ने 25 रन व जाहिद अली में 27 रन बनाए। कानपुर की गेंदबाज किशन कश्यप, फैज फैयाज अहमद व राहुल सिंह को एक-एक विकेट मिले।

# बैठक में समितियों को हार्डवेयर आपूर्ति के संदर्भ में लिया गया निर्णय

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** भारत सरकार द्वारा देश की प्राथमिक सहकारी समितियों का कम्प्यूटरीकरण तीन चरणों में विगत वर्ष से योजनावद्ध ढंग से कराने की कार्यवाही सम्बन्धित प्रदेश स्तरीय सहकारिता विभागीय अधिकारियों के दिशा निर्देशन में कराया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जौनपुर जिले की 30 समितियों का चयन अगस्त 2022में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में छः सदस्यीय गठित समिति द्वारा करके सूचनायें विभागीय अधिकारियों एवं प्रदेश स्तर पर आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता लखनऊ कार्यालय के साथ साथ एम.डी.यू.पी.सी.बी.लखनऊ को प्रेषित की जा चुकी है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में सम्पन्न हुयी, जिसमें उक्त चयनित 30समितियों को हार्डवेयर आपूर्ति के संदर्भ में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी से सम्पर्क कर उक्त चयनित समितियों के जीर्ण शीर्ण भवन की मरम्मत एवं विद्युत बिल कनेक्शन कार्य पूर्ण कराने हेतु सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित जिला प्रबंधक नाबार्ड द्वारा चयनित समितियों के सचिवों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्य योजनावद्ध ढंग से कराने हेतु भविष्य में कार्यवाही किये जाने की सूचना से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक जौनपुर हरीशचन्द्र भार्गव एआरकोआपरेटिव अमित कुमार पाण्डेय, जिला प्रबन्धक नाबार्ड राघवेन्द्र मौर्या, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आशीष मौर्य उपस्थित रहे।

# हवा हवाई व निराशाजनक है मोदी सरकार का चुनावी बजट

जनसंदेश न्यूज



**मुंगराबादशाहपुर।** मोदी सरकार का चुनावी बजट बेहद निराशाजनक व हवा हवाई है। इस बार भी अधिक संसाधन जुटाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने प्रगतिवादी बजट नीति नहीं अपनाई और उल्टे अधिक धनी व्यक्तियों पर आयकर कुछ कम कर फिर से पूंजी पतियों को बढ़ावा दिया। उक्त बातें पूर्व विधायक डॉ. सुषमा पटेल ने पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होने कहा कि मोदी सरकार के आए हुए बजट पर चर्चा करते हुए कहीं सरकार का यह बजट पूरी तरह पूंजीपतियों के लिए है। किसान नौजवान और कमजोर वर्गों के लिए इस बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। महिलाओं के लिए इस बजट में कोई प्रावधान नहीं है। कर्मचारियों के लिए ओपीएस ओल्ड पेंशन स्कीम के लिए कोई चर्चा नहीं की गई है, इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं है, जनता के लिए बहुत सारी छूटे समाप्त कर दी गई है।

इस बजट में किसानों के लिए सिंचाई, खाद, बीज इत्यादि के लिए कोई राहत की घोषणा भी नही है। राजकोषीय घाटा इस बजट में 5.9 प्रतिशत रखने का लक्ष्य इसमें निर्धारित किया गया है। बजट निराशाजनक है या सरकार ने कई बार बजट पेश कर चुकी है, किसान युवा बेरोजगार निगाह लगाए थे कि सरकार इस बार जरूर राहत देगी लेकिन उनके हाथों में निराशा ही लगी है।

# वन विभाग ने मनाया बर्ड फेस्टिवल

**आयोजन**

**गूजरताल में स्कूली बच्चों को कराया पक्षियों का दीदार**

जनसंदेश न्यूज



**खेतासराय।** विश्व वेटलैंड दिवस के मौके पर गुरुवार को वन विभाग के खुदौली स्थित वन पार्क में बर्ड फेस्टिवल मनाया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों को गूजरताल में पक्षियों का दीदार कराया गया। स्कूली बच्चों ने पेंटिंग और निबंध के माध्यम पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उप प्रभागीय वन अधिकारी ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति विभिन्न जानकारी दी।

कहा कि वन और जीव का संरक्षण करना चाहिए। मानव की तरह जीव जंतुओं का भी जीने का अधिकार है। पक्षियों का भक्षण नहीं करना चाहिए। वन, नदी और पहाड़ हमारे धरोहर हैं। प्रकृति की बनाई हुई धरोहर से छेड़छाड़ नहीं करना चाहिए। छेड़छाड़ प्राकृतिक आपदा का कारण बनते है। इस मौके पर निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें अरिहंत कालेज खेतासराय, पैराडाइज इंटर कालेज खुटहन, प्राथमिक विद्यालय के बच्चे शामिल रहे। निबंध प्रतियोगिता में अदनान अहमद और चित्रकला में अंतिमा राजभर को प्रथम स्थान मिला। स्थान पाने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर पूर्व वन क्षेत्राधिकारी गौतम प्रसाद चतुर्वेदी, क्षेत्रीय वन क्षेत्राधिकारी सीबी सिंह, महेंद्र देव विक्रम, जयहिंद यादव, कपिलदेव मिश्रा, गोरख प्रसाद,महंगू मौर्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत मे कार्यक्रम के आयोजक वन क्षेत्राधिकारी शाहगंज सीबी सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

# संगठनात्मक चुनाव को लेकर सम्मेलन आयोजित

जनसंदेश न्यूज

**मछलीशहर।** स्थानीय क्षेत्र के बंधवा बाजार में राष्ट्रीय जायसवाल संघ के बैनर तले संगठनात्मक चुनाव को लेकर समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज के कुलदेवता भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर औपचारिक उद्घाटन किया गया। बंधवा बाजार स्थित कंचन बालिका इण्टर कॉलेज मे आयोजित कार्यक्रम के प्रारम्भ में दर्जनों गाँव से आये हुए लोगों ने मंच के माध्यम से एक दूसरे से परिचय प्राप्त किया जिसके बाद संगठन की मजबूती और समाज के उत्थान और राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक आदि मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गयी। वही मुख्यवक्ता शिव प्रसाद जायसवाल द्वारा समाज के कुलदेवता भगवान सहस्त्रबाहु और गोत्र बंशज आदि पर विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के आयोजक संतोष जायसवाल द्वारा संगठन की मजबूती को लेकर समाज को एकजुट रहने का आवाहन करते हुए कहा कि समाज को अब राजनीतिक रूप से भी सशक्त होना पड़ेगा तभी हम शासन और सत्ता के समक्ष अपनी और अपने समाज के हक की बात रख सकेंगे। सम्मेलन को अशोक कुमार जायसवाल, विजय प्रकाश जायसवाल, रतन लाल जायसवाल, शिव कुमार जायसवाल आदि वक्ताओं ने भी संबोधित किया। समाज के स्थानीय इकाई के चुनाव के लिए ग्यारह सदस्यों का कार्यकारिणी बनाकर पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर चुनाव की रुपरेखा तैयार की गयी। जिसमें 05 फरवरी तक समस्त पद के लिए नामांकन पत्र का क्रय किया जायेगा। 6 और 7 फरवरी तक पर्चा वापसी होगा और 26 फरवरी को समस्त पद का चुनाव/मतदान, मतगणना, परिणाम और प्रमाण पत्र वितरण किया जायेगा। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्राचार्य हृदय नारायण जायसवाल द्वारा समाजिक संगठन में प्रत्येक परिवार से अधिकाधिक सदस्य बनने और अपने मान सम्मान को प्राप्त करने के लिए एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। संचालन विपिन प्रकाश जायसवाल और संतोष कुमार जायसवाल ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रामकुमार जायसवाल, संजय जायसवाल, जय प्रकाश जायसवाल, संतोष जायसवाल, अंशु जायसवाल, दीन दयाल जायसवाल, सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# जीडीबीआर एकेडमी द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन



**जौनपुर।** मछलीशहर स्थानीय नगर के मोहल्ला उमराना वार्ड में स्थित जी.डी.बी.आर.एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी मेला में जी.डी.बी.आर एकेडमी के बच्चों के साथ-साथ दूसरे विद्यालयों के बच्चे भी अपने बनाए हुए प्रोजेक्ट को लेकर पहुंचे और मेले में भाग लिया। जिसमे तरह-तरह की डायोग्राम बच्चों द्वारा बनाया गया था आए हुए अतिथियों ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया मुख्यरूप से मछलीशहर उपजिलाधिकारी राजेश चौरसिया व सीओ अतर सिंह ने सभी बच्चों के प्रोजेक्ट को देखकर बहुत खुश हुए और उनका उत्साह वर्धन किया। इसी क्रम में मछलीशहर नगर के लायल वंडर स्कूल के संस्थापक डायरेक्टर एजाज खान व प्रिंसिपल अंकिता सिंह भी अपने स्कूल के बच्चों को लेकर पहुंची तो वहीं दूसरी तरफ शांति पब्लिक स्कूल समेत नगर के कई स्कूल के जिम्मेदार पहुंचे। प्रिंसिपल कमल कुमार मौर्या ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सी.पी, राकेश, सचिन, नदीम अंसारी, दीपक, अजीत, मोनी, पूनम गौतम, नीरज, सायमा, लालती, नादिरा, स्वेता, बिनु, नुसरत, मनीषा मौर्या, कविता, साहिफा हैदर, सुमैया, सुनीता आदि लोग उपस्थित रहे।

# नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट लेते रहें अवर अभियंता : जिलाधिकारी

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा बैठक विकास भवन के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी जे.ई.के पास वर्क प्लान अनिवार्य रूप से होना चाहिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण) राजेश गुप्ता को निर्देशित किया कि सभी जे.ई.से नियमितरूप से प्रगति रिपोर्ट लेते रहे।अधिशासी अभियंता के द्वारा बताया गया कि कुल 16 जे.ई.के द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो भी सामग्री उपयोग में लाई जा रही हो बी.आई.एस. सर्टिफाइड हो। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पानी की टंकियों के निर्माण में प्रगति में तेजी लाएं अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी और साथ ही साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होंने कहा कि सोलर पैनल लगवाने के कार्य में भी तेजी लाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन कार्य के कार्यों का सत्यापन वरिष्ठ अधिकारियों से कराया जाए। भुगतान को न रोका जाए और समय से कर दिया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्था एफकान के द्वारा 1000, वेलस्पेन के द्वारा प्रतिदिन 500 हाउस कनेक्शन दिये जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि एक एप विकसित किया जाये जिसकी सहायता से जल-जीवन मिशन कार्य की मानीटरिंग किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बी.बी.सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।





# अडानी को क्यों रद्द करना पड़ा एफपीओ ?

## हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद हाल खस्ता

*पिछले हफ़्ते अमेरिकी रिसर्च एजेंसी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद से ही अडानी समूह के शेयरों की दुर्गति हो रही है। बुधवार को देर शाम गौतम अडानी ने अचानक घोषणा की कि अडानी इंटरप्राइजेज का 20 हजार करोड़ रुपए का एफपीओ (भारत का अब तक का सबसे बड़ा एफपीओ) रद्द किया जा रहा है और जिन्होंने भी इसमें निवेश किया है, उन्हें उनकी रकम वापस लौटा दी जाएगी। ये घोषणा चौंकाने वाली इसलिए थी कि मंगलवार को अडानी इंटरप्राइजेज का एफपीओ पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया था। ये अलग बात है कि इसमें रिटेल यानी आम निवेशकों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई और रिटेल निवेशकों का हिस्सा सिर्फ. 12 फीसदी ही सब्सक्राइब हो सका। यहाँ तक कि अडानी समूह के कर्मचारियों के लिए सुरक्षित रखे गए शेयर भी नहीं बिक सके और ये हिस्सा भी 53 फीसदी के आस-पास ही सब्सक्राइब हो सका। गौतम अडानी और उनके समूह की साख दांव पर थी और बाद में जिस तरह की खबरें मीडिया में आईं, उससे पता लगा कि कुछ बड़े संस्थागत निवेशकों और बड़े निवेशकों के बूते ही इस एफपीओ का बेड़ा पार लगाया गया है।*

## कुछ दिनों में बदल गयी पूरी कहानी

दरअसल, अडानी इंटरप्राइजेज ने नवंबर में एफपीओ लाने की घोषणा की थी। तब शेयर बाजार में अडानी के शेयरों की धूम थी और इसी तेजी के बूते गौतम अडानी पहले भारत के और फिर एशिया के सबसे अमीर शख्स बने थे। साल 2022 के जाते-जाते वो दुनिया के शीर्ष तीन अमीर लोगों में अपनी जगह बना चुके थे। फिर 24 जनवरी 2023 को न्यूयॉर्क की एक छोटी सी निवेश फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की। इस रिपोर्ट में अडानी समूह पर कंपनियों के शेयरों में कृत्रिम उछाल और अन्य वित्तीय गड़बड़ियों के संगीन आरोप लगाए गए थे। इस 'शॉर्ट सेलर' ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि अडानी समूह की लिस्टेड कंपनियों की बाजार पूंजी को 'बहुत अधिक बढ़ाया' जा सके। अडानी ने कुछ दिनों बाद ही 413 पन्नों का एक खंडन दस्तावेज जारी किया, जिसमें हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को 'पूरी तरह झूठा' और 'भारत पर सोचा-समझा हमला' बताया। अडानी ग्रुप ने ये भी कहा कि वह हमेशा ही 'सभी तरह के कायदे-कानूनों का पालन करती है।' शुरू में ऐसा लगा कि समूह के इस जवाब से 20,000 करोड़ रुपए का एफपीओ लेकर शेयर बाजार में उतरी अडानी इंटरप्राइजेज पर मँडरा रहे संकट के बादल छंट जाएँगे, लेकिन शेयर पर तो हिंडनबर्ग का असर हो चुका था। पिटाई के बाद अडानी इंटरप्राइजेज का शेयर एफपीओ के इश्यू प्राइस से नीचे चला गया। जाहिर है अब इसमें रिटेल निवेशकों को मुनाफा नहीं दिख रहा था और उन्होंने एफपीओ में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसे गौतम अडानी का असर या उनकी साख ही माना जाएगा कि कंपनी अबू धाबी के एक बड़े फंड के अलावा कुछ बड़े निवेशकों, देसी-विदेशी बैंक और बीमा कंपनियों को 'इन विपरीत हालात' में भी एफपीओ के शेयर बेचने में कामयाब रही। 30 जनवरी को जहाँ एफपीओ सिर्फ.3 फीसदी ही




सब्सक्राइब हुआ था, वहीं अपने आखिरी दिन यानी 31 जनवरी को ये 100 फीसदी से भी अधिक सब्सक्राइब हो गया। लेकिन कहानी में अभी ट्विस्ट आना बाकी था। बुधवार को इधर लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट भाषण पढ़ रही थी और उनकी घोषणाओं पर बाजार भी हरे रंग से सराबोर था, लेकिन तभी ब्लूमबर्ग ने बताया कि यूरोप के एक नामी बैंक और वित्तीय संस्था क्रेडिट सुइस ने अडानी ग्रुप की कुछ कंपनियों के बॉन्ड्स की लैंडिंग वैल्यू जीरो कर दी है। बस इसके बाद अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जो दौर शुरू हुआ वो तभी थमा, जब बाजार में दिन का कारोबार खत्म हुआ।

## एफपीओ रद्द करने की दलील

कंपनी ने एक बयान जारी कर कहा, आज (बुधवार को) स्टॉक मार्केट में कंपनी के शेयरों में गिरावट देखी गई। इस तरह की अभूतपूर्व स्थिति को देखते हुए बोर्ड ने ये तय किया है कि इस एफपीओ के साथ आगे बढ़ना नैतिक तौर पर गलत होगा। निवेशकों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है, उन्हें हम किसी तरह के संभावित नुकसान से बचाना चाहेंगे। ऐसे में बोर्ड ने इस एफपीओ के साथ आगे न बढ़ने का फैसला किया है। कंपनी ने कहा कि एक बार बाजार में ठहराव आ जाए उसके बाद कंपनी अपनी कैपिटल मार्केट स्ट्रैटेजी पर फिर से विचार करेगी। क्या होता है एफपीओ और क्यों लाती हैं कंपनियां? एफपीओ यानी फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर-जो कंपनी पहले से ही शेयर बाजार में लिस्टेड है, वो मौजूदा शेयरधारकों और दूसरे निवेशकों के लिए नए शेयरों की पेशकश करती है। ये शेयर बाजार में मौजूद शेयरों से अलग होते हैं। ज्यादातर मामलों में इन्हें कंपनी के प्रमोटर्स ही जारी करते हैं। यानी आईपीओ की प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही कोई कंपनी एफपीओ लाती है। एफपीओ के जरिए शेयर बेचने का मकसद कंपनी की विस्तार योजनाओं के लिए रकम जुटाना या कर्ज.चुकाना होता है।

## अडानी इंटरप्राइजेज ने क्या कहा ?

स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी और प्रेस विज्ञप्ति में कंपनी ने कहा, असाधारण हालात और मार्केट में मौजूदा उतार-चढ़ाव को देखते हुए कंपनी अपने निवेशकों के हित सुरक्षित करना चाहती है। एफपीओ भले ही पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया है, लेकिन अपने शेयरधारकों के हित में कंपनी इसे रद्द कर रही है। एफपीओ से मिली रकम को हम वापस करने जा रहे हैं। इस घोषणा के बाद एक बार फिर कयास लगाए जाने लगे कि अडानी समूह में शायद सब कुछ ठीक नहीं है। अडानी की एफपीओ रद्द करने की घोषणा को कई लोग ब्लूमबर्ग पर आई उस रिपोर्ट के साथ जोड़कर देखने लगे, जिसमें कहा गया था कि स्विट्जरलैंड स्थित एक बैंक ने अडानी की कुछ कंपनियों के बॉन्ड्स की लैंडिंग वैल्यू जीरो कर दी है।

## क्या होता है लैंडिंग वैल्यू जीरो होने का मतलब ?



दरअसल, कई बड़ी कंपनियाँ बाजार से पैसा उगाहने के लिए बॉन्ड्स जारी करती हैं, जिसमें वे निवेशकों को एक निश्चित रिटर्न की गारंटी देती हैं। कई निजी बैंक किसी कंपनी के इन बॉन्ड्स के बदले अपने ग्राहकों को उधार देते हैं। बाजार विश्लेषक आसिफ इकबाल बताते हैं, कई बैंक अपने ग्राहकों को ये पेशकश करते हैं कि अगर उनके पास किसी कंपनी के बॉन्ड्स हैं तो गिरवी रखने के एवज में वह उन्हें उधार दे सकती है। ये उधारी बॉन्ड्स की रकम का 70 से 80 फीसदी तक हो सकती है। जाहिर है इसके लिए बैंक उस कंपनी के वैल्युएशन और बैलेंसशीट को बारीकी से जाँचता है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक अब क्रेडिट सुइस ने कहा है कि वह अपने ग्राहकों को अडानी समूह की कुछ कंपनियों के बॉन्ड्स गिरवी रखने पर कर्ज नहीं देगा, यानी क्रेडिट सुइस ने बॉन्ड्स की लेंडिंग वैल्यू जीरो कर दी है। इसका मतलब ये है कि जिन ग्राहकों ने पहले गिरवी बॉन्ड्स पर कर्ज.लिया था, उन्हें कर्ज.जारी रखने के लिए दूसरे कोलैटरल देने होंगे। अगर वो ऐसा करने में विफल रहते हैं तो बैंक उनके बॉन्ड्स बेचकर इसकी भरपाई कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक क्रेडिट सुइस ने अडानी समूह की अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनोमिक जोन, अडानी ग्रीन एनर्जी और अडानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड के बॉन्ड्स की लैंडिंग वैल्यू जीरो की है। हांलाकि कई दूसरे विदेशी बैंक भी अडानी समूह की कंपनियों के बॉन्ड्स की एवज में अपने ग्राहकों को कर्ज.देते आए हैं। अभी तक उनके रुख में किसी बदलाव की कोई रिपोर्ट नहीं आई है।

## आगे क्या हैं मुश्किलें?

ये सही है कि अडानी समूह कई ऐसे प्रोजेक्ट्स की मालिक है जो बेशकीमती हैं। वो भारत के कई बड़े बंदरगाहों का संचालन करते हैं, भारत ही नहीं, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और इसराइल में भी कई पोर्ट्स चलाने के ज़िम्मेदारी उन पर है। सीमेंट, बिजली ट्रांसमिशन, हवाई अड्डे और अनाज के गोदामों के मामले में भी अडानी का अच्छा-खासा दबदबा है। अडानी समूह के सामने सबसे बड़ी चुनौती निवेशकों का भरोसा बनाए रखने की है। विदेशी निवेशक भी किसी तरह का जोखिम उठाने के मूड में नहीं हैं। भारतीय शेयर बाजारों का पिछला हफ़्ता अन्य उभरते बाजारों के मुकाबले नुकसान वाला रहा। एनएसई पर मौजूद आंकड़ों के मुताबिक सिर्फ.दो कारोबारी सत्रों 27 जनवरी और 30 जनवरी को ही वैश्विक फंड्स ने 12 हजार करोड़ रुपए के शेयरों की बिकवाली की है। एयूएम कैपिटल के रिसर्च प्रमुख राजेश अग्रवाल कहते हैं, अडानी समूह को लेकर अभी चौतरफा नकारात्मक खबरें आ रही हैं, ऐसे में समूह के लिए सबसे बड़ी चुनौती निवेशकों की घबराहट को दूर करना होगा। एफपीओ रद्द होना और एक के बाद एक खबरें कंपनी के खिलाफ आना। क्या इससे अडानी समूह के भविष्य में निवेश पर असर पड़ेगा? इंफ्राविजन फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी विनायक चटर्जी कहते हैं, मुझे नहीं लगता कि इससे कंपनी की साख या उसकी भविष्य की निवेश योजनाओं पर असर पड़ेगा। इंफ्रा एक्सपर्ट होने के नाते में लंबे समय से इस समूह को देख रहा हूँ। मैंने पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स, सीमेंट और अक्षय ऊर्जा से जुड़े उनके कई प्रोजेक्ट्स देखे हैं जो मजबूत, स्थायी और अच्छा पैसा दे रहे हैं। उन पर शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव का कोई असर नहीं है। विनायक कहते हैं, जो कंपनियां अडानी के प्रोजेक्ट्स में निवेश कर रही हैं, वो अपने सेक्टर की एक्सपर्ट हैं। उन्हें अच्छी तरह से पता है कि अडानी समूह किस सेक्टर में कैसा काम कर रहा है। अडानी समूह को लेकर उठे सवालों के बीच शेयर बाजार की नियामक संस्था सेबी को लेकर भी सवाल पूछे जा रहे हैं। कुछ एक्सपर्ट का कहना है कि जब किसी कंपनी या समूह पर इतने आरोप लग रहे हैं तो सेबी जाँच तो शुरू कर ही सकती है। स्वतंत्र रिसर्च एनालिस्ट हेमिन्द्र हजारी कहते हैं, मैं हैरान हूं कि अभी तक सेबी या सरकार ने इस बारे में कुछ नहीं कहा है। निवेशकों की घबराहट दूर करने के लिए उन्हें बोलना चाहिए। जब शेयर बाजार आपके खिलाफ होता है तो निवेश संस्थाएँ बेहद सावधानी बरतने लगती हैं और अपना निवेश बढ़ाने से बचती हैं।

## नेताओं के फायदे के लिए किया एलआईसी के पैसे का इस्तेमाल

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भाजपा अपने कुछ नेताओं को फायदा पहुंचाने के लिए जीवन बीमा निगम और राष्ट्रीयकृत बैंकों में जमा लोगों के पैसे का इस्तेमाल कर रही है। पूर्व वर्धमान जिले में एक कार्यक्रम के दौरान तृणमूल कांग्रेस पार्टी की प्रमुख ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर आम बजट को लेकर निशाना साधा और कहा कि बुधवार को बजट पेश किए जाने के बाद शेयर बाजार में भारी गिरावट आई। बनर्जी ने कहा कि केंद्रीय बजट पेश किए जाने के बाद शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई...कुछ लोगों को फोन करके उनसे कई हजार करोड़ रुपए (बाजार में) लगाने को कहा गया। केंद्रीय बजट को झूठों से भरा करार देते हुए बनर्जी ने कहा कि 2024 में होने जा रहे आम चुनाव के मद्देनजर केंद्र बडे-बड़े दावे कर रहा है।

### ममता का भाजपा पर बड़ा आरोप



## उमा भारती ने मुधशाला में खोली गोशाला

### शुरू की शराब छोड़ो दूध पियो' की मुहिम, लगाएंगी गऊ अदालत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में चुनावी साल में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने अब अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नई शराब नीति को लेकर अब सरकार के लिए परेशानी खड़ी कर रही उमा भारती ने अब सड़क पर आंदोलन शुरू कर दिया है। भोपाल में शराब की दुकान सामने मंदिर में धरना देने वाली उमा भारती ने अब रामराजा की नगरी ओरछा में शराब की दुकान के आगे गाय बांध कर नए तरह की लड़ाई छेड़ दी है। दअसल उमा भारती अपनी शराब विरोधी मुहिम की तरह ओरछा पहुंची थी और उन्होंने विवेकानंद तिराहे पर चल रही एक शराब की दुकान के सामने गाय को बांध दिया। इतना ही नहीं उमा भारती ने ट्वीट कर लिखा कि 'शराब वितरण पर नियंत्रण सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन गौ-पालन, गौ-संरक्षण और गौ-संवर्धन यह पूर्णतया समाज की जिम्मेदारी है। आज भगवान राम राजा सरकार के दरबार में शराब की दुकान के सामने गाय खड़ी कर-के यही मेरी अपील है।'

इतना ही नहीं उमा भारती ने आगे लिखा कि 'हमारी पहली गऊ अदालत मऊरानीपुर के पास स्थित केदारेश्वर महादेव के पास 10 से 15 फरवरी के बीच में लगेगी, जिसमें हमारा किसानों और समस्त समाज से निवेदन होगा कि 'शराब छोड़ो दूध पियो' गऊ का पालन करो, गौशालाओं से गाय को नहीं बचाया जा सकता क्योंकि करोड़ों की संख्या में गाय बेसहारा हो गई हैं।' सरकार के लिए वोट मांगा,फांसी पर लटकाओ-ओरछा पहुंची उमा भारती ने सरकार के खिलाफ अक्रामक रूख अखित्यार करते हुए कहा कि रामराजा सरकार की नगरी ओरछा से शराब का क्या राजस्व वसूलना। नशा लोगों की आदत है व शराब लोगों की लत है और सरकार इसका उपयोग कर लेती है। लोगों की लत का उपयोग कर पैसे बनाना सरकार का धर्म नहीं है। सरकार का धर्म है कि लोगों की लत को खत्म करे। उन्होंने कहा कि इसमें मूल दोषी कौन है यह बात तो यहां आएगी। इसमें मूल दोषी वह है जो राम का नाम लेते हैं। मैं हूं मूल दोषी मुझे फांसी पर लटकाओ, उमा भारती बोली मैंने सरकार के लिए वोट मांगे थे। शराब ठेकेदारों की फ्रिक न करें सरकार-वहीं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने शराब नीति को लेकर शिवराज सरकार को घेरते हुए कहा कि शराब की नीति, लोग शराब ना पिए इसके लिए होती है। शराब की नीति बनाने का काम जनप्रतिनिधियों का है क्योंकि यह एक सामाजिक जनहित का विषय है। इस पर अधिकारी या शराब के ठेकेदार बिल्कुल दखल नहीं दे सकते। महिलाओं की सुरक्षा, मध्य प्रदेश के नौजवानों का भविष्य ध्यान में रखकर नीति भाजपा को एवं सरकार को बनाना चाहिए तथा उसको लागू करने का तरीका अधिकारियों को निकालना चाहिए। उमा भारती ने आगे कहा कि हम जनप्रतिनिधि हैं एवं सरकारी अधिकारी जनसेवक हैं। हमें शराब के ठेकेदारों के भविष्य की फिक्र नहीं करनी है बल्कि नौजवानों का भविष्य एवं महिलाओं की सुरक्षा तथा सभी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर नीति हम बनाएं, लागू करने का रास्ता अधिकारी निकालें।उमा के सवाल पर शिवराज ने साधी चुप्पी-चुनाव साल में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के लगातार सरकार के खिलाफ अक्रामक रूख अखित्यार करने पर को लेकर जब आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मीडिया ने सवाल किया तो मुख्यमंत्री पूरी तरह चुप्पी साध लिया। मीडिया के कई सवालों पर भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कुछ नहीं बोले।






## छूते ही हो जाता धमाका

### घाटी में पहली बार परफ्यूम आईईडी बरामद

### गिरफ्तार आतंकी ने किए कई खुलासे

जम्मू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक आतंकी को गिरफ्तार किया है। आरिफ नाम के इस आतंकी ने 21 जनवरी को 2 धमाकों को अंजाम दिया था। इसके पास से परफ्यूम आईईडी भी बरामद किया गया है। आरिफ पाकिस्तान में बैठे लश्कर ए तैयबा के हैंडलर के संपर्क में बना हुआ था। पूछताछ में इसने कई खुलासे किए हैं। जम्मू कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह के मुताबिक 20 जनवरी को दो आईईडी प्लांट किए हए थे। अगले दिन दो धमाके किए गए। इन हमलों में 9 लोग घायल हुए थे। इस मामले में आरिफ नाम का आतंकी गिरफ्तार किया गया है। रियासी का रहने वाला आरिफ सरकारी टीचर है। इसके पास से परफ्यूम बम बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरिफ पिछले तीन साल से पाकिस्तान में बैठे लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों से संपर्क में था।

डीजीपी दिलबाग सिंह ने बताया कि आतंकी आरिफ को दिसंबर में 3 आईईडी मिले थे। इनमें से 2 आईईडी का इस्तेमाल नरवाल इलाके में हुए धमाकों में किया गया था। यह लगातार पाकिस्तानी आतंकियों के संपर्क में था। जांच में खुलासा हुआ है कि धमाकों को अंजाम देने के लिए प्लानिंग पिछले काफी समय से की जा रही थी।



## वैष्णो देवी जा रही बस में भी किया था धमाका

पूछताछ में आरिफ ने बताया कि मई 2022 में कटरा जा रही बस में बम धमाका हुआ था। इस धमाके में चार लोगों की मौत हो गई थी वहीं 22 लोग घायल हो गए थे। आरिफ ने माना है कि इस बस में उसने आईईडी लगाया था।

## क्या होता है परफ्यूम आईईडी

पुलिस के मुताबिक पहली बार परफ्यूम आईईडी बरामद किया गया है। इसमें परफ्यूम की बोतल में आईईडी (विस्फोटक) भर दिया जाता है। इसे धमाके वाले स्थान पर रखा जाता है। जैसे ही कोई इस बोतल को हाथ लगाता या इसे दबाने की कोशिश करता हो यह फट जाता। इसे धमाके काफी खतरनाक होते हैं। यह धमाके किसी व्यक्ति के आईईडी से संपर्क में आने के बाद होते हैं इसलिए इनके जानमाल का नुकसान अधिक होता है।